हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 08



आयरलैंड के खिलाफ टी20 में मिल सकती है वैभव...

www.naisochlive.com | पटना, बुधवार, 15 अप्रैल 2026, वर्ष- 09, अंक- 51, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

## सड़क, रेलवे, अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर देश की 'भाग्य रेखाएं' होती हैं: मोदी मोदी

### प्रधानमंत्री ने दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारे का उद्घाटन किया

**एजेंसी। देहरादून**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बहुप्रतीक्षित दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारे का उद्घाटन करते हुए कहा कि सड़क, रेलवे और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर देश की 'भाग्य रेखाएं' होती हैं और बीते एक दशक में भारत इनका व्यापक निर्माण कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना उत्तराखंड के विकास को नई गति देने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के कई शहरों के लिए भी लाभकारी साबित होगी। प्रधानमंत्री ने देहरादून में उद्घघाटन समारोह में कहा कि उत्तराखंड अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर 26वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और इस अवसर पर दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन राज्य की प्रगति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने अपने पूर्व कथन को दोहराते हुए कहा कि यह दशक उत्तराखंड का दशक होगा और 'डबल इंजन' सरकार की नीतियों तथा राज्य के लोगों के परिश्रम से यह संभव होता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक गलियारा उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, बागपत, बड़ौत,



शामली और सहारनपुर जैसे शहरों से होकर गुजरता है, जिससे इन क्षेत्रों को भी व्यापक लाभ मिलेगा। पर्यटन के दृष्टिकोण से इसे अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, मसूरी और चारधाम यात्रा को नई गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने इंफ्रास्ट्रक्चर को राष्ट्र के भविष्य से जोड़ते हुए कहा कि जैसे लोग हाथ की रेखाओं से भविष्य देखते हैं, वैसे ही किसी राष्ट्र की भाग्य रेखाएं उसकी सड़कें, हाई-वे, रेलवे, एयरवेज और वाटरवेज होती हैं। उन्होंने कहा कि ये केवल वर्तमान की सुविधाएं नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की समृद्धि की गारंटी हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 तक देश में इंफ्रास्ट्रक्चर पर सालाना खर्च 2 लाख करोड़ रुपये से कम था, जो अब बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। उत्तराखंड में ही सवा दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं पर काम जारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले जहां गांवों में सड़कों के लिए पीढ़ियों तक इंतजार करना पड़ता था, वहीं अब सड़कें गांव-गांव तक पहुंच रही हैं और पलायन से खाली हुए गांव फिर से आबाद हो रहे हैं। दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारे के लाभ गिनाते हुए उन्होंने कहा कि इससे यात्रा समय छह घंटे से घटकर लगभग ढाई घंटे रह जाएगा। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि ईंधन की खपत कम होगी और परिवहन लागत भी घटेगी। करीब 12,000 करोड़ रुपये की लागत से बने इस प्रोजेक्ट ने हजारों लोगों को रोजगार भी प्रदान किया है और किसानों की उपज तेजी से बाजारों तक पहुंच सकेगी। प्रधानमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर देते हुए कहा कि देवभूमि की पवित्रता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने पर्यटकों और श्रद्धालुओं से अपील की कि वे प्राकृतिक स्थलों को स्वच्छ रखें और प्लास्टिक तथा कचरे से इन क्षेत्रों को प्रदूषित न करें।

### महिलाएं कई क्षेत्रों में बेहतरीन काम कर रहीं, विधायी संस्थाओं में भी भागीदारी बढ़े

**नई दिल्ली**। पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार देश की महिलाओं के नाम एक पत्र लिखा है। इसमें मोदी ने कहा कि अगर 2029 में लोकसभा और अलग-अलग विधानसभाओं के चुनाव महिलाओं के लिए पूरे आरक्षण के साथ होते हैं, तो भारतीय लोकतंत्र और भी ज्यादा मजबूत और जीवंत हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं कई क्षेत्रों में बेहतरीन काम कर रही हैं, तो यह बिल्कुल सही है कि विधायी संस्थाओं में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़े। भारत की बेटियों से उस चीज के लिए हमेशा इंतजार करने को नहीं कहा जा सकता, जो उनका हक है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक्स पर पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा- "यहां भारत की नारी शक्ति के नाम मेरा पत्र है, जिसमें मैं उस वादे को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता दोहरा रहा हूं, जो दशकों से लंबित था। मैंने अपने साथी नागरिकों के साथ उस संकल्प को जल्द ही साकार करने के विषय पर अपने विचार साझा किए हैं।" जब महिलाएं कई क्षेत्रों में बेहतरीन काम कर रही हैं, तो यह बिल्कुल सही है कि विधायी संस्थाओं में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़े। 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए पूरे आरक्षण के साथ होते हैं, तो लोकतंत्र और भी ज़्यादा मजबूत हो जाएगा। सितंबर 2023 में संसद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास किया गया था, जिसे आम तौर पर महिला आरक्षण अधिनियम के नाम से जाना जाता है। यह विधायी संस्थाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम था। इस अधिनियम में लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करने का प्रावधान किया गया था। मौजूदा कानून के तहत महिलाओं के लिए आरक्षण 2034 से पहले लागू नहीं हो पाता, क्योंकि यह 2027 की जनगणना के बाद परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने से जुड़ा हुआ था।

## सम्राट चौधरी होंगे बिहार के नए मुख्यमंत्री, बीजेपी विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से चुने गए नेता

**नई सोच एक्सप्रेस । पटना**




सम्राट चौधरी को बीजेपी की विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से नेता चुन लिया गया है। इसका सीधा मतलब हुआ कि सम्राट चौधरी बिहार के अगले सीएम होंगे। सम्राट चौधरी के नाम का प्रस्ताव डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने रखा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपने के तुरंत बाद पटना स्थित बीजेपी प्रदेश मुख्यालय में विधायक दल की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुना गया। सम्राट चौधरी के नाम का प्रस्ताव डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने रखा। साथ ही बीजेपी नेता रेणु देवी ने भी अनुमोदन किया। बीजेपी विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सम्राट चौधरी ने कहा कि बीजेपी ने काम करने का मौका दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, गृह मंत्री अमित शाह जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जी को इस बड़ी जिम्मेदारी के लिए सादर प्रणाम करता हूं और बिहार को और आगे ले जाने के लिए काम करूंगा। सम्राट चौधरी ने विधायक दल की बैठक में अपने संबोधन के बाद सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से मुझ पर विश्वास जताते हुए भाजपा बिहार विधानमंडल दल के नेता का दायित्व सौंपने पर हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह मेरे लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि बिहार की जनता की सेवा, उनके विश्वास और सपनों को साकार करने का एक पवित्र अवसर है। मैं पूर्ण निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ जन-जन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प लेता हूं। उन्होंने आगे लिखा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व और राष्ट्रीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन में बिहार को विकास, सुशासन और समृद्धि के नए आयामों तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहूंगा। आप सभी का स्नेह, आशीर्वाद और सहयोग ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति है। जय बिहार, जय भारत।

## संक्षिप्त समाचार

### जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार 48 साल बाद खुले भीतरी कक्ष में गिनती जारी



**पुरी**। ओडिशा के जगन्नाथ मंदिर में स्थित रत्न भंडार को लेकर एक बार फिर रहस्य और जिज्ञासा का माहौल बन गया है। लगभग 48 वर्षों बाद मंदिर के भीतरी रत्न भंडार कक्ष को खोला गया है, जहां रखे बहुमूल्य आभूषणों और खजाने की गिनती का कार्य जारी है। मंदिर से जुड़े पुजारियों और उनके वंशजों का दावा है कि इस रत्न भंडार में सोने, चांदी और हीरे-जवाहरात का विशाल भंडार मौजूद है। साथ ही मंदिर परिसर में कई खुफिया चैम्बर और एक गुप्त सुरंग होने की भी चर्चा लंबे समय से होती रही है। बताया जाता है कि वर्ष 2018 में एक बंद पड़े गुप्त तहखाने तक पहुंचने की कोशिश की गई थी, लेकिन उस समय उसका दरवाजा खोलने के लिए चाबी नहीं मिल सकी। बाद में जुलाई 2024 में उस कक्ष को खोला गया, हालांकि अंदर मौजूद वस्तुओं को लेकर अब भी स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मंदिर के पुजारी बताते हैं, कि प्राचीन काल में विभिन्न राजाओं द्वारा जीते गए धन और आभूषण इसी रत्न भंडार में सुरक्षित रखे जाते थे। इनमें सोने-चांदी के मुकुट, सिंहासन और बहुमूल्य रत्न शामिल हैं। वहीं दूसरी तरफ कहा जाता है, इतिहास में उल्लेख मिलता है कि मंदिर को कई बार लूटने के प्रयास हुए, लेकिन हर बार प्रतिहारियों ने भगवान की मूर्तियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया।

### नोएडा आंदोलन मजदूरों की आखिरी चीख, सरकार ने अनसुना किया : राहुल गांधी

**नई दिल्ली**। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी नोएडा में अपनी मांगों को लेकर आंदोलित श्रमिकों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मजदूर देश की रीढ़ हैं, लेकिन सरकार ने उन्हें बोझ समझ लिया है। कांग्रेस पार्टी मजदूरों के साथ है। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा कि सोमवार को नोएडा की



सड़कों पर जो हुआ, वह इस देश के श्रमिकों की आखिरी चीख थी, जिसकी हर आवाज को अनसुना किया गया और जो मांगते-मांगते थक गया। नोएडा में काम करने वाले मजदूर की 12 हजार रुपये महीने की तनख्वाह में से 4 हजार-7 हजार रुपये किराए में चला जाता है। सालाना 300 रुपये की तनख्वाह बढ़ोतरी मकान मालिक के 500 रुपये किराया बढ़ाने से दब जाती है। महंगाई मजदूरों की जिंदगी का गला घोंट रही है और उन्हें कर्ज में डुबा रही है। उन्होंने कहा कि गैस के दाम बढ़ते हैं, पर तनख्वाह नहीं। मजदूरों को कभी-कभी 5 हजार रुपए तक का सिलेंडर खरीदना पड़ता है। यह सिर्फ नोएडा की बात नहीं है, दुनियाभर में ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं, सप्लाई चेन टूट रही है, लेकिन इसका बोझ उद्योगपतियों पर नहीं पड़ा, सबसे बड़ी मार दिहाड़ी मजदूर पर पड़ी है। राहुल गांधी ने सरकार पर आरोप लगाया कि उसने नवंबर, 2025 से बिना संवाद के चार लेबर कोड लागू कर काम का समय 12 घंटे तक बढ़ा दिया। जो मजदूर रोज़ 12 घंटे खड़े होकर काम करता है और बच्चों की स्कूल फीस कर्ज लेकर भरता है, उसकी मांग गैरवाजिब नहीं है।

## द्रमुक के शासन में सांस्कृतिक राजधानी 'अपराध की राजधानी' में तब्दील हो रही: जेपी नड्डा



**चेन्नई**। केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को यहां कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) एक परिवारवादी पार्टी है जिसके शासन में चेन्नई एक सांस्कृतिक राजधानी से 'अपराध की राजधानी' में तब्दील हो रही है जो पूरे देश के लिए चिंता का विषय है। श्री नड्डा ने तमिलनाडु की राजधानी में पुथांडु (तमिल नववर्ष) और डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के शुभ अवसर पर तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के लिए अपना दृष्टिपत्र 'कमल के वादे 2026' को जारी करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने राज्य की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए सत्तारूढ़ द्रमुक सरकार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा, "हम भारतीयों को तमिलनाडु पर बहुत गर्व है क्योंकि यह दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक का उद्गम स्थल है लेकिन मौजूदा द्रमुक सरकार के शासन में यह सांस्कृतिक राजधानी 'अपराध की राजधानी' में तब्दील हो रही है, जो गंभीर चिंता का विषय है। श्री नड्डा ने कहा कि जब वह वंशवादी परिवार की बात करते हैं तो यह एक परिवार की ओर से संचालित पार्टी है जहां स्टालिन शीर्ष पर हैं, उदयनिधि उत्तराधिकारी हैं, कनिमोझी सहयोगी हैं। उन्होंने सवाल किया कि पार्टी इसी तरह चलती है? यह पारिवारिक शासन है। द्रमुक ने महिलाओं, युवाओं और समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों के विश्वास को धोखा दिया है। घोषणापत्र के शुभारंभ के दौरान पुथांडु के अवसर पर बधाई देते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस शुभ अवसर पर तमिलनाडु में अपने भाई-बहनों के साथ रहना उनके लिए अत्यंत प्रसन्नता का विषय है।

## नीतीश कुमार का बिहार की जनता के नाम भावुक संदेश

**नई सोच एक्सप्रेस। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद नीतीश कुमार ने बिहार की जनता के नाम भावनात्मक पोस्ट शेयर किया है। आप जानते हैं कि 24 नवंबर, 2005 को राज्य में पहली बार एन०डी०ए० सरकार बनी थी। तब से राज्य में कानून का राज है और हम लगातार विकास के काम में लगे हुए हैं। सरकार ने शुरू से ही सभी तबकों का विकास किया है चाहे हिंदू हो, मुस्लिम हो, अपर कास्ट हो, पिछड़ा हो, अति पिछड़ा हो, दलित हो, महादलित हो- सभी के लिए काम किया गया है। हर क्षेत्र में काम हुआ है चाहे शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, सड़क हो, बिजली हो, कृषि हो। महिलाओं एवं युवाओं के



लिए भी बहुत काम किया गया है। इन दिनों काम को और आगे बढ़ाया गया है। अगले पाँच वर्षों यानि 2025 से 2030 के लिए 7 निश्चय-3 का गठन किया गया है। इससे और ज्यादा काम होगा जिससे बिहार काफी आगे बढ़ेगा। बिहार के विकास में केन्द्र का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का नमन करते हैं।

बिहार और तेजी से विकसित होगा और देश के टॉप राज्यों में शामिल हो जाएगा तथा देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। हमने बिहार के लोगों के लिए बहुत काम किया है। इतने दिनों से हमने लगातार लोगों की सेवा की है। हमने तय किया था कि अब मुख्यमंत्री का पद छोड़ देंगे और इसलिए आज मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राज्यपाल से मिलकर उन्हें इस्तीफा सौंप दिया। अब नई सरकार यहाँ का काम देखेगी। नई सरकार को मेरा पूरा सहयोग एवं मार्गदर्शन रहेगा। आगे भी बहुत अच्छा काम होगा तथा बिहार बहुत आगे बढ़ेगा। सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ तथा शुभकामनाएं देता हूँ।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम से लोकतंत्र में महिलाओं का बढ़ेगा योगदान: रक्षा खडसे

**नई दिल्ली**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक बताते हुए इसके समर्थन की अपील की है। पार्टी ने कहा है कि इस अधिनियम को लागू करने के लिए 16 अप्रैल से लोकसभा और राज्यसभा का तीन दिवसीय विशेष सत्र बुलाया गया है। भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को पत्रकार वार्ता में केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि यह अधिनियम देश की नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए है। संसद और विधानमंडल में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा, जिससे निर्णय प्रक्रिया में उनका योगदान बढ़ेगा। पंचायतों और नगर निकायों में पहले से ही लगभग 50 प्रतिशत आरक्षण है और वहां महिलाएं सफलतापूर्वक नेतृत्व कर रही हैं। इसी तरह अब संसद और विधानमंडलों में भी महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी। खडसे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 से ही महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण पर जोर दिया है। उन्होंने लाल किले से महिलाओं के लिए योजनाओं की घोषणा की थी और उसके बाद प्रधानमंत्री आवास योजना में लगभग 72 प्रतिशत घर महिलाओं के नाम पर दिए गए। मुद्रा योजना और 'लखपति दीदी' जैसी पहलें भी महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में सहायक रही हैं।

### राष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष और गृहमंत्री ने नव वर्ष की दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को देशवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति ने एक्स पर कहा, "मैं बैसाखी, विशु, विषुव, बोहाग बिहू, पोइला बैसाख, मेषादी, वैशाखादि और पुथांडु के शुभ अवसर पर भारत और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। ओम बिरला ने कहा कि बैसाखी, बोहाग बिहू, मेषादी पुथांडु (तमिल नव वर्ष), विशु (केरल नव वर्ष), पाना संक्रांति (ओडिया नव वर्ष) और चीराओबा त्योहार 'एक भारत - श्रेष्ठ भारत' की भावना को दर्शाते हैं और हमारी समृद्ध विविधता में एकता के बंधन




को मजबूत करते हैं। ये आनंदमय अवसर हर घर में शांति, समृद्धि और नई आशा लेकर आएं। अमित शाह ने कहा कि प्रभु जगन्नाथ का आशीर्वाद आप सभी को सुख और अच्छे स्वास्थ्य प्रदान करे। नव वर्ष के इस उमंग भरे उत्सव से संस्कृति के साथ हमारा बंधन और गहरा हो, सामाजिक एकता मजबूत हो और सभी को सुख-समृद्धि, समृद्धि और आनंद प्राप्त हो।

## देश के कई राज्यों में 3 से 6 डिग्री बढ़ेगा पारा, हीटवेव का अलर्ट जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अप्रैल का महीना जैसे-जैसे बीत रहा है, वैसे-वैसे तापमान में भी बढ़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 4 से 5 दिनों में उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में अधिकतम तापमान में 3 से 6 डिग्री सेल्सियस हो सकता है। दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत के तापमान में बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। अप्रैल के मध्य में ही कई शहरों का तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया है। उत्तर-पश्चिम भारत में 14 से 18 अप्रैल के बीच तापमान में 4 से 6 डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं दिल्ली-एनसीआर में 17 अप्रैल तक अधिकतम तापमान



41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है आने वाले दिनों में उत्तर भारत के लोगों को चिलचिलाती धूप और बढ़ती गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। पिछले 14 घंटे में देश में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 43.1 डिग्री अकोला (महाराष्ट्र) में दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक पूरे भारत में तापमान लगातार बढ़ रहा है। उत्तरी मैदानों, पश्चिमी क्षेत्रों और मध्य भारत में समय से पहले ही लू जैसी स्थितियां देखने को मिल

**सबसे ज्यादा तापमान 43.1 डिग्री अकोला (महाराष्ट्र) में किया दर्ज**

रही हैं। 14,15,16 अप्रैल को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार, झारखंड, गुजरात, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। भीषण गर्मी और हीटवेव से बचने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने आउटडोर श्रमिकों, विशेषकर निर्माण और अन्य असंगठित क्षेत्रों के लिए एक विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है। इस एसपीओ के तहत ऑरेंज और रेड अलर्ट के दौरान दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक काम बंद रखने, काम के घंटे सुबह-शाम करने के निर्देश दिए हैं।

## होर्मुज की नाकाबंदी का असर, ईरान का रुख पड़ा नरम अमेरिका भी पसीजा, परसों शुरू हो सकती है बातचीत

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिकी नौसेना की होर्मुज जलडमरूमध्य समेत ईरान के सभी बंदरगाहों की नाकाबंदी का असर दिखने लगा है। अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष विराम के इस्लामाबाद में हुई शांति वार्ता के विफल होने पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कड़ा फैसला लिया। उन्होंने ईरान के सभी बंदरगाहों पर नाकाबंदी का ऐलान कर धमकी दी कि अगर इस क्षेत्र में कोई भी ईरानी जहाज पास आया तो उसे समुद्र में डुबो दिया जाएगा। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, जिद पर अड़े ईरान का रुख नरम पड़ा है। इससे ट्रंप भी खुश हैं। अब दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों के बीच परसों (गुरुवार) बातचीत हो सकती है। अल जजीरा और फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने कहा कि ईरान ने बातचीत



करने की उत्सुकता जताई है। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी कहा कि गेंद ईरान के पाले में है। अब निश्चिततौर पर को बड़ा समझौता हो सकता है। इस्लामाबाद में अमेरिका ने ईरान को 20 साल के लिए यूरेनियम संवर्धन पर रोक लगाने का प्रस्ताव दिया था। इसके जवाब में सोमवार को ईरान ने एक जवाबी प्रस्ताव दिया। इसमें उसने कहा कि 20 साल नहीं, बल्कि पांच साल का प्रस्ताव वह मानने को तैयार है। अमेरिकी नाकाबंदी अगर जारी रही तो हालात बिगड़ सकते हैं। इसलिए मध्यस्थ देशों ने फिर कोशिश शुरू कर दी है। मध्यस्थ देशों में से एक के राजनयिक ने कहा कि संघर्ष विराम के दौरान देनों देशों के बीच बातचीत गुरुवार को फिर शुरू हो सकती है। इस मामले से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि बातचीत का मकसद 21 अप्रैल को संघर्ष विराम खत्म होने से पहले सुलह कराना है।

### मिडिल ईस्ट मुद्दे पर जयशंकर और इजरायली विदेश मंत्री ने की फोन पर चर्चा

**नई दिल्ली**। मिडिल ईस्ट मुद्दे पर दिल्ली से खबर आ रही हैं कि भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इजरायल के विदेश मंत्री से फोन पर चर्चा की है। जयशंकर ने बताया कि मंगलवार दोपहर में इजरायल के विदेश मंत्री से फोन पर बात हुई, जिसमें पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को लेकर कई पहलुओं पर बात हुई। इजरायली विदेश मंत्री गिदोन साआर



ने जयशंकर से लेबनान और ईरान के अलावा हार्मुज में चल रही टेंशन को लेकर विस्तार से चर्चा की। इतना ही नहीं उन्होंने इस्लामाबाद वार्ता में अमेरिका की शर्तों की भी हिमायत की और उन्हें जरूरी बताया। वहीं साआर की ओर से बताया गया, मेरे मित्र, भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर के साथ हमेशा की तरह एक अच्छी बातचीत हुई। हम दोनों ने ईरान, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज और लेबनान पर चर्चा की। 'मैंने कहा कि वार्ता में अमेरिका का सख्त रुख, ऐसी शर्तों पर जो ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकें (ईरान में किसी भी तरह का संवर्धन नहीं, और समृद्ध सामग्री को ईरान से हटाना) पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

### श्रीराम जन्मभूमि परिसर के सभी 18 मंदिरों के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खुले

**अयोध्या**। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर के सभी 18 मंदिरों के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। अब भक्त रामलला के साथ-साथ परिसर में स्थित अन्य मंदिरों के भी दर्शन का सौभाग्य पा सकते हैं। दर्शन का समय सुबह 7:00 बजे से रात 9:00 बजे तक रहेगा। इसके साथ दोपहर 12-1 बजे के बीच बंद रहेगा। इस फैसले के बाद भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है और सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मंदिर परिसर में रामलला और राम परिवार सहित कुल 18 मंदिरों का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अब पूरे परिसर को श्रद्धालुओं के लिए खोला गया है। पहले जहां सीमित स्थानों पर ही दर्शन की सुविधा थी, अब भक्त पूरे परिसर में स्थापित सभी मंदिरों के दर्शन कर सकते है। यह व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए बड़ा आध्यात्मिक अनुभव साबित हो रही है। राम मंदिर प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था को सुचारु और सुरक्षित बनाने के लिए पास प्रणाली लागू की है। इसके तहत सीमित संख्या में ही श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जा रहा है। हर दो घंटे के स्लॉट में करीब 1500 श्रद्धालुओं को दर्शन की अनुमति मिल रही है।

हर खबर पर पैनी नजर
# नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### रालोजपा ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पार्टी कार्यालय में मनाई

**पटना।** शुक्रवार को संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेदकर जी की 135वीं जयन्ती प्रदेश कार्यालय विधायक कॉलोनी, कौटिल्य नगर, पटना में धुमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व सांसद, चंदन सिंह ने बाबा साहेब के तैल्य चित्र पर श्रद्वासुमन अर्पित कर एवं दीप प्रज्वल्लित करने के उपरान्त अपने संदेश में कहा कि बाबा साहेब की अदुत्य प्रतिभा अनुकरणीय है। बाबा साहेब के प्रयासों का परिणाम है कि देश में आज दलित एवं वंचित समुदाय के लोग मुख्य धारा से जुडे है, बाबा साहेब ने न केवल भारत में बल्कि पुरी दुनिया में सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज बुलंद की थी। श्री चंदन ने कहा राष्ट्रीय लोजपा के संस्थापक श्री रामविलास पासवान जी के प्रयास से बाबा साहेब को 1990 में भारत रत्न मिला। बाबा साहेब अपने पूरे जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करते रहे। दलित सेना के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम कुमार दाहा ने भी बाबा साहेब के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर कहा कि बाबा साहेब एक बडे विद्वान अर्थशास्त्री, राजनेता और समाज सुधारक थे उन्होने देश में दलित समुदाय के अधिकारो के लिए लम्बी लडाई लडी। बाबा साहेब महिलाओं के अधिकारों और मजदूरों के अधिकारों के प्रबल पक्षधर थे। बाबा साहेब का देश के प्रति योगदान और सेवा के भाव को कभी भुलाया नहीं जा सकता । उनका जीवन एवं संघर्ष सदा हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। आने वाले दिनो में राष्ट्रीय लोजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रिंस राज एवं प्रदेश अध्यक्ष चंदन सिंह के नेतृत्व में बेतिया से पूरे बिहार की यात्रा की जाएगी जिसमें बाबा साहेब के विचारो एवं सिद्धांतों को घर-घर तक पहुंचाने का काम किया जायेगा। प्रदेश मुख्य प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रंवशीं ने बताया कि इस कार्यक्रम में युवा प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र यादव, प्रवक्ता चंदन कुमार, पूर्व प्रत्याशी कामेश्वर यादव, भूपेश सिंह, जयप्रकाश श्रीवास्तव, शिवनाथ पासवान, सुनील पासवान, राम एकबाल सिंह, कार्यालय प्रभारी राधाकान्त पासवान, चंदन गांधी, मुकेश पासवान, बब्लू पासवान, राज नारायण पासवान, नेपाली सिंह एवं पप्पू पासवान आदि ने अपने-अपने बाबा साहेब के प्रति अपने विचार रखें।

### नीतीश कुमार का 21 वर्षो का सुशासन, शोषितों वंचितों के कल्याण को समर्पित : जदयू

**पटना।**जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम, प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पिछले दो दशकों का कार्यकाल आधुनिक बिहार के इतिहास में स्वर्णिम युग के रूप में दर्ज किया जाएगा। वर्ष 2005 में सत्ता संभालने के बाद मुख्यमंत्री ने एक ऐसे बिहार की नींव रखी, जो समावेशी विकास और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर आधारित है। उनके नेतृत्व में बिहार ने न केवल बदहाल कानून-व्यवस्था के दौर को पीछे छोड़ा, बल्कि सुशासन के माध्यम से प्रदेश में भयमुक्त वातावरण स्थापित कर विकास की नई इबारत लिखी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समाज के उन वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया है, जो सदियों से उपेक्षित थे। महिलाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में बिहार ने पूरे देश को राह दिखाई है। सरकारी नौकरियों में महिलाओं को आरक्षण देने के साहसिक फैसले और पुलिस बल में उनकी बड़े पैमाने पर बहाली ने राज्य के प्रशासनिक और सुरक्षा ढांचे में महिलाओं की भागीदारी को अभूतपूर्व मजबूती प्रदान की है। साल 2013 में पुलिस बलों में महिलाओं के दिए गए उनकी सरकार के 35 फीसदी आरक्षण की मदद से आज बिहार में महिला पुलिस बलों की संख्या देश भर में सबसे ज्यादा है। इसके साथ ही, जीविका के माध्यम से लाखों महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर और उद्यमी बनाया गया है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की पूरी तस्वीर ही बदल गई है। उनकी ही कोशिशों के चलते आज बिहार में करोड़ों जीविका दीदियां आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बनकर अपना सुनहरा भविष्य लिख रही हैं। सड़कों और पुलों के निर्माण ने राज्य की कनेक्टिविटी को वैश्विक मानकों के अनुरूप खड़ा किया है। आज का बिहार बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ आधारभूत ढांचे के मामले में देश के अग्रणी राज्यों को टक्कर दे रहा है। यह 21 वर्षों की अटूट तपस्या का फल है कि आज बिहार की पहचान एक प्रगतिशील और सशक्त प्रदेश के रूप में होती है।

### उच्च जाति आयोग के अध्यक्ष ने दी सम्राट चौधरी को बधाई

**पटना।** उच्च जाति आयोग के अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री डॉ. महाचन्द्र प्रसाद सिंह ने सम्राट चौधरी को एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। डॉ सिंह ने इसे एक ऐतिहासिक और निर्णायक क्षण बताते हुए कहा कि आजादी के बाद पहली बार बिहार में भारतीय जनता पार्टी का मुख्यमंत्री बनने जा रहा है। यह वर्षों के संघर्ष, तपस्या, समर्पण और विचारधारा की जीत है—एक ऐसा मुकाम, जो अनवरत परिश्रम और जनता के अटूट विश्वास से हासिल हुआ है। डॉ. सिंह ने कहा कि यह सम्मान सम्राट चौधरी के प्रभावशाली नेतृत्व, दीर्घ राजनीतिक अनुभव, संघर्षशील व्यक्तित्व तथा संगठन के प्रति उनकी अटूट निष्ठा का प्रतिफल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में बिहार की राजनीति में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और राज्य विकास की नई ऊंचाई को छुएगा ।उन्होंने आगे आशा जताई कि सम्राट चौधरी के मार्गदर्शन में प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता एवं जनकल्याण के क्षेत्र में प्रभावी कार्य किए जाएंगे, जिससे आमजन को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

### सम्राट चौधरी एक ऊजार्वान, अनुभवी एवं दूरदर्शी नेता : संतोष सुमन

**पटना।** हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन ने सम्राट चौधरी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विधानमंडल दल का नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। डॉ. सुमन ने कहा कि सम्राट चौधरी एक ऊजार्वान, अनुभवी एवं दूरदर्शी नेता हैं, जिनके साथ हमलोगों ने लंबे समय तक मिलकर कार्य किया है। हम पार्टी के गठन के समय से ही उनका सहयोग, समर्थन एवं मार्गदर्शन हमें निरंतर प्राप्त होता रहा है, जो हमारे संगठन के सशक्त निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में एनडीए और अधिक सशक्त होगा तथा बिहार में सुशासन, स्थिरता और विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर डॉ. सुमन ने नीतीश कुमार के प्रति विशेष सम्मान प्रकट करते हुए कहा कि उनका कार्यकाल बिहार के विकास, सुशासन और सामाजिक परिवर्तन का एक स्वर्णिम अध्याय रहा है। उन्होंने अपने दूरदर्शी नेतृत्व, संवेदनशील सोच और अटूट प्रतिबद्धता से राज्य को नई पहचान दी है। डॉ. सुमन ने भावुक शब्दों में कहा कि मुख्यमंत्री पद से उनका इस्तीफा निस्संदेह एक युगांतकारी क्षण है, लेकिन उनका अनुभव, मार्गदर्शन और आशीर्वाद हम सबके लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। उन्होंने कहा कि हम सभी आगे भी उनके मार्गदर्शन में कार्य करते रहेंगे और उनके दिखाए रास्ते पर चलकर बिहार के विकास को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने पुनः आश्वस्त किया कि हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) पूरी प्रतिबद्धता के साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ खड़ी है और सम्राट चौधरी के नेतृत्व में मिलकर राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

## नीतीश कुमार ने अपने कैबिनेट की आखिरी बैठक के बाद दिया इस्तीफा

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**मुख्यमंत्री के तौर पर नीतीश कुमार ने आज अपनी आख़िरी कैबिनेट की बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक कई मायनों में खास रही, जहां महत्वपूर्ण फैसलों के साथ-साथ एक लंबे राजनीतिक कार्यकाल की झलक भी देखने को मिली। वर्षों तक बिहार के विकास, सुशासन और बुनियादी ढांचे को नई दिशा देने वाले नेतृत्व की यह बैठक एक यादगार ,एवं भावुक पल बन गई। कैबिनेट के साथ यह अंतिम दौर, राज्य की राजनीति में एक नए अध्याय की ओर इशारा करता है। सीएम नीतीश कुमार ने इस्तीफे से पहले कैबिनेट की आखिरी बैठक बुलाई थी। यह बैठक काफी भावुक रही। सीएम नीतीश के चेहरे पर उत्साह था और निश्चिंतता का भाव भी। वे काफी सहज नजर आ रहे थे। लेकिन कैबिनेट के पोर्टिको में उन्होंने जो कहा, वह सबकी आंखों को नम कर गया। तमाम मंत्री और अधिकारी को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा '2005 में मैं सरकार में आया। बिहार में काफी काम हुआ है, आगे भी होगा। आप लोग नई सरकार में मिल-जुलकर अच्छे से काम करिए। जहां तक मुझसे हो सका, मैंने किया। नई सरकार को मेरा मार्गदर्शन मिलता रहेगा।' बैठक के दौरान मंत्रिमंडल के सदस्यों ने पिछले 20 वर्षों तक राज्य की सत्ता संभालने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद दिया। इसके बाद सम्राट चौधरी और विजय चौधरी के साथ नीतीश कुमार एक ही गाड़ी में राजभवन पहुँचे। राज्यपाल से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने औपचारिक रूप से अपना इस्तीफा सौंपा। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने नई सरकार के गठन तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री बने रहने की जिम्मेदारी संभालने पर सहमति जताई है। इस्तीफे के बाद राजनीतिक दलों के बीच हलचल बढ़ गई है और संभावित गठबंधन को लेकर बैठकों का दौर जारी है। सत्ता के नए समीकरण बनने की संभावना जताई जा रही है, जबकि विपक्ष भी पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

**» नई सरकार के गठन तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री बने रहेंगे**

## भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**भारत रत्न बाबा साहब डॉ० भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर पटना हाई कोर्ट के समीप आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवा निवृत्त) सैयद अता हसनैन एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्व० डॉ० भीमराव अम्बेडकर जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण लेशी सिंह, लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो० जमा खान, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद संजय कुमार झा, विधायक महेश्वर हजारी, विधायक श्याम रजक, विधायक अरूण मांझी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहब डॉ० भीमराव अम्बेडकर जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीतों के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।



## राज्यपाल से मिली माँ वैष्णव देवी सेवा समिति, थैलेसीमिया बच्चों के इलाज व सामूहिक विवाह का दिया निमंत्रण

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**माँ वैष्णव देवी सेवा समिति एवं माँ ब्लड सेंटर के प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के माननीय राज्यपाल सैयद अता हसनैन से लोक भवन में शिष्टाचार भेंट कर संस्था द्वारा किए जा रहे निस्वार्थ सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की। राज्यपाल महोदय ने विशेष रूप से माँ ब्लड सेंटर द्वारा थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए किए जा रहे सेवा कार्यों में गहरी रुचि दिखाई। उन्हें बताया गया कि बिहार के 45 ऐसे बच्चे, जिन्हें हर 15 दिनों में जीवन के लिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन पर निर्भर रहना पड़ता है, उनके लिए देश के प्रतिष्ठित अस्पताल नारायणा हेल्थ, बैंगलोर के सहयोग से बोन मैरो ट्रांसप्लांट के माध्यम से स्थायी उपचार की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी रविवार, 19 अप्रैल को आयोजित होने वाले फाइनल स्क्रीनिंग कैंप के लिए राज्यपाल महोदय को आमंत्रित किया गया। साथ ही 21 जून को आयोजित होने वाले 51 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह का औपचारिक निमंत्रण भी उन्हें प्रदान किया गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश सरावगी, कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल एवं संस्थापक सदस्य मुकेश हिसारिया उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने संस्था द्वारा संचालित विभिन्न सेवा एवं सामाजिक पहलों की जानकारी भी राज्यपाल महोदय को दी। राज्यपाल महोदय ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि वे माँ वैष्णव देवी सेवा समिति एवं माँ ब्लड सेंटर के कार्यों को नजदीक से देखें। उन्होंने यह भी कहा कि वे किसी भी कार्य की पूर्ण जानकारी प्राप्त करना पसंद करते हैं, ताकि पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए संस्थापक सदस्य मुकेश हिसारिया ने कहा कि राज्यपाल महोदय के विचार संगठन के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके शब्द यह स्पष्ट करते हैं कि पारदर्शिता, जवाबदेही एवं निस्वार्थ सेवा ही किसी भी सामाजिक संस्था की वास्तविक पहचान होती है। समिति द्वारा आयोजित यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम समाज के जरूरतमंद वर्ग के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य सामाजिक सहयोग एवं सहभागिता के माध्यम से दहेजरहित, सरल एवं सम्मानजनक विवाह को बढ़ावा देना है।

## अखिल भारतीय धानुक महासंघ के कार्यालय में मनी अम्बेडकर जयंती



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती पर अखिल भारतीय धानुक महासंघ के कंकड़बाग स्थित कार्यालय में श्रद्धापूर्वक उन्हें याद किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में कई गणमान्य लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन जदयू नेता जितेन्द्र पटेल व धन्यवादज्ञापन सीमा पटेल ने किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष शंकर प्रसाद ने किया कि बाबा साहब ने एक धर्मनिरपेक्ष संविधान का निर्माण कर देश के आम आवाम को संवैधानिक अधिकार प्रदान किया। इस मौके पर बांका से आये नीतीश कुमार, बेगूसराय से पियूष कुमार, आयूष कुमार, प्रेम कुमार, अमित कुमार एवं देवेन्द्र महतो सहित कई गणमान्य ने बाबा साहब को नमन किया।

## युगपुरुष नीतीश के अद्भुत कार्यकाल में सुशासन के स्वर्णिम दौर का साक्षी बना बिहार : उमेश

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को जारी अपने बयान में नीतीश कुमार के ह्यन्याय के साथ विकासह्न के सिद्धांत पर आधारित बीस वर्षों के ऐतिहासिक और जनसमर्पित कार्यकाल के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रकार बिहार की जनता ने नीतीश कुमार को लंबे अरसे से अपने हृदय में स्थान दिया है, उसी समर्पण के साथ उन्होंने भी हर बिहारवासी को अपने हृदय में बसाकर उनके उत्थान और कल्याण के लिए निरंतर कार्य किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने नीतीश कुमार को युगपुरुष बताते हुए कहा कि उन्होंने बिखरे और उपेक्षित बिहार को न केवल संवारने का काम किया, बल्कि हर बिहारी के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और अवसर की नई रोशनी भी जगाई। कभी अराजकता, अव्यवस्था, भय और पिछड़ेपन से जूझता बिहार आज सुशासन, विकास और सामाजिक न्याय के एक सशक्त मॉडल के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने केवल सड़कों, पुलों और भवनों का निर्माण ही नहीं किया, बल्कि बिहारवासियों के टूटे हुए आत्मविश्वास को भी नई मजबूती दी और उनकी उम्मीदों को नया आसमान प्रदान किया। तब जाकर, उनके पिछले दो दशकों के कार्यकाल में बिहार सुशासन के स्वर्णिम दौर का साक्षी बना है। पिछले 20 वर्षों में उन्होंने अनेक ऐसे ऐतिहासिक निर्णय लिए, जिन्होंने बिहार के सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया। पंचायती राज और नगर निकायों में महिलाओं, अनुसूचित जाति-जनजाति एवं अति पिछड़ा वर्ग के लिए किए गए आरक्षण का प्रावधान देश के लिए मिसाल बने हैं। साइकिल योजना, पोशाक योजना सहित कई कल्याणकारी योजनाओं को अन्य राज्यों ने भी अपनाया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विश्वास का नाम हैं। उन्होंने बिहार में बदलाव की ऐसी कहानी लिखी है, जिसकी गूंज सदियों तक सुनाई देगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने अंत में कहा कि बदहाल बिहार को खुशहाल बिहार में परिवर्तित करने में श्री नीतीश कुमार का योगदान इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज रहेगा। उनका सुशासन मॉडल न केवल बिहार, बल्कि पूरे देश के लिए आज भी अनुकरणीय है और भविष्य में भी नीति-निर्माण का मार्गदर्शन करता रहेगा।

## बिहार के लोगों के लिए भावुक क्षण, नीतीश मॉडल ही चलेगा : संजय झा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद बिहार की राजनीति में एक भावुक मोड़ आया है, लेकिन राज्य के विकास की दिशा में कोई बदलाव नहीं होगा। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने स्पष्ट किया कि बिहार की अगली सरकार भी नीतीश मॉडल के अनुरूप ही चलेगी। उन्होंने कहा कि न्याय के साथ विकास, कानून का राज और समाज के हर वर्ग के उत्थान की जो मजबूत नींव रखी गई है, वही आगे भी सरकार के कार्यों का आधार बनी रहेगी। संजय कुमार झा ने कहा कि यह क्षण बिहार के 14 करोड़ लोगों के लिए अत्यंत भावुक है। नीतीश कुमार ने न सिर्फ शासन किया, बल्कि बिहार के लोगों के मान और सम्मान की रक्षा की। एक समय ऐसा था जब बिहार के बाहर लोग खुद को बिहारी कहने में संकोच करते थे, लेकिन आज वही पहचान गर्व का विषय बन चुकी है। यह बदलाव उनके दूरदर्शी नेतृत्व और सतत प्रयासों का परिणाम है, जिसने बिहार को देश और दुनिया में नई पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार का 20-21 वर्षों का निस्वार्थ कार्यकाल बेमिसाल रहा है। उनकी कार्यशैली में कभी थकान या विराम नहीं दिखा। शायद ही कोई ऐसा उदाहरण हो, जब उन्होंने स्वेच्छा से अवकाश लिया हो। बीमार पड़ना अलग बात है, लेकिन उन्होंने लगातार दो दशकों तक जनता की सेवा की। 2025 के विधानसभा चुनाव में भी जदयू ने उनके नेतृत्व में ही चुनाव लड़ा और उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी लगातार जनसंपर्क किया। बारिश के बीच सड़क मार्ग से सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा कर उन्होंने जनसभाएं कीं। यह समर्पण नई पीढ़ी के नेताओं के लिए प्रेरणा है। संजय कुमार झा ने कहा कि नीतीश कुमार का सादा जीवन इस बात का प्रमाण है कि राजनीति सत्ता सुख-सुविधा के लिए नहीं, बल्कि सेवा के लिए होती है। उन्होंने अपने कार्यों से यह सिद्ध किया है कि इच्छाशक्ति और ईमानदार नेतृत्व के बल पर करोड़ों लोगों का जीवन बदला जा सकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि 2025-30 की सरकार नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में ही चलेगी। उनका अनुभव और दिशा-निर्देश राज्य को निरंतर मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार बिहार में ही रहेंगे और राज्य के विकास के लिए समर्पित रहेंगे। केंद्र सरकार से मिलने वाली संभावित सहायता और सहयोग पर भी उनकी नजर रहेगी, जिससे बिहार को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

## बिहार में भाजपा का परचम, सम्राट चौधरी बने मुख्यमंत्री—बधाइयों की बाढ़


नई सोच एक्सप्रेस



**फतुहा।** बिहार की सियासत में आज एक ऐतिहासिक मोड़ आया है। वर्षों से संघर्ष, संगठन और समर्पण की राजनीति करने वाले सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर यह साबित कर दिया कि जनता अब तुष्टिकरण, परिवारवाद और खोखले नारों की राजनीति से ऊब चुकी है। जैसे ही सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने की खबर आई, पूरे बिहार में बधाइयों की बाढ़ आ गई। फतुहा से लेकर पटना और गांव-गांव तक भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों, पटाखों और मिठाइयों के साथ जश्न मनाया गया। यह सिर्फ एक व्यक्ति की जीत नहीं, बल्कि विचारधारा, राष्ट्रवाद और विकास की राजनीति की जीत है। आज बिहार की जनता ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि अब अपराध, भ्रष्टाचार और जंगलराज की राजनीति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब बिहार में निर्णायक नेतृत्व का दौर शुरू हो चुका है, जहां फैसले होंगे—और कठोर होंगे। बधाई देने वालों में भाजपा ीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल, वरिष्ठ पत्रकार अमरेश सिंह राणा राजेंद्र पासवान, भाजपा नेत्री शोभा देवी, दिनेश कुमार, मनोज कुमार यादव,अनिल कुमार शर्मा, मनीषा कुमारी, रेखा शर्मा, अंकुश कुमार, अनीश कुमार, सीमा कुमारी, पूजा कुमारी, रवि प्रकाश, शीला पटेल, शोभा पटेल, ममता पटेल, सुधा पांडेय, भास्कर कुमार, बबलू शाह, अंजली देवी, मीणा देवी, बेबी देवी, रंजीत प्रसाद सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की। सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार अब नई ऊंचाइयों को छुएगा। अब विकास सिर्फ कागजों में नहीं, जमीन पर दिखेगा। अपराधियों के लिए यह स्पष्ट संदेश है—या तो सुधर जाओ, या बिहार छोड़ने को तैयार रहो। बिहार अब बदल रहा है, और इस बदलाव का नेतृत्व अब मजबूत हाथों में है।

## सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाये जाने पर बिहार अग्रवाल सम्मेलन ने दिया बधाई

नई सोच एक्सप्रेस



अमर अग्रवाल, अध्यक्ष, बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन



डॉ गीता जैन, बिहार अग्रवाल महिला अध्यक्ष

**पटना।**बिहार के उपमुख्यमंत्री माननीय श्री सम्राट चौधरी जी को बिहार के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने पर बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन अध्यक्ष अमर अग्रवाल, महिला अध्यक्ष डॉ गीता जैन, सचिव अक्षय अग्रवाल सहित संजय भलोटिया, निर्मल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, पवन भगत एवं अन्य सदस्यों द्वारा उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। सम्मेलन ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह आपके नेतृत्व, अनुभव और जनसेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है कि आपको यह महत्वपूर्ण दायित्व मिला है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके कुशल नेतृत्व में बिहार विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करेगा। प्रदेश के हर वर्ग—गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं—के उत्थान के लिए आपकी प्रतिबद्धता राज्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। आपके मार्गदर्शन में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे और बिहार एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर राज्य के रूप में आगे बढ़ेगा। हमे विश्वास है कि आप प्रदेशवासियों की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए बिहार को प्रगति के पथ पर अग्रसर करते रहेंगे।

हर खबर पर पैनी नजर
# नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### सोनपुर मंडल में मेगा टिकट चेकिंग जारी



**पटना।** सोनपुर मंडल में वाणिज्य विभाग द्वारा व्यापक पैमाने पर मेगा टिकट चेकिंग ड्राइव चलाया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक धीरज कुमार के निर्देशन एवं मंडल वाणिज्य टीमों की समन्वित कार्रवाई के परिणामस्वरूप इस अभियान ने अत्यंत सकारात्मक उपलब्धियाँ दर्ज कीं। इस विशेष जांच अभियान के दौरान विभिन्न स्टेशनों एवं ट्रेनों में टिकट जांच टीमों ने कुल 3197 मामलों में बिना टिकट एवं अनियमित टिकट से यात्रा कर रहे यात्रियों को पकड़ा। इनसे जुर्माने के स्वरूप *21,55,169 लिये गए। वहीं अजीत कुमार, टीटीआई,बरौनी ने कल उत्कृष्ट कार्य करते हुए सर्वाधिक 103 मामलों में 75,250 का रेल राजस्व जुर्माने के रूप में अर्जित किया है।

### भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह आयोजित



लालू नगर में बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण करते बिहार सरकार के मंत्री


**दानापुर।**दानापुर के पाटलिपुत्र स्टेशन के समीप लालू नगर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री जितन राम मांझी, बिहार सरकार के मंत्री रामकृपाल यादव तथा दीघा विधायक संजीव चौरसिया, भाजपा जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने संयुक्त रूप से प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय समाजसेवी और आम लोग मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री जितन राम मांझी ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जिसने शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया, वही समाज को आगे बढ़ाने में सफल हुआ है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया और समाज के वंचित वर्गों को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया। वहीं मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा दिया गया संविधान देश की मजबूती की नींव है और उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने युवाओं से बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस बीच सतीश पासवान ने कहा कि बाबा साहब के आदर्श मानकर उनके बताए गए शिक्षा को अपना कर हमारा समाज आगे बढ़ा है।इस आयोजन में चंदन सिन्हा, गुड्डू सिंह, डबलू सिंह, प्रफुल्ल चंद्र सुधांशु, विकास चौबे, अजय पासवान, सुरेंद्र प्रजापति, गंगासागर प्रजापति, प्रभा देवी, समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे।

### नारी शक्ति वंदन महिलाओं के हित में अभूतपूर्व कदम : प्रीति



**पटना।** नारी शक्ति वंदन का महिला पंख हाट चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से गांधी मैदान स्थित होटल पनाश में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर स्वागत किया गया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया है। बी एम एस की संस्थापिका प्रीति प्रिया ने कहा कि प्रधानमंत्री ने नारी सशक्तिकरण की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठाया है। हालांकि महिलाओं की आबादी 48 प्रतिशत है और नीति निर्माण में 33 प्रतिशत का आरक्षण मिलेगा,महिलाएं प्रधानमंत्री के प्रति शुक्रगुजार हैं। हमारी माँग है की अवादी के हिसाब से महिलाओं को आरक्षण मिलें। प्रज्ञा वात्स्यायन ने कहा महिला के बिना एक घर ,एक परिवार चलना मुश्किल है,देश कैसे चलता,यह पी एम मोदी का दूरदर्शी कदम है। संध्या सरकार ने बताया कि नारी सृष्टि की निमार्ता हैं, पी एम ने नारी की इस शक्ति को समझा,हर जगह भागीदारी बढ़ेगी तो देश सशक्त होगा। अमरावती सिंह ने कहा कि जहां महिलाओं के निर्णय को घर में तरजीह नहीं मिलती थी,उस महिला को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीति निर्माण में जगह देकर क्रांतिकारी कदम उठाया है। भावना भूषण ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री के इस पहल से महिलाओं की शक्ति बढ़ेगी और देश विकासशील राष्ट्र से आगे विकसित राष्ट्र में गिना जायेगा।भावना भारद्वाज ने कहा कि महिलाओं की शक्ति से देश काफी आगे बढ़ेगा। भावना भूषण ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं काफी बढ़िया कर रही थीं, नारी शक्ति वंदन से उनका मनोबल बढ़ेगा और देश को गति मिलेगी।

### फोक्सवैगन इंडिया ने नई टाइगुन पेश की



**पटना।**फोक्सवैगन इंडिया ने आज नई टाइगुन को 10,99, 900 रुपये (एक्स-शोरूम) की शुरुआती कीमत पर पेश किया। नई टाइगुन में ग्राहकों के लिए 40 तक नए अपडेट्स दिए गए हैं। इसके अलावा 9 रंग विकल्प उपलब्ध हैं और 1.0 लीटर टीएसआई पेट्रोल इंजन के साथ नया 8-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन भी दिया गया है। फोक्सवैगन ने नई टाइगुन के लिए उद्योग-अग्रणी "अश्योर्ड बायबैक" योजना भी घोषित की है। इस योजना के तहत 3 वर्ष या 30,000 किमी तक के उपयोग पर एक्स-शोरूम कीमत के 75प्रतिशत तक अवशिष्ट मूल्य की गारंटी दी जाएगी (शर्तें लागू)। इस नई योजना से ग्राहकों को अधिक भरोसेमंद और निश्चिंत स्वामित्व अनुभव मिलेगा। इस योजना में ग्राहकों को वाहन की पूर्व-निर्धारित वापसी कीमत की गारंटी, खरीद के समय अतिरिक्त भरोसा, एक्सचेंज बोनस और आगे आसानी से नई कार में अपग्रेड करने की सुविधा जैसे लाभ मिलते हैं। यह नई अश्योर्ड बायबैक योजना 31मई 2026 तक की गई नई टाइगुन बुकिंग पर लागू रहेगी। इस लॉन्च के बारे में बात करते हुए फोक्सवैगन पैसेंजर कार्स इंडिया के ब्रांड निदेशक नितिन कोहली ने कहा, "टाइगुन हमारे भारत में एसयूवीडब्ल्यू सफर की एक अहम गाड़ी रही है। नई टाइगुन के जरिए हमारा प्रयास ग्राहकों को फीचर्स, परफॉर्मेंस, डिज़ाइन और सुरक्षा का संतुलित मेल देने का है।

## फतुहा भाजपा कार्यालय में संविधान निर्माता भीमराव आंबेडकर की जयंती पर भव्य आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**फतुहा।**भाजपा कार्यालय माँ तारा उत्सव पैलेस गोविन्द में आयोजन किया गया जिसका अध्यक्षता फतुहा भाजपा नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनील कुमार शर्मा मुख्य अतिथि भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल। अध्क्षीय संशोधन में अनील कुमार शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यालय में भारत रत्न, संविधान निर्माता एवं सामाजिक न्याय के अग्रदूत भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय नागरिकों ने एकत्र होकर बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।= कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण से हुई। उपस्थित नेताओं ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, त्याग और समानता की स्थापना का प्रतीक है। उन्होंने समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए जो ऐतिहासिक कार्य किए, वह आज भी प्रेरणास्रोत हैं। रेखा शर्मा ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माण में उनका योगदान अमूल्य है, जिसने देश को लोकतंत्र, समानता और न्याय की मजबूत नींव प्रदान की। इस अवसर पर रेखा शर्मा ने जोर देकर कहा कि आज के दौर में बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा, संगठन और संघर्ष के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाने का जो संदेश दिया, वह आज भी प्रासंगिक है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे उनके सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और सामाजिक समरसता को मजबूत करेंगे। कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि केंद्र सरकार और भाजपा बाबा साहेब के आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। गरीब, दलित, पिछड़े और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह सब बाबा साहेब के सपनों का ही विस्तार है। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में बाबा साहेब को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने और समाज में समानता, भाईचारा एवं न्याय स्थापित करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## बर्जर पेंट्स ने गर्मी गॉन, ठंडक ऑन होम कूलिंग रेंज पेश की

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।**साल-दर-साल बढ़ते तापमान के कारण अब ठंडा रहना सिर्फ आराम की बात नहीं रह गई है, बल्कि भारत के लाखों परिवारों के लिए यह एक रोजमर्रा की चुनौती बन गई है। इसी पृष्ठभूमि में, भारत की दूसरी सबसे बड़ी पेंट कंपनी और प्रोटेक्टिव कोटिंग्स में अग्रणी, बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड ने बढ़ती गर्मी से निपटने के लिए एक ज्यादा बेहतर और प्रभावी समाधान देते हुए अपनी होम कूलिंग पेंट्स रेंज पेश की है। इसके साथ ही कंपनी ने देशभर में गर्मी गॉन, ठंडक ऑन कैंपेन भी शुरू किया है, जो जीवन जीने के ज्यादा स्मार्ट और ऊर्जा-कुशल तरीकों को बढ़ावा देता है। श्री अभिजीत रॉय, एमडी और सीईओ, बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड ने कहा, बर्जर पेंट्स में हमारा हमेशा से यह मानना रहा है कि हमें उपभोक्ताओं की जरूरतों को पहले से समझना चाहिए। हम इंडस्ट्री में पहली बार इनोवेटिव प्रोडक्ट्स लॉन्च करने के लिए जाने जाते हैं और हम उन चुनौतियों को समझते हैं जिनका सामना गर्मी प्रभावित क्षेत्रों के परिवारों को करना पड़ता है। हमारी होम कूलिंग रेंज के साथ, हम गर्मी को वहीं रोकना चाहते हैं जहाँ से वह शुरू होती है, न कि वहां जहाँ वह महसूस की जाती है। गर्मी गॉन, ठंडक ऑन कैंपेन के जरिए हम लोगों के व्यवहार में एक बड़ा बदलाव लाना चाहते हैं ताकि वे कूलिंग के ज्यादा टिकाऊ और आसान तरीकों को अपनाएं। साथ ही, स्माइल फाउंडेशन के साथ अपनी साझेदारी के जरिए हम इस प्रभाव को समाज के जरूरतमंद तबकों तक भी पहुँचा रहे हैं। यह समझते हुए कि घरों में गर्मी का एक बड़ा हिस्सा दीवारों, छतों और बाहरी ढांचों के जरिए अंदर आता है, बर्जर पेंट्स की होम कूलिंग रेंज बर्जरएंटी डस्ट कूल और बर्जर रूफ कूल एंड सील जैसे इनोवेटिव प्रोडक्ट्स के जरिए इसका व्यावहारिक समाधान देती है। इन्हें दीवारों और छतों द्वारा सोखी जाने वाली गर्मी को कम करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस रेंज में बर्जर टैंक कूल भी शामिल है, जो अक्सर नजरअंदाज किए जाने वाले गर्मी के स्रोत यानी काले सिंथेटिक पानी के टैंकों की समस्या को हल करता है, जो गर्मियों में बहुत ज्यादा गर्म हो जाते हैं। कुल मिलाकर, यह रेंज गर्मी को उसके स्रोत पर ही रोककर घर के अंदर का तापमान कम करने का एक संपूर्ण समाधान प्रदान करती है।

## धार्मिक न्यास पर्षद ने बिहार में बड़े पैमाने पर मनाया सनातनी सतुआनी पर्व

नई सोच एक्सप्रेस



» मंदिरों और बस्तियों तक पहुंचा आयोजन, धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन ने बांटे सत्तू

**पटना।**बिहार में इस बार सतुआनी पर्व को बड़े स्तर पर मनाने की तैयारी की गई थी। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के निर्णय के अनुसार राज्य के सभी प्रमुख मठों और मंदिरों में सतुआनी पर्व का आयोजन किया गया। इस मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रोफेसर रणबीर नंदन ने न्यास पर्षद के चीना कोठी स्थित कार्यालय के साथ राजवंशी नगर स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर में आमलोगों के बीच सत्तू का शरबत ओर सत्तू और गुड़ युक्त लड्डू का वितरण किया। इसके साथ ही यह पर्व केवल धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं रह गया बल्कि दलित बस्तियों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस मौके पर पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने बताया कि इस बार सतुआनी को सामाजिक भागीदारी के साथ मनाने की योजना बनी। राज्य के अलग-अलग जिलों में मंदिरों के साथ बस्तियों में भी लोगों के बीच सत्तू और शर्बत का वितरण किया गया। इसका उद्देश्य पर्व को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना रहा।पटना में इस अवसर पर करीब 50 स्थानों पर विशेष काउंटर लगाए गए। इन केंद्रों पर लोगों के बीच सत्तू का शर्बत और सत्तू-गुड़ की गोली वितरित की गई । राजधानी के कई प्रमुख मंदिरों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों जैसे पटना जंक्शन हनुमान मंदिर, राजवंशी नगर पंचरुपी हनुमान मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर गौरैयामठ के निकट, बांसघाट के काली मंदिर, गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी, चांदपुर बेला शिवमंदिर, पूर्वी लोहानीपुर शिवमंदिर, निशा देवी मंदिर, दलदली सालिमपुरअहरा शिव मंदिर, बाकरगंज कला मंच, दरियापुर खेतान मार्केट, सब्जीबाग, मछुआ टोली अमरुदी गली के सामने मंदिर, गौरैयामठ मंदिर मीठापुर, कालीबाड़ी मंदिर दो पुलवा, शिव मंदिर रोड नंबर 1 सिपारा, चांदपुर बेला बजरंगबली मंदिर, दुर्गा मंदिर, पृथ्वीपुर चिरैयाटांड मारुति नगर मोड़, महावीर स्थान लोधीपुर, पटना हवेली राजा बाजार, दुर्गा मंदिर मंदिरी, दुजरा देवी स्थान, अनिसाबाद गोलम्बर, कौशल नगर हनुमान मंदिर, लाल मंदिर पटेल चौक, राजभवन एसबीआई के पास, सचिवालय मंदिर, शिवपुरी उड़ान टोला शिवमंदिर, श्रीश्री देवी मंदिर शिवपुरी चौक, शिव रामेश्वर मंदिर काली स्थान दादरमंदी, बेउर मोड़ काली मंदिर, जय प्रकाश नगर भोलेनाथ मंदिर, नाला रोड दरियापुर, कदमकुआं हिंदी साहित्य सम्मेलन, काली मंदिर बांसघाट, धनकी मोड़ शिव मंदिर के साथ दलदली, बाकरगंज, सब्जीबाग, मीठापुर, सिपारा, अनिसाबाद, पटेल चौक, सचिवालय, बांसघाट और कदमकुआं समेत कई इलाके में सत्तू का शरबत और सत्तू की गोलियां बांटा गया ।धार्मिक न्यास पर्षद के अनुसार सतुआनी बिहार और पूर्वी भारत के प्रमुख पारंपरिक पर्वों में शामिल है। यह पर्व लंबे समय से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मनाया जाता रहा है। इस दिन लोग सुबह स्नान के बाद भगवान शिव की पूजा करते हैं और सत्तू का भोग अर्पित करते हैं। इसके बाद सादा भोजन करने की परंपरा निभाई जाती है।यह पर्व कृषि परंपरा से भी जुड़ा माना जाता है। नई फसल के आगमन के बाद किसान प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। इसी कारण सतुआनी को नई उपज और श्रम के सम्मान का पर्व भी माना जाता है। गर्मी की शुरुआत के समय सत्तू जैसे ठंडे और पौष्टिक आहार के सेवन की परंपरा भी इसी दिन से जुड़ी है। पर्षद का कहना है कि सतुआनी ऐसा पर्व है जो समाज के हर वर्ग में समान रूप से मनाया जाता है। इसे सामाजिक समरसता और सामूहिक भागीदारी का प्रतीक माना जाता है। इसी सोच के तहत इस बार कार्यक्रमों को मंदिर परिसरों से बाहर निकालकर बस्तियों और मोहल्लों तक ले जाने की तैयारी की गई है। धार्मिक न्यास पर्षद का मानना है कि इस पहल से इस बार बिहार में सतुआनी का आयोजन पहले की तुलना में अधिक व्यापक और संगठित रूप में देखने को मिला है। इससे पारंपरिक लोक पर्व को नई पहचान मिली है। इस मौके पर पंचरूपी हनुमान मंदिर राजवंशीनगर न्यास के सचिव मोहित प्रकाश, न्यास के सदस्य सह मीडिया समन्वयक आलोक कुमार, न्यास के सदस्य प्रेम कुमार, पंडित अजय झा, सुरेन्द्र दुबे, धीरज कुमार, साकेत परासर, संजीव रंजन उर्फ सोनू, भगवान राम, उमेश प्रसाद, राजू चंद्रवंशी, प्रमेन्द्र कुमार,डॉ नीता नाथ ,विक्की निषाद, धीरज सिंहा, विशाल वर्मा,अमन सिंहा, तुलस्यान जी, विजय कुमार सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

## प्राथमिक विद्यालय बेलदरिया के बच्चों ने शत प्रतिशत नामांकन के लिए निकाली रैली

नई सोच एक्सप्रेस




**बिहारशरीफ।**बिहारशरीफ प्रखण्ड स्थित प्राथमिक विद्यालय बेलदरिया पावा में प्रवेशोत्सव उत्सव के तहत नामांकन रैली निकाला गया। जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षकों, विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों, बाल संसद व मीणा मंच के सदस्यों एवं बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने बेलदरिया, पावा कॉलोनी एवं बंगाली नगर गांव के गलियों में घुमकर बच्चों एवं अभिभावकों को सरकारी विद्यालय में नामांकन के लिए प्रेरित किया। प्रधान शिक्षक रोहित कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में पर्याप्त संख्या में पदस्थापित प्रशिक्षित शिक्षक नौनिहालों के उज्जवल भविष्य हेतु तत्पर हैं। आज सरकार हर बच्चों को शिक्षित करने के लिए पुस्तक,डायरी, छात्रवृत्ति, पोशाक, दोपहर का भोजन, स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान कर रहा है। शिक्षकों के मेहनत का ही परिणाम है कि सभी सरकारी विद्यालय निजी विद्यालय को सिर्फ टक्कर ही नहीं दे रहे बल्कि अनेक क्षेत्रों में प्राइवेट स्कूल से बेहतर और अच्छा कर रहें है। सरकारी विद्यालय बच्चों को सिर्फ शिक्षा ही नहीं देता है बल्कि शिक्षा के साथ साथ संस्कार, बदलते समय के खुद को बदलने की काबिलियत, परिस्थितियों से जूझने की क्षमता, देशभक्ति की भावना और सामाजिक मूल्यों की समझ भी देता है। इसके साथ ही विद्यालय के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्काउट गाइड, खेल कार्यक्रम, जूनियर कंप्टीशन में भाग ले रहे है। उन्होंने सभी अभिभावकों को अपने बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालय में कराने का आग्रह किया। शिक्षक ललन पंडित ने कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें और यदि किसी प्रकार की कोई कमी दिखे तो विद्यालय आकर बताएं ताकि सुधार किया जा सके। इस अवसर पर चंद्रशेखर पासवान, बिनोद पाण्डेय, सिकन्दर कुमार ने घर घर संपर्क कर नामांकन हेतु प्रेरित किया।

## 135वीं डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह का भव्य आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह समिति, गाड़ीखाना खगौल की ओर से डाक बंगला परिसर में 135 वीं अंबेडकर जयन्ती समारोह का भव्य आयोजन किया गया 1 आयोजन से पहले नगर भ्रमण कर बाबा अंबेडकर के संदेश के प्रति लोगों को जागरूक किया गया 1 आयोजन में शामिल मुख्य रूप से वक्ताओं ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने खासकर दलितों और शोषित वर्गों के लिए कई महत्वपूर्ण संदेश दिए। उन्होंने कहा कि अपमान सहना बंद करो, पढ़ो-लिखो, संगठित होकर अपने हक की लड़ाई लड़ो, और ऐसा समाज बनाओ जहां सब बराबर हों। इस लिए शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो ये उनका सबसे प्रसिद्ध नारा था। उनका मानना था कि शिक्षा ही शोषण से मुक्ति का पहला हथियार है।उन्होंने कहा था , "मैं उस धर्म को मानता हूँ जो स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा सिखाता है।" दलितों को हीन भावना छोड़कर स्वाभिमान से जीना चाहिए। राजनीतिक सत्ता वह चाबी है, जिससे सामाजिक प्रगति के सारे दरवाजे खुलते हैं। इसलिए वोट के अधिकार और प्रतिनिधित्व पर जोर दिया। उनकी किताब 'Annihilation of Caste' में उन्होंने कहा कि जब तक जाति-व्यवस्था है, तब तक समानता संभव नहीं। सामाजिक सुधार के बिना राजनीतिक आज़ादी अधूरी है 1 इस में मुख्य रूप से अध्यक्ष सौरभ पासवान ,दीपक कुमार चंद्रवंशी ,आयोजनकर्ता मोहन पासवान, प्रो शशि कांत प्रसाद,अनीता पासवान, पूर्व नगर उपाध्यक्ष सुजाता देवी , पुष्पा देवी, किरण कुमारी, किशोर पासवान,विजय पासवान, ललन अम्बेडकर, गोविंद चंद्रवंशी , लक्ष्मी पासवान आकाश पासवान , रंजन ठाकुर, शिवनाथ पासवान, संतोष पासवान, नबाब आलम,प्रसिद्ध यादव, गोबिंद चंद्रवंशी, सोनू पासवान,कन्हाई पासवान आदि ने भी अपने अपने विचार रखे।

## पटना से वियना तक गूंजा भारत का नाम: एम्स की डॉक्टर डॉ. स्वेतालिना प्रधान ने रचा वैश्विक इतिहास

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।**जब सपनों में जुनून हो, मेहनत में निरंतरता हो और लक्ष्य वैश्विक हो तो सफलता सीमाओं में नहीं बंधती। इसी सच्चाई को साकार करते हुए एम्स पटना की डॉ. स्वेतालिना प्रधान ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का परचम लहराया है। उन्होंने प्रतिष्ठित यूरोपियन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी एंड वेनेरोलॉजी (EADV) स्कॉलरशिप 2026 हासिल कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की है। एक ऐसा सम्मान जो विश्वभर के चुनिंदा और उत्कृष्ट त्वचा रोग विशेषज्ञों को ही प्राप्त होता है। यह उपलब्धि साधारण नहीं है। डॉ. प्रधान को भारत से एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में चुना गया है, वह भी एक कठोर और बहु-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय चयन प्रक्रिया में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए। यह चयन सिर्फ प्रतिभा का नहीं बल्कि उनके शोध, समर्पण और वैश्विक स्तर पर प्रभाव का प्रमाण है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के साथ डॉ. प्रधान को प्रतिष्ठित EADV कॉंग्रेस 2026 में भाग लेने का अवसर मिलेगा जो ऐतिहासिक शहर वियना में 30 सितंबर से 3 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होगा। यह वही मंच है जहां दुनिया भर के शीर्ष विशेषज्ञ भविष्य की चिकित्सा दिशा तय करते हैं और अब इस मंच पर भारत की आवाज़ बनेंगी डॉ. प्रधान। इम्रिच सरकानी नॉन-यूरोपियन मेमोरियल स्कॉलरशिप के अंतर्गत केवल 30 गैर-यूरोपीय प्रतिभागियों का ही चयन होता है। हर देश से केवल एक प्रतिनिधि का चयन होता है। चयन का आधार शोध की गुणवत्ता और प्रभाव, अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन, शैक्षणिक उत्कृष्टता और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रस्तुतियां होती हैं। इन सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए डॉ. प्रधान ने भारत में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में पूर्ण प्रायोजित भागीदारी, 1000 यूरो की आर्थिक सहायता, वर्ष 2027 के लिए EADV सदस्यता साथ ही उन्हें ऑस्ट्रिया सेंटर वियना में एक भव्य समारोह में सम्मानित किया जाएगा जहां दुनिया देखेगी भारत की प्रतिभा का उजाला। डॉ. प्रधान की यह सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं बल्कि एम्स पटना की शैक्षणिक उत्कृष्टता और भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक है। यह उस नई पीढ़ी की कहानी है जो सीमाओं को नहीं, संभावनाओं को देखती है और दुनिया को अपनी पहचान से परिचित कराती है।

## सैमसंग टीवी प्लस इंडिया की 5वीं सालगिरह पर नया कॉमेडी चैनल लॉन्च



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**सैमसंग टीवी प्लस ने 'किंग्स ऑफ कॉमेडी' नाम से नया कॉमेडी चैनल शुरू किया है। इस चैनल पर भारत के कुछ सबसे पसंदीदा प्राइमटाइम शो अब एक ही जगह पर, बिल्कुल मुफ्त में देखे जा सकते हैं। यह चैनल सिर्फ सैमसंग टीवी प्लस पर उपलब्ध है, जहां दर्शक लगातार हिंदी कॉमेडी शो जैसे 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल', 'खतरा खतरा खतरा' और 'कॉमेडी नाइट्स बचाओ' देख सकते हैं। इसके लिए न लॉगिन की जरूरत है और न ही कोई सब्सक्रिप्शन फीस, देशभर के लाखों सैमसंग स्मार्ट टीवी यूज़र्स इसे आसानी से देख सकते हैं। यह लॉन्च भारत में मुफ्त स्ट्रीमिंग के लिए एक खास कदम है। पहली बार लोग इन मशहूर प्राइमटाइम शोज़ को एक ही चैनल पर देख सकते हैं, जो सीधे उनके सैमसंग टीवी की होम स्क्रीन पर मिल जाता है। किंग्स ऑफ कॉमेडी ऐसे समय पर लॉन्च हुआ है जब सैमसंग टीवी प्लस इंडिया अपनी 5वीं सालगिरह मना रहा है। इस दौरान इसके यूज़र्स हर महीने 42 प्रतिशत बढ़े हैं और कुल देखने का समय दोगुना से ज्यादा हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुगौली में विकास कार्यों को लेकर बयान, कचरा डंपिंग जमीन खरीद पर उठे सवाल

**मोतिहारी/सुगौली।** नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर एक बार फिर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। मुख्य पार्षद पति अली हसन ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष कभी यह स्वीकार नहीं करता कि क्षेत्र में काम हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों का रिकॉर्ड उठाकर देखा जाए तो वर्तमान में जो विकास कार्य हो रहे हैं, वैसा पहले कभी नहीं हुआ था। उन्होंने दावा किया कि बीते तीन वर्षों में क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है, जिसे आम जनता भी महसूस कर रही है। उनका कहना था कि उनका मुख्य उद्देश्य सुगौली का समग्र विकास करना है और इसी दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। वहीं, उन्होंने पूर्व में कचरा डंपिंग के लिए खरीदी गई जमीन को लेकर गंभीर सवाल भी उठाए। बताया कि इस मामले की जांच के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा संबंधित विभाग को पत्र भेजा गया है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जमीन खरीद में नगर पंचायत के साथ धोखाधड़ी हुई है। उनके अनुसार, करीब 56 लाख रुपये की जमीन को एक करोड़ रुपये में रजिस्ट्री कराई गई है। उन्होंने मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो और अतिरिक्त राशि की वसूली नगर पंचायत के पक्ष में की जाए।

### सुगौली में सशक्त स्थायी समिति चुनाव को लेकर बढ़ी सरगर्मी, मुख्य पार्षद पति का बड़ा बयान

**मोतिहारी/सुगौली।** नगर पंचायत सुगौली में सशक्त स्थायी समिति के गठन को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। आगामी 18 अप्रैल को होने वाले चुनाव को लेकर पार्षदों के बीच हलचल तेज हो गई है और गुप्त मतदान के जरिए तीन सदस्यों का चयन किया जाएगा। इस बीच मुख्य पार्षद के पति अलीहसन ने मीडिया से बातचीत में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सशक्त स्थायी समिति के गठन की पूरी प्रक्रिया नियमानुसार और पारदर्शी तरीके से की जा रही है। इसमें चेयरमैन की भूमिका अलग होती है और समिति के चयनित सदस्य आपसी सहमति से आगे की जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि किसी प्रकार की अनियमितता या पक्षपात की गुंजाइश नहीं है। सभी पार्षदों को स्वतंत्र रूप से मतदान करने का अधिकार होगा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत ही समिति का गठन सुनिश्चित किया जाएगा। इधर चुनाव को लेकर नगर पंचायत के राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज है। विभिन्न गुट अपने-अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए रणनीति बनाने में जुटे हैं। ऐसे में 18 अप्रैल का दिन काफी अहम माना जा रहा है, जब यह तय होगा कि समिति में किन तीन सदस्यों को जगह मिलेगी। चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, ताकि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके।

### सुगौली में सशक्त स्थायी समिति चुनाव को लेकर बढ़ी सरगर्मी, मुख्य पार्षद पति का बड़ा बयान



**मोतिहारी/सुगौली।** नगर पंचायत सुगौली में सशक्त स्थायी समिति के गठन को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। आगामी 18 अप्रैल को होने वाले चुनाव को लेकर पार्षदों के बीच हलचल तेज हो गई है और गुप्त मतदान के जरिए तीन सदस्यों का चयन किया जाएगा। इस बीच मुख्य पार्षद के पति अलीहसन ने मीडिया से बातचीत में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सशक्त स्थायी समिति के गठन की पूरी प्रक्रिया नियमानुसार और पारदर्शी तरीके से की जा रही है। इसमें चेयरमैन की भूमिका अलग होती है और समिति के चयनित सदस्य आपसी सहमति से आगे की जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि किसी प्रकार की अनियमितता या पक्षपात की गुंजाइश नहीं है। सभी पार्षदों को स्वतंत्र रूप से मतदान करने का अधिकार होगा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत ही समिति का गठन सुनिश्चित किया जाएगा। इधर चुनाव को लेकर नगर पंचायत के राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज है। विभिन्न गुट अपने-अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए रणनीति बनाने में जुटे हैं। ऐसे में 18 अप्रैल का दिन काफी अहम माना जा रहा है, जब यह तय होगा कि समिति में किन तीन सदस्यों को जगह मिलेगी। चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, ताकि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके।

### तीन कांडों के तीन अभियुक्त गिरफ्तार



**बेतिया।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से तीन कांडों के तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।यह जानकारी पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष अमर कुमार ने दी।उन्होंने बताया कि मझौलिया थाना कांड संख्या संख्या 215/26 के नामजद प्राथमिकी अभियुक्त छट्ठू माझी उम्र करीब 35 वर्ष पिता स्व. अकलू माझी साकिन जौकटिया।इनको शराब बेचने के मामले में गिरफ्तार किया गया।उधर मझौलिया थाना कांड संख्या 377/26 के नामजद प्राथमिकी अभियुक्त अर्जुन शर्मा उम्र करीब 36 वर्ष पिता चूमन शर्मा साकिन मझौलिया । इधर मझौलिया थाना कांड संख्या 523/25 के नामजद प्राथमिकी अभियुक्त नासिर मिया उम्र करीब 31 वर्ष पिता जलील मियां साकिन पारसा डुमरिया । इन तीनों अभियुक्तों में मेडिकल जांच उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सुगौली स्टेशन पर मिली भटकी किशोरी, परिजनों को सकुशल सौंपा गया



**सुगौली।** स्थानीय रेलवे स्टेशन सगौली पर एक भटकी हुई किशोरी को रेलवे पुलिस द्वारा सुरक्षित बरामद किया गया। किशोरी की पहचान अमृता कुमारी के रूप में हुई है, जो मझौलिया थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव की निवासी बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, रेलवे स्टेशन पर अकेले घूमती मिली लड़की को संदेह के आधार पर जीआरपी द्वारा अपने संरक्षण में लेकर जीआरपी थाना लाया गया। पूछताछ के दौरान उसकी पहचान सुनिश्चित की गई, जिसके बाद परिजनों को इसकी सूचना दी गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों के पहुंचने के बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर लड़की को सकुशल उनके हवाले कर दिया गया। पुलिस की तत्परता से एक संभावित अप्रिय घटना टल गई और परिजन अपनी बेटी को सुरक्षित पाकर राहत महसूस कर रहे हैं।

# निजी विद्यालयों की छवि खराब करने की साजिश बर्दाश्त नहीं: एसोसिएशन

» बस्तीपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस, शिक्षा व्यवस्था की गरिमा बनाए रखने की उठी मांग

नई सोच एक्सप्रेस




**डेहरी ओन सोन रोहतास।** रोहतास जिले के बस्तीपुर स्थित आर.एस. के पब्लिक स्कूल परिसर में राष्ट्र रत्न एंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के लगभग सभी निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्री अरविंद एकेडमी के निदेशक सह जिला अध्यक्ष अरविंद भारती, आर.एस.के पब्लिक स्कूल के निदेशक आनंद सिंह, डीपीएसस स्कूल के निदेशक समरेंद्र कुमार, सोन राइजिंग स्कूल के निदेशक प्रशांत कुमार, नंदनी किड्स स्कूल के निदेशक नितेश कुमार, शिशु संस्कार केंद्र के निदेशक उमेश शुक्ला, आयुष मेमोरियल स्कूल के निदेशक दीपक कुमार सहित कई शिक्षाविद उपस्थित रहे। इस दौरान सभी शिक्षाविदों ने एक स्वर में कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा निजी विद्यालयों की छवि को धूमिल करने की साजिश रची जा रही है, जिससे समाज में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास न केवल विद्यालयों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था को भी प्रभावित करते हैं। एसोसिएशन ने जिला प्रशासन से मांग की कि ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही, एसोसिएशन के सदस्यों ने सरकार से यह भी मांग की कि सभी निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी की पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं, ताकि विद्यार्थियों को समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। वक्ताओं ने बताया कि रोहतास जिले में निजी विद्यालय बहुत ही कम शुल्क में बेहतर शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। जहां बड़े शहरों में नर्सरी की फीस लगभग 4000 रुपये तक होती है, वहीं यहां 500 से 2000 रुपये के बीच में ही बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। शिक्षाविदों ने यह भी बताया कि निजी विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अन्य गतिविधियों का भी नियमित आयोजन करते हैं। साथ ही, वे सरकार और जिला प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर योगदान दे रहे हैं।अंत में, एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने आश्वासन दिया कि वे सरकार और प्रशासन के साथ मिलकर शिक्षा के विकास के लिए आगे भी कार्य करते रहेंगे।

## अंबेडकर जयंती पर समरेंद्र सिंह ने शिक्षा और जागरूकता पर दिया बल

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा।** भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मंगलवार को छपरा में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई।कार्यक्रम में सारण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्षों तथा देश के लिए उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने भारतीय समाज को समानता, न्याय और अधिकारों की दिशा में नई राह दिखाई। संविधान निर्माण में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही, जिसने देश को एक सशक्त लोकतांत्रिक ढांचा प्रदान किया। अपने संबोधन में समरेंद्र सिंह ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज के सभी वर्गों, विशेषकर वंचित एवं पिछड़े समुदायों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताते हुए लोगों को जागरूक और सशक्त बनने का संदेश दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला सत्र न्यायाधीश मधुबनी निशांत कुमार,अजीत कुमार,शिक्षक नेता हवलदार मांझी,महेश बाबू चौधरी,शैलेन्द्र राम,पीयूष तिवारी,बलराम यादव,सत्यप्रकाश मांझी,संजय यादव,दीनानाथ पंडित,अनिल ठाकुर,अनिल दास,शशि कुमार दास,सत्यनारायण साह,इंद्रजीत महतो,फणीन्द्र कुमार सिंह,शशि कुमार,निजाम अहमद,फिरोज इकबाल,कन्हैया राम,जितेंद्र राम,एहसान अंसारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से अनिल कुमार मांझी एवं शैलेन्द्र राम ने किया।

## सुगौली में हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार, चोरी के मोबाइल संग तीन और धराए

नई सोच एक्सप्रेस



**मोतिहारी/सुगौली।** सुगौली थाना क्षेत्र में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हथियार के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है, वहीं एक अन्य मामले में चोरी के तीन मोबाइल के साथ तीन आरोपियों को भी दबोचा गया है। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष अवनीश सिंह के नेतृत्व में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आपसी वर्चस्व को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि एक पक्ष के युवक ने दूसरे पर हथियार तान दिया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास लोगों की भीड़ जुट गई और मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए थानाध्यक्ष अवनीश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दो युवकों को एक पिस्टल व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान नगर पंचायत सुगौली बाजार, चिकपट्टी निवासी 21 वर्षीय अफजल कुरैशी और 21 वर्षीय आसिफ हुसैन के रूप में हुई है। घटना की सूचना वरीय अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद एसडीपीओ दिलीप कुमार थाना पहुंचे और मामले की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने हिरासत में लिए गए युवकों से गहन पूछताछ भी की। इसी दौरान पुलिस ने एक पुराने कांड का उद्भेदन करते हुए आदापुर थाना क्षेत्र से चोरी गए तीन मोबाइल फोन बरामद किए। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनकी पहचान आदापुर थाना क्षेत्र के जमुनभार निवासी कन्हाई कुमार, सिरिसिया कला निवासी तफाजुल अंसारी और जमुनापुर निवासी शमीम अख्तर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से हथियार, कारतूस और मोबाइल जब्त कर लिए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपियों को अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेजा जा रहा है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# सुगौली में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती

नई सोच एक्सप्रेस



**मोतिहारी/सुगौली।** दक्षिणी श्रीपुर पंचायत में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व सरपंच हरि नारायण तिवारी ने किया, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही। इस अवसर पर "संविधान का असली निर्माता कौन है" विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उपस्थित लोगों ने बढ़-चढ़कर अपनी बात रखी और संविधान निर्माण में बाबा साहेब के योगदान पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आपन माटी आपन पार्टी के संस्थापक जितेंद्र तिवारी, डॉ. अनुराग कुमार, सुशील झा, जगरनाथ राम, लगन राम एवं गोरी राम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को याद करते हुए समाज में शिक्षा, समानता और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के सिद्धांत आज भी समाज को सही दिशा दिखाने का काम कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में लोगों ने संकल्प लिया कि वे बाबा साहेब के विचारों को केवल स्मरण ही नहीं करेंगे, बल्कि उन्हें अपने जीवन में अपनाकर एक समतामूलक, जागरूक और सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे।

## सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा का परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया



नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद।** सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा, 2026 के शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने परीक्षा के प्रथम दिन आर्दश मध्य विद्यालय, ऊँटा, जहानाबाद परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने भ्रमण दौरान परीक्षा केंद्र पर प्रतिनुक्त दंडाधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा को जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पारदर्शी तरीके से संपन्न करना सुनिश्चित किया जाए। जहानाबाद जिले में प्रथम चरण अंतर्गत कुल 15 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित परीक्षा में लगभग 4 हजार अभ्यर्थियों द्वारा भाग लिया गया। इस चरण में संचालित परीक्षा में किसी परीक्षार्थी के कदाचार में लिप्त होने की सूचना नहीं मिली तथा किसी को भी निष्कासित नहीं किया गया। सभी 15 केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से पूर्ण हुई। इस परीक्षा केंद्र भ्रमण के दौरान अपर समाहर्ता, विभागीय जांच तथा अनुमंडल पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## विकास पदाधिकारी डॉ आंनद कुमार विभुति ने शांति मुकूल को किया सम्मानित




नई सोच एक्सप्रेस

**कांटी/ मुजफ्फरपुर।** डॉ आंनद कुमार विभुति प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा श्री शांति मुकुल PWD, मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत कांटी प्रखंड में दिव्यांजनों को जागरूक करने, उन्हे जीविका एवं मनरेगा समूहों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने तथा मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने में आपके द्वारा किया गया कार्य अत्यंत सराहनीय एवं उत्कृष्ट है। दिव्यांगजनों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (जैसे पेंशन, उपकरण सहायता) के बारे में जागरूक करना और उन्हे लाभ दिलवाने में सक्रिय भूमिका निभाना। दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उनके प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने हेतु सामुदायिक स्तर पर प्रयास करना। आपकी कर्त्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव हेतु आपको यह प्रशस्ति-पत्र सप्रेम प्रदान किया जाता है। मैं आपके उज्जल भविष्य की मंगल कामना करता हूँ।

## पौधारोपण से प्लास्टिक मुक्त अभियान तक, सारण में जागरूकता की मुहिम शुरू



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** पृथ्वी दिवस 2026 के अवसर पर सारण जिले से एक बड़े पर्यावरण जनअभियान की शुरुआत होने जा रही है। 15 अप्रैल से 31 मई तक चलने वाले इस राज्यव्यापी अभियान में सारण अग्रिम भूमिका निभाएगा। भारत स्काउट एवं गाइड एवं अर्थ डे डॉट ओआरजी के सहयोग से आयोजित इस पहल का लक्ष्य 5000 से अधिक विद्यालयों में 5 लाख "प्लास्टिक वॉरियर्स" तैयार करना है। अभियान के ब्रांड एंबेसडर ऋतुराज ने कहा कि यह पहल बच्चों और युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर उन्हें सकारात्मक बदलाव का वाहक बनाएगी। उन्होंने कहा कि युवाओं की भागीदारी से ही पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप दिया जा सकता है। जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज ने बताया कि अभियान के तहत पौधारोपण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, स्वच्छता जागरूकता और पर्यावरण शिक्षा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्काउट-गाइड एवं इको क्लब के माध्यम से विद्यार्थी न केवल अपने विद्यालय, बल्कि समाज में भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# जिलाधिकारी ने संविधान निर्माता की 135वीं जयंती पर माल्यार्पण किया

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद।** संविधान निर्माता एवं महान समाज सुधारक बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक, अपराजित लोहान ने अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल भारतीय संविधान के निर्माता ही नहीं हैं बल्कि वे सामाजिक समता, न्याय और मानवाधिकारों के अग्रणी सुधारक भी थे। उन्होंने "शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो" का संदेश देकर समाज को नई दिशा प्रदान की। बाबा साहेब ने जाति, भेदभाव और सामाजिक असमानताओं के खिलाफ संघर्ष कर सभी नागरिकों के लिए समान अवसर और सम्मान का राह प्रशस्त किया। उनका जीवन यह सिखाता है कि समाज परिवर्तन के लिए शिक्षा सबसे सशक्त माध्यम है। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को यह भी बताया कि बाबा साहेब द्वारा स्थापित संवैधानिक मूल्यों स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय को आत्मसात करना हम सभी की जिम्मेदारी है। पुलिस अधीक्षक ने भी बाबा साहेब के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनके आदर्शों पर चलकर ही समाज में शांति, न्याय और भाईचारे की स्थापना की जा सकती है। अंत में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि वे बाबा साहेब के विचारों एवं आदर्शों को अपने जीवन में अपनाए तथा आने वाली पीढ़ियों को भी उनके महान योगदान से अवगत करायें। जिससे की एक समावेशी समाज की स्थापना की जा सके। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात कर समाज को सशक्त बनाने का संकल्प लें

नई सोच एक्सप्रेस



**बेतिया/मझौलिया।** भारत रत्न, संविधान निर्माता एवं सामाजिक न्याय के महान पुरोधा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर चनपटिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पंचायतों एवं गांवों में आयोजित दर्जनों कार्यक्रमों में माननीय विधायक श्री अभिषेक रंजन शामिल हुए तथा बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बरोहिया, छरदौवारी, मिश्रौली, बाड़ीपट्टी, हरपुर सहित कई स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी जगह श्रद्धा, सम्मान एवं सामाजिक समरसता का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए विधायक श्री अभिषेक रंजन ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समानता और न्याय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को अधिकार दिलाने का जो कार्य किया, वह सदैव प्रेरणादायक रहेगा। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम सभी उनके विचारों—शिक्षा, संगठन और संघर्ष—को अपने जीवन में अपनाएं तथा समाज में व्याप्त भेदभाव और असमानता को समाप्त करने के लिए मिलकर प्रयास करें। विधायक श्री रंजन ने सभी लोगों से सामाजिक समरसता, समानता एवं संविधान के मूल्यों को अपनाकर एक सशक्त और समृद्ध समाज के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। इस अवसर पर विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार


### 228 बार रक्तदान करने वाले डॉ.सौरभ मौर्य को अटल बिहारी वाजपेई लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

» साधना फाउंडेशन के डॉ.सौरभ मौर्य को 2026 का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान

» रक्तदान के क्षेत्र में मिसाल बने डॉ.सौरभ मौर्य,लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

» 15 वर्षों की सेवा और 228 रक्तदान,डॉ. सौरभ मौर्य को मिला बड़ा सम्मान

» स्वैच्छिक रक्तदान के हीरो डॉ.सौरभ मौर्य को मिला राष्ट्रीय गौरव




**वाराणसी।**स्वैच्छिक रक्तदान एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अद्वितीय योगदान के लिए साधना फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.सौरभ मौर्य को वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित अटल बिहारी वाजपेई लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें उनके दीर्घकालिक सामाजिक कार्यों,विशेष रूप से रक्तदान अभियान में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। डॉ.सौरभ मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने अब तक स्वैच्छिक रूप से व्होल ब्लड डोनेशन एवं प्लेटलेट डोनेशन मिलाकर कुल 228 बार रक्तदान किया है जो अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है उनके नेतृत्व में साधना फाउंडेशन पिछले 15 वर्षों से निरंतर कार्य करते हुए लाखों मरीजों को जीवनदायी सहायता प्रदान कर चुका है उन्होंने यह भी बताया कि स्वैच्छिक रक्तदान के क्षेत्र में सबसे कम उम्र में सर्वाधिक बार रक्तदान करने का कीर्तिमान उनके नाम दर्ज है। इसके अतिरिक्त उन्हें पूर्व में भी कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है जिनमें इंस्पायरिंग यूथ इंडिया अवार्ड एवं भारतीय सेना द्वारा प्रदान किया गया राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार प्रमुख हैं। डॉ.मौर्य ने कहा कि उनके कार्यों को देखते हुए भारत केयर द्वारा वर्ष 2026 का यह पहला राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया है जो उनके लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। इस अवसर पर डॉ.सौरभ मौर्य ने इस सम्मान को साधना फाउंडेशन के सभी पदाधिकारियों,सदस्यों,अपने परिवार एवं देशभर के समस्त स्वैच्छिक रक्तदाताओं को समर्पित करते हुए कहा कि यह सम्मान सामूहिक प्रयासों और सेवा भाव की जीत का प्रतीक है।।

### नितिन नवीन बोले भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंम्बेडकर का एहसान हम कभी नहीं चुका सकते

» तरुण चुग बोले नेहरू कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का अपमान किया



**नई दिल्ली।**भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आज भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़ी धूमधाम के साथ मनाई इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मीडिया के लोगों से बातें करते हुए कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने जो देश का संविधान लिखा उसके लिए हम सदैव उनके ऋणी रहेंगे और उनका यह एहसान ऋण हम भारतीय कभी भी नहीं चुका सकते इस मौके पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में सर्वप्रथम राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चूग, अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, कार्यालय मंत्री श्री प्रकाश तंवर, अनुसूचित जाति मोर्चा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष मोहनलाल गिहारा, पूर्व विधायक राजकुमार आनंद, सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें युगपुरुष बताया और कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर देश की अनमोल धरोहर है इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेस को आधे हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और दलितों का अपमान किया है आज भारतीय जनता पार्टी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के पंच तीर्थ की स्थापना कर बाबा साहब को भारत रत्न देकर बाबा साहब को और दलितों को पिछड़ों को न्याय देने का कार्य भारतीय जनता पार्टी ने किया है नेहरू और कांग्रेस ने हमेशा ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का तिरस्कार किया है आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान पर चलने वाली सरकार है सभी को साथ लेकर चलने वाली यह हमारी भारतीय जनता पार्टी की निष्पक्ष सरकार है जो कभी भी किसी के साथ भेदभाव नहीं करती आज हमारे देश के गौरवशाली प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी सबका साथ सबका विकास वाली नीति पर चल रहे हैं और सबको दलितों पिछड़ों आदि को लेकर साथ चल रहे हैं और सब का विकास कर रहे हैं कभी भी किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है आज देश सबके साथ और सब के विकास को लेकर चल रहा है तभी हमारा देश आज सबसे शक्तिशाली और मजबूत ताकत बनकर उभरा है

### शाओमी ने रेडमी ए7 प्रो 5जी लॉन्च किया



**पटना।**शाओमी इंडिया ने रेडमी ए7 प्रो 5जी लॉन्च किया, जो रेडमी ए सीरीज़ का पहला 'प्रो' मॉडल है। यह स्मार्टफोन बड़े 6.9-इंच डिस्प्ले और 120एचजेड रिफ्रेश रेट के साथ शानदार व्यूइंग अनुभव देता है। फोन में 6300एमएच की दमदार बैटरी दी गई है, जो लंबे समय तक उपयोग के लिए उपयुक्त है। साथ ही, यह 15 वाट चार्जिंग और 7.5 वाट रिवर्स चार्जिंग को सपोर्ट करता है। रेडमी ए7 प्रो 5जी में ऑक्टा-कोर 5जी प्रोसेसर, 32एमपी एआई ड्यूल कैमरा और 8जीबी तक वर्चुअल रैम सपोर्ट मिलता है, जिससे यूजर्स को बेहतर परफॉर्मेंस और फोटोग्राफी अनुभव मिलता है। यह डिवाइस शाओमी हाइपर ओएस 3.0 पर चलता है और स्मार्ट फीचर्स के साथ आसान यूज़र अनुभव प्रदान करता है। स्मार्टफोन की शुरुआती कीमत 11,499 रुपये है और यह 15 अप्रैल 2026 से अमेजन, एमआईडॉटकॉम और रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध।

# शिक्षा से ही होगा समाज का उत्थान, गांवों में खुलेंगी ई- लाइब्रेरी: किलक

नई सोच एक्सप्रेस



» डेगाना विधानसभा स्तरीय अंबेडकर की 135 वीं जयंती समारोह आयोजित, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन का आह्वान

**नागौर।**शहर के गौरेडी करणा में स्थित राजस्थान माध्यमिक संस्थान में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर राजस्थान अंबेडकर शिक्षक संघ, डेगाना की ओर से उपखड़ स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात कर शिक्षा, समानता और सामाजिक सुधार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि डेगाना विधायक अजयसिंह किलक ने कहा कि किसी भी समाज का विकास शिक्षा से ही संभव है। उन्होंने बताया कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विधायक कोष से गांवों में ई-लाइब्रेरी स्थापित करने की घोषणाएं की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब किसी व्यक्ति विशेष के नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे, जिन्होंने विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश का संविधान रचकर समाज को नई दिशा दी। प्रधानाचार्य हनुमानराम मेहरा ने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए कुरीतियों और नशे की प्रवृत्ति को समाप्त करना जरूरी है। वरिष्ठ भाजपा नेता रामपाल राठी ने अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। वरिष्ठ भाजपा नेता बिरदीचंद तोषनीवाल ने बाबा साहेब के संघर्षपूर्ण जीवन का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्होंने अभावों में रहकर भी सफलता की नई ऊंचाइयों को छुआ। कार्यक्रम में मेघवाल समाज अध्यक्ष नरसीराम कटारिया, सरपंच पुरखाराम इंदा फौजी, मांगीलाल काला, आजाद समाज पार्टी अध्यक्ष रामनिवास मेहरा, अंबेडकर शिक्षक संघ अध्यक्ष मूलचंद बलोटिया, कृष्ण कुमार कटारिया, छोटूलाल टाक, मोहनसिंह रेवंत, दीपक जांगिड़, रोहित काला सहित नन्हीं बालिकाओं में साक्षी, वर्षा कटारिया, छवि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर पूर्व पार्षद भंवरलाल धोजक, रामनिवास पंवार मांझी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष युनुस खान, शंकरलाल कटारिया, जयराम देवल, मदनलाल कटारिया, देवकरण कालवा, सोहनलाल कटारिया, भाजपा शहर अध्यक्ष महेश दिवाकर, ताराचंद गर्वा, पेमाराम मौर्य, नवरत्न नवल, देवाराम मिंडा, श्रवणराम मेहरा, कैलाश राठी, पर्वतसिंह हाडा, रामराघुनाथ लाइनमैन, सीताराम कटारिया, पांचाराम दिवराया, झूमर भाटी, राजाराम मेहरा, जगदीश दुबरिया सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व आसपास के गांवों से आए लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज मिंडा ने किया।

## जहानाबाद फुटपाथ दुकानदारों के स्थायी समाधान की मांग तेज

नई सोच एक्सप्रेस



जहानाबाद।फुटपाथ दुकानदारों के स्थायी पुनर्वास को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा हो चला है। फुटपाथ दुकानदार संघ के जिला अध्यक्ष ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी पर गंभीर आरोप लगाया हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन फुटपाथ दुकानदारों के स्थायी समाधान के लिए गंभीर है और यह सुनिश्चित करना चाहता है कि कोई भी गरीब दुकानदार अपने रोजी-रोजगार से वंचित न हो। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी का स्पष्ट निर्देश है कि सभी फुटपाथ दुकानदारों को व्यवस्थित कर उन्हें स्थायी रूप से रोजगार उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे भुखमरी की स्थिति में न पहुंचें। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के अड़ियल रवैये के कारण इस दिशा में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है। पूर्व में अतिक्रमण हटाने के दौरान जेसीबी मशीन से चार गुमटियों को तोड़ा गया और कई दुकानदारों का सामान जब्त कर लिया गया, जिससे दुकानदारों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा कुछ हद तक पहल करते हुए सब्जी मंडी, कृषि बाजार, मीट मुर्गा मछली मार्केट, अरवल मोड़, राजा बाजार और बस स्टैंड जैसे स्थानों पर वेंडिंग जोन निर्धारित किए गये हैं। जहां कई दुकानदारों को व्यवस्थित भी किया गया है। कुछ दुकानदार अभी बस स्टैंड वेंडिंग जोन में जाने को तैयार नहीं हैं, जिससे समस्या बनी हुई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अतिक्रमण हटाने के बाद नगर परिषद इस मामले में सक्रिय नहीं है और फुटपाथ दुकानदारों की समस्याओं के समाधान में असफल साबित हो रही है।

# लोलाब में विशाल चिकित्सा शिविर ने स्वास्थ्य जागरूकता, मादक पदार्थ विरोधी अभियान और विकसित भारत विजन पर प्रकाश डाला

नई सोच एक्सप्रेस



**कुपवाड़ा।**कुपवाड़ा जिला प्रशासन के साथ समन्वय में भारतीय सेना (लोलाब आरआर) द्वारा गुणवत्ता स्वास्थ्य देखभाल अस्पताल कुपवाड़ा के सहयोग से गुंडमाचर, लोलाब में एक विशाल चिकित्सा शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जो दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा पहुंच को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शिविर का औपचारिक उद्घाटन कुपवाड़ा के उपायुक्त ने लोलाब आर. आर. के कमांडिंग अधिकारी के साथ किया। इस कार्यक्रम में गुणवत्ता स्वास्थ्य देखभाल अस्पताल कुपवाड़ा के प्रबंध निदेशक, बीएमओ सोगम, श्री अब्दुल रहीम वानी (संयुक्त सचिव, जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी) और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

**दरवाजे पर स्वास्थ्य सेवाः** विशेषज्ञ डॉक्टरों और पैरामेडिकल कर्मचारियों की एक बड़ी टीम ने प्रदान कियाः

निःशुल्क मेडिकल जांच

दवाओं का वितरण

विशेषज्ञ परामर्श

शिविर में लोलाब के विभिन्न हिस्सों से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्ग नागरिकों सहित हजारों लाभार्थियों ने भाग लिया। इस पहल ने इस दूरदराज के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच में काफी सुधार किया है।

**च. उपचार से परे-जागरूकता के लिए एक आंदोलनः** सभा को संबोधित करते हुए, गुणवत्ता स्वास्थ्य देखभाल अस्पताल के प्रबंध निदेशक ने जोर देकर कहा कि इस तरह की पहल केवल उपचार के बारे में नहीं है, बल्कि जागरूकता, रोकथाम और सशक्तिकरण के बारे में है।

**प्रमुख स्वास्थ्य कार्यक्रमों में शामिल हैं:**

तपेदिक (टीबी) जागरूकता और जांच

हेपेटाइटिस बी एंड सी स्क्रीनिंग

गैर-संचारी रोग (मधुमेह, उच्च रक्तचाप)

महिलाओं और किशोरों में स्वास्थ्य जागरूकता

स्कूल और मदरसा स्वास्थ्य जांच-नशा मुक्त भारत अभियान पर कड़ा संदेश

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत युवाओं से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में एक जोरदार अपील की गई।

**इस बात पर जोर दिया गया था किः** ड्रग्स न केवल व्यक्तियों बल्कि परिवारों और समाज के भविष्य को भी नष्ट कर देता है। युवाओं को लत के बजाय स्वास्थ्य, शिक्षा और उद्देश्य को चुनना चाहिए।

भाषण में व्यसन के वैज्ञानिक और सामाजिक प्रभाव पर प्रकाश डाला गया, जिसमें परिवारों, संस्थानों और समाज से सामूहिक जिम्मेदारी का आग्रह किया गया।

**शिक्षा और जागरूकता का महत्वः**सभा को निम्नलिखित क्षेत्रों में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूक किया गयाः

नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकें

शोषण से बचें

स्वास्थ्य संबंधी सुविचारित निर्णय लेना

ग्रामीण आबादी को दलालों और अनावश्यक रेफरल द्वारा गुमराह होने से बचाने, योग्य स्थानीय स्वास्थ्य प्रणालियों में विश्वास को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया।

ची. विकसित भारत विजन और युवाओं की भूमिका

कार्यक्रम ने विकसित भारत के दृष्टिकोण के साथ दृढ़ता से संरेखित किया, इस बात पर जोर देते हुए किः

एक स्वस्थ और शिक्षित युवा एक विकसित राष्ट्र की रीढ़ है

राष्ट्र निर्माण के लिए जागरूकता और अनुशासन आवश्यक है

ग्रामीण और परिधीय क्षेत्रों को समान रूप से सशक्त बनाया जाना चाहिए

कश्मीर के युवाओं, विशेष रूप से लोलाब को शिक्षा, स्वास्थ्य चेतना और जिम्मेदार व्यवहार के माध्यम से राष्ट्रीय प्रगति में योगदानकर्ता बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

च. राष्ट्र निर्माण के लिए सहयोग

भारतीय सेना, जिला प्रशासन और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल अस्पताल के बीच सहयोग की व्यापक रूप से सराहना की गई।

**यह साझेदारी एक समग्र दृष्टिकोण को दर्शाती है जहां:**

सुरक्षा बल

सिविल प्रशासन

स्वास्थ्य सेवा संस्थान न केवल सुरक्षा के लिए बल्कि सामाजिक विकास और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुधार के लिए भी मिलकर काम करते हैं।

**च. सामुदायिक प्रभावः** शिविर को स्थानीय लोगों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिन्होंने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को अपने दरवाजे तक लाने की पहल की सराहना की। कार्यक्रम ने जागरूकता और निवारक स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से स्थायी प्रभाव छोड़ने के साथ-साथ तत्काल चिकित्सा आवश्यकताओं को सफलतापूर्वक पूरा किया।

## भकरी में सेन जयंती पर उमड़ा आस्था का सैलाब,मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

नई सोच एक्सप्रेस



नागौर.सेन जयंती समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को साफा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते अतिथि

» मंदिर परिसर में दिनभर गूंजे भजन-कीर्तन,बना भक्तिमय माहौल

**नागौर।** भकरी गांव में सेन समाज द्वारा सेन जयंती श्रद्धा,उल्लास और भक्तिभाव के साथ धूमधाम से मनाई गई।श्री सैन मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रमों में समाज के लोगों की भारी भागीदारी देखने को मिली।पूरे दिन धार्मिक आयोजनों,भजन-कीर्तन और प्रवचनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।मीडिया प्रभारी भावेश भेराराम सेन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान सेनजी महाराज की पूजा-अर्चना के साथ हुआ।मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया गया था।भजन-कीर्तन और संतों के प्रवचनों के माध्यम से समाज में एकता,शिक्षा और सेवा का संदेश दिया गया।इस अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया।समिति अध्यक्ष दिलीप कुमार सेन गुलर एवं सचिव सुखदेव सेन बिठवालिया ने बताया कि कक्षा 10वीं और 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को साफा,माला और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी।सुबह निकाली गई भव्य शोभायात्रा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही,जिसमें सजी-धजी झांकियों ने सभी का मन मोह लिया।शोभायात्रा मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम के समापन पर भंडारे का आयोजन हुआ,जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।इस दौरान श्री सैन मंदिर भकरी सहित समस्त सैन समाज परबसर पट्टी की कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।संरक्षक मंडल में राधाकिशन चित्तावा व दिल्ली मंडल के सचिव हनुमान प्रसाद सेन हरसोर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।पूरे आयोजन में भक्ति,उत्साह और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## अपराधियों का राजः हत्या, दुष्कर्म और 'जीरो टॉलरेंस' का खोखला नारा


नई सोच एक्सप्रेस

» प्रधानमंत्री मोदी को जीरो टॉलरेंस का झूठे नारा से स्वागत न करें

**फतुहा।** समूचा बिहार आज खून से सना हुआ प्रतीत होता है। एक ओर हत्या, दुष्कर्म और अपराध की घटनाएं बेकाबू रफ्तार से बढ़ रही हैं, वहीं दूसरी ओर सरकार 'जीरो टॉलरेंस' का नारा देकर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ती नजर आ रही है। सवाल यह है कि जब धरातल पर कानून-व्यवस्था चरमरा रही हो, तब क्या सिर्फ नारों से जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है? हाल के दिनों में घटित घटनाएं बिहार की भयावह स्थिति को उजागर करती हैं। बेउर थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव में दीपु कुमार की पीट-पीटकर हत्या कर दी जाती है। बिक्रम थाना क्षेत्र के अराप गांव में गोलू कुमार की निर्मम हत्या होती है। बिहटा के राघोपुर स्थित मौआर कॉलोनी में इंजीनियरिंग की 18 वर्षीय छात्रा अनुपमा कुमारी की हत्या कर दी जाती है। नालंदा के बड़गांव मुशहरी में 55 वर्षीय चंदेश्वर माझी को मौत के घाट उतार दिया जाता है। समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर सिर कटी लाश मिलती है, जो पूरे सिस्टम पर सवालिया निशान खड़ा करती है। इतना ही नहीं, दरभंगा, गया और अन्य जिलों में नाबालिग बच्चियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं समाज को झकझोर देने वाली हैं। गया के आमस थाना क्षेत्र में तो हैवानियत की सारी हदें पार हो जाती हैं, जहां एक मासूम बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म में उसका सगा चचेरा भाई भी शामिल पाया जाता है। आरा के संदेश थाना क्षेत्र में 22 वर्षीय हीरा यादव की हत्या यह दर्शाती है कि अपराधियों के हौसले किस कदर बुलंद हैं। इन घटनाओं की श्रृंखला कोई अपवाद नहीं, बल्कि बिहार की वर्तमान स्थिति का कड़वा सच है। हर दिन नई वारदात, हर दिन नई चीख, हर दिन एक नया सवाल—आखिर 'जीरो टॉलरेंस' कहां है? क्या यह सिर्फ कागजों और भाषणों तक सीमित एक खोखला नारा बनकर रह गया है? सरकार यदि सचमुच अपराध के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर चल रही है, तो फिर अपराधियों के मन में कानून का भय क्यों नहीं है? क्यों दिनदहाड़े हत्याएं हो रही हैं? क्यों बेटियां सुरक्षित नहीं हैं? क्यों अपराधियों को सजा मिलने में वर्षों लग जाते हैं? यह स्थिति न केवल प्रशासनिक विफलता को दर्शाती है, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी को भी उजागर करती है। आज जरूरत है कड़े और ठोस कदमों की, न कि खोखले नारों की। यदि 'जीरो टॉलरेंस' को जमीन पर उतारना है, तो हर थाना, हर गांव, हर शहर में कानून का भय स्थापित करना होगा। अपराधियों को तत्काल और कठोर सजा देनी होगी, ताकि समाज में एक स्पष्ट संदेश जाए कि अपराध करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। यदि सरकार वास्तव में 'जीरो टॉलरेंस' का संदेश देना चाहती है, तो सिर्फ मंचों से घोषणा करने के बजाय उसे हर गली, हर मोहल्ले, हर थाना में प्रभावी बनाना होगा। अन्यथा यह नारा केवल एक राजनीतिक जुमला बनकर रह जाएगा, जिस पर जनता हंसेगी और अपराधी खुलेआम तांडव करते रहेंगे।

# विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमारजी के शुभ हाथों 'सुराज्य अभियान' वेबपेज का लोकार्पण

नई सोच एक्सप्रेस



**फोंडा(गोवा)।**देश में प्रशासनिक त्रुटियों, भ्रष्टाचार और सामान्य नागरिकों पर होने वाले अन्याय को दूर कर वास्तविक 'सुराज्य' स्थापित करने के उद्देश्य से हिंदू जनजागृति समिति द्वारा प्रारंभ किया गया 'सुराज्य अभियान' अब डिजिटल माध्यम से और अधिक व्यापक हो रहा है। इस अभियान का परिचय देशभर में पहुंचे तथा राष्ट्रप्रेमी नागरिक इसमें सक्रिय रूप से सहभागी बनें, इस उद्देश्य से तैयार किए गए नए वेबपेज का लोकार्पण विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता आलोक कुमार के करकमलों से संपन्न हुआ।

**वेबपेज की प्रमुख विशेषताएं एवं नागरिकों को होने वाले लाभ** : शिकायत निवारण (Report an Issue) : यदि किसी नागरिक को भ्रष्टाचार या प्रशासनिक विलंब का सामना करना पड़ता है, तो वह इस वेबपेज पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है। इन समस्याओं के विरुद्ध संवैधानिक मार्ग से लड़ने हेतु विशेषज्ञों द्वारा कानूनी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

**प्रत्यक्ष जनसहभाग** : चल रहे विभिन्न राष्ट्रीय अभियानों (Ongoing Campaigns) में नागरिक घर बैठे सहभागी बन सकते हैं। स्थानीय समस्याओं के विरुद्ध प्रशासनिक प्रक्रिया कैसे प्रारंभ करें, इसका मार्गदर्शन यहां उपलब्ध है।

जानकारी का भंडार : अभियान की अब तक की उपलब्धियां, महत्वपूर्ण न्यायालयीन लड़ाइयां तथा आगामी उपक्रमों की विस्तृत जानकारी इस वेबपेज पर उपलब्ध है, जो नागरिकों में कर्तव्यबोध जागृत करेगी।

**समन्वयकों से संपर्क** : वेबसाइट पर आवेदन भरते ही समिति के समन्वयक संबंधित व्यक्ति से संपर्क करेंगे, जिससे 'सुराज्य' स्थापना के कार्य में सामान्य नागरिक संगठित रूप से जुड़ सकेंगे।

देश के प्रत्येक जागरूक नागरिक से अपील की गई है कि वे इस डिजिटल मंच का लाभ उठाकर अपने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु तथा पारदर्शी प्रशासन की स्थापना के लिए इस अभियान से जुड़ें। इस अभियान से जुड़ने के लिए नागरिक hindujagruti.org/surajya-abhiyan इस लिंक पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## तजुर्बे को झेलना आसान नहीं

शीत युद्ध की समाप्ति के बाद उभरी एक-ध्रुवीय दुनिया में ऐसी मिसाल ढूंढे नहीं मिलेगी। ईरान का यह एलान चौंकाने वाला है कि वह अपनी शर्तों और अपने चुने हुए समय पर लड़ाई रोकेगा। ईरान ऐसा करने की स्थिति में आखिर कैसे पहुंचा? कोई देश अमेरिकी फॉर्मूले को ठुकरा कर युद्ध खत्म करने के लिए अपनी शर्तें पेश करे, दुनिया के लिए यह नया तजुर्बा है। खासकर शीत युद्ध की समाप्ति के बाद उभरी एक-ध्रुवीय दुनिया में ऐसी मिसाल ढूंढे नहीं मिलेगी। इसीलिए ईरान का यह एलान चौंकाने वाला साबित हुआ कि वह अपनी शर्तों और अपने चुने हुए समय पर लड़ाई रोकेगा। ईरान ऐसा करने की स्थिति में पहुंचा, तो उसकी संभवतः तीन वजहें हैं। एक तो वहां का नेतृत्व मरने-मारने की मनोदशा में है, दूसरे डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने जारी वार्ता के बीच दो बार हमले कर अपनी साख गंवा दी है, और तीसरे लगभग चार हफ्तों में ईरान ने युद्ध की कथा बदल डाली है। ईरान की जबरदस्त बर्बादी एक तथ्य है। अमेरिका के मुताबिक उसने लगभग दस हजार ईरानी ठिकानों पर बमबारी की है। मगर लड़ाई का एक दूसरा पक्ष भी है। अमेरिका के एक प्रमुख अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिका के 13 सैनिक अड्डों को इस तरह तबाह किया है कि वहां किसी का रहना संभव नहीं रह गया है। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक इस दौरान लगभग 20 अमेरिकी लड़ाकू विमान या तो नष्ट कर दिए गए या वे क्षतिग्रस्त हुए हैं। इनमें अमेरिका का सबसे आधुनिक लड़ाकू विमान एफ-35 भी है। इसी तरह अमेरिका के बहुचर्चित बेड़े अब्राहम लिंकन और जेराल्ड फोर्ड पर ईरान ने मिसाइलें दागीं, जिनसे उन्हें नुकसान होने की चर्चा रही है। इस बीच इजराइल के अंदर ईरानी मिसाइलों ने अंदर तक घुस कर मार की है। ऐसे में नए ईरानी नेतृत्व का आकलन संभवतः यह है कि जमीनी हमले की तैयारी के साथ-साथ अमेरिका युद्धविराम का फॉर्मूला भी भेज रहा है, तो उस पर यकीन नहीं किया जा सकता। फिर, जब युद्ध में ईरान को अपने सर्वोच्च नेतृत्व को गंवाने से लेकर जान-माल की व्यापक क्षति झेलनी पड़ी है, तो पुराने मुद्दों और उन्हीं अमेरिकी शर्तों पर फिर बात करने का कोई तुक नहीं रह जाता। तो ईरान ने अमेरिकी फॉर्मूला ठुकरा दिया है। अमेरिकी शासक वर्ग के लिए इस तजुर्बे को झेलना आसान नहीं होगा।

# चुनावी मैदान में गरमाया बंगाल, भाजपा का संकल्प पत्र लॉन्च



आरती कुमारी

असम, केरल व पुदुचेरी में विधानसभा चुनाव हेतु मतदान संपन्न हो जाने के बाद पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु के चुनाव प्रचार मे आक्रामकता आ गई है। बंगाल के सन्दर्भ में प्राप्त विश्लेषणों के अनुसार ऐसा लग रहा है कि इन चुनावों में बंगाल में मात्र दो प्रतिशत मतों के अंतर से ही सरकार बनने का खेल होने वाला है। सत्ता के लिए प्रमुख लड़ाई चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के लिए प्रयासरत ममता बनर्जी तथा भारतीय जनता पार्टी के बीच ही है और यही दोनों आक्रामक रूप से चुनाव प्रचार भी कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने पहले ममता सरकार के खिलाफ श्वेत पत्र जारी किया फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन विशाल जनसभाओं के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया। इस बीच बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व उनकी पार्टी के कुछ नेताओं ने बीजेपी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर हिंसा को बढ़ावा देने वाली बयानबाजी आरम्भ कर दी। अभिषेक बनर्जी तो अपनी रैली में सीधे तौर पर भाजपा के कार्यकर्ताओं की गर्दन, हाथ, पैर तोड़ने तक की बात कह रहे हैं। इसके लिए उनके खिलाफ चुनाव आयोग की ओर से एफआईआर भी की गई है।बंगाल की मुख्यमंत्री ने स्वयं चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है और लगातार कोर्ट में अभियान चला रही हैं। बंगाल की मतदाता सूची से लगभग 91 लाख मतदाताओं के नाम कट जाने से वह अधिक परेशान हैं। भाजपा भी इस बार सरकार बनाने के लिए लड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी हल्दिया, आसनसोल व सिउड़ी में विशाल जनसभाओं में बंगाल की जनता को छह गारंटियां दीं जिनको भाजपा के संकल्प पत्र में दोहरा कर मजबूत किया गया। इन जनसभाओं में प्रधानमंत्री मोदी ने जहाँ एक ओर विकास और सुशासन का एजेंडा सामने रखा वहीं दूसरी ओर टीएमसी सरकार पर चौतरफा प्रहार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार बनने के बाद सबका साथ सबका विकास तो होगा ही लेकिन जिन लोगों ने लूटा है, उन लुटेरों का हिसाब भी होगा। उन्होंने ममता सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि विगत 15 वर्षों में राज्य में सिंडीकेट, कट मनी और गुंडाराज का बोलबाला रहा है जिससे आम जनता का विश्वास टूटा है। भाजपा सरकार आने पर भय की जगह भरोसा कायम किया जायेगा। भ्रष्टाचार करने वालों को जेल भेजेंगे। सरकारी सिस्टम जनता के लिए जवाबदेह होगा। हर घोटाले, भ्रष्टाचार ओर बहन बेटियों के साथ हुए अन्याय की फाइलें, खुलेंगी। घुसपैठियों को खोज खोजकर खदेड़ा जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी की विशाल जनसभाओं के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया है जिसमें कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गयी हैं। बंगाल में कोलकाता के भाजपा कार्यालय में एक विशाल वंदेमातरम संग्रहालय बनाया जाएगा। गृहमंत्री ने कहा कि हम वंदे मातरम की परिकल्पना के माध्यम से बंगाल की संस्कृति को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करेंगे।अभी वंदेमातरम की 150 वीं जयंती पर संसद में विशेष सत्र का आयोजन हो चुका है तथा साथ ही अब सरकारी आयोजनों में संपूर्ण वंदेमातरम गायन अनिवार्य किया जा चुका है।बंगाल की दृष्टि से वंदेमातरम संग्रहालय की स्थापना एक महत्वपूर्ण घोषणा है। सिंगूर को लेकर घोषणा- भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में दूसरी बड़ी घोषणा सिंगूर को लेकर की है जिसमें भाजपा ने सरकार बनने के बाद वहां एक औद्योगिक पार्क बनाने का संकल्प किया है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सिंगूर



से अपनी राजनैतिक जमीन बनाने की शुरुआत की थी। पश्चिम बंगाल का सिंगूर विवाद भारत के औद्योगिक और राजनीतिक इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना रही है। सिंगूर विवाद वर्ष 2006 में शुरू हुआ था जब तत्कालीन वामपंथी सरकार ने हुगली जिले के सिंगूर में टाटा मोटर्स को नैनो कार बनाने के लिए करीब 997 एकड़ जमीन दी। सरकार ने यह जमीन पुराने भूमि अधिग्रहण कानून के अंतर्गत ली थी किंतु सरकार ने निर्णय का कुछ स्थानीय किसान संगठनों ने विरोध किया था तब ममता बनर्जी किसानों के समर्थन में आ गई और मां, माटी और मानुष का नारा दिया। आज बंगाल मे सभी कल कारखाने बंद हो चुके हैं और भारी बेरोजगारी है। यही कारण है कि भाजपा ने अब सिंगूर में ही औद्योगिक पार्क बनवाने का संकल्प लिया है। संकल्प पत्र में राज्य में कानून व्यवस्था सुधारने और विकास को गति देने को भाजपा का लक्ष्य बताया गया है। भाजपा ने अपने घोषणापत्र में महिलाओं, युवाओं, किसानों, बुजुर्गों एवं व्यापारियों के लिए घोषणा की है। भाजपा के संकल्प पत्र में बंगाल मे राजनीतिक हिंसा की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में एक विशेष आयोग बनाया जाएगा और सभी मामलों की जांच कर दोषियों को सजा दिलाई जाएगी। साथ ही कानून व्यवस्था की स्थिति पर श्वेत पत्र जारी किया जाएगा। इसके अलावा घुसपैठियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट नीति लागू की जाएगी। कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता लागू किया जाएगा। महिलाओं को हर महीने 3000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। आयुष्मान भारत सहित केंद्र सरकार की सभी योजनाएं बंगाल में लागू की जाएंगी। भाजपा ने बंगाल में भी समान नागरिक संहिता लागू करने का संकल्प लिया है और युवाओं को एक करोड़ रोजगार देने का वादा भी किया है। भाजपा वर्ष 2026 में बंगाल से ममता सरकार की विदाई तय करने के लिए सतर्कता के साथ कड़ी मेहनत कर रही है। बंगाल के विश्लेषकों का मत है कि बंगाल में ममता दीदी का दुर्ग भेदना अभी भी बहुत कठिन है क्योंकि चुनावी हिंसा बहुत अधिक होती है लेकिन इस बार चुनाव आयोग भी बहुत सख्त है अतः परिस्थिति बदल सकती है। इस बार चुनावों के बाद भी दो माह तक बंगाल में केंद्रीय बल तैनात रहेंगे। विश्लेषकों कहना है कि यदि इस बार बंगाल चुनाव बिना किसी हिंसा के संपन्न हो जाते हैं तो भाजपा सरकार बनने की सम्भावना भी बन सकती है।

# इतिहास, वर्तमान और भविष्य के त्रिकोण में भारत



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

भारत का इतिहास केवल घटनाओं का क्रम नहीं है, बल्कि वह एक जीवंत धारा है जिसमें संघर्ष, त्याग, विश्वास और परिवर्तन की अनगिनत परतें समाहित हैं। कुछ दिन ऐसे होते हैं जो इतिहास में स्थायी रूप से दर्ज हो जाते हैं, ऐसे दिन जो केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की दिशा भी तय करते हैं। वर्तमान समय भी उन्हीं में से एक प्रतीत होता है, जहां अतीत की गूंज, वर्तमान की हलचल और भविष्य की संभावनाएं एक साथ दिखाई देती हैं। भारत के इतिहास में यह समय विशेष महत्व रखता है। एक ओर जहां खालसा पंथ की स्थापना का गौरवशाली क्षण है, वहीं दूसरी ओर जलियांवाला बाग हत्याकांड जैसी दर्दनाक घटना भी इसी कालखंड में घटित हुई थी। सन् 1699 में गुरु गोबिंद सिंह द्वारा खालसा पंथ की स्थापना केवल धार्मिक घटना नहीं थी, बल्कि यह भारतीय समाज में आत्मसम्मान, समानता और अत्याचार के विरुद्ध खड़े होने का आह्वान था। खालसा का अर्थ ही है- शुद्ध, निर्भीक और स्वतंत्र। यह स्थापना उस समय हुई जब मुगल शासन के अत्याचार चरम पर थे। खालसा पंथ ने न केवल धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा की, बल्कि एक ऐसे समाज का निर्माण किया जिसमें जाति, वर्ग और भेदभाव का स्थान नहीं था। 13 अप्रैल 1919 को रेजिनाल्ड डायर द्वारा अमृतसर के जलियांवाला बाग में निहत्थे लोगों पर गोली चलाना मानवता के इतिहास का सबसे काला अध्याय है। इस घटना ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को एक नई दिशा दी। इस हत्याकांड ने यह स्पष्ट कर दिया कि ब्रिटिश शासन केवल दमन और अत्याचार पर आधारित था। यह घटना भारत के हर नागरिक के दिल में स्वतंत्रता की ज्वाला को और प्रज्वलित करने का कारण बनी। इतिहास के इन अध्यायों की गूंज आज भी सुनाई देती है, लेकिन वर्तमान में परिस्थितियां अलग रूप में सामने आ रही हैं। वर्तमान समय में डोनाल्ड ट्रम्प जैसे नेताओं की नीतियों का प्रभाव वैश्विक बाजारों पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उनकी नीतियों और बयानों के कारण बाजार में अस्थिरता देखी जा रही है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में यह उतार-चढ़ाव भारत जैसे विकासशील देशों के लिए चुनौतीपूर्ण है। निवेश, व्यापार और रोजगार पर इसका सीधा असर पड़ता है। मध्य पूर्व में स्थित लेबनान में हाल के घटनाक्रमों ने पूरे विश्व को झकझोर दिया है। हजारों लोगों की मौत और व्यापक विनाश ने यह दिखाया है कि युद्ध और अस्थिरता का सबसे बड़ा खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ता है। यह स्थिति यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या मानवता ने इतिहास से कुछ सीखा है? भारत के पूर्वी हिस्से, विशेषकर पश्चिम बंगाल और बिहार, इस समय राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल गरम है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपनी पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में है और उसकी उम्मीदें न्यायपालिका और जनसमर्थन दोनों पर टिकी हैं। बंगाल की राजनीति में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। हालिया सर्वेक्षणों के अनुसार भाजपा का प्रभाव बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है, हालांकि अंतिम परिणाम अभी अनिश्चित है। बिहार केवल एक राज्य नहीं है, बल्कि भारतीय राजनीति का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां के राजनीतिक घटनाक्रम का असर राष्ट्रीय स्तर पर पड़ता है। बंगाल चुनाव में प्रचार के लिए गए बिहारी नेताओं की वापसी का समय और परिस्थितियां भी राजनीतिक संकेत दे रही हैं। यह स्पष्ट है कि बिहार और बंगाल की राजनीति आपस में कहीं न कहीं जुड़ी हुई है। "उमस" केवल मौसम की नहीं होती है, बल्कि राजनीतिक वातावरण की भी प्रतीक है। जब वातावरण में उमस होती है, तो यह अक्सर किसी बड़े परिवर्तन का संकेत देती है, जैसे बारिश से पहले की स्थिति। इसी प्रकार राजनीति में भी जब अस्थिरता और तनाव बढ़ता है, तो यह किसी बड़े बदलाव की भूमिका तैयार करता है। भाजपा के लिए वर्तमान समय अवसरों और चुनौतियों का मिश्रण है। भाजपा के लिए अवसर है बंगाल में बढ़ता जनसमर्थन और राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत संगठन। वहीं चुनौतियां है स्थानीय मुद्दों का प्रभाव, विपक्ष की रणनीति और जन अपेक्षाओं पर खरा उतरना। राजनीति में केवल हवा का रुख ही नहीं, बल्कि उस हवा को दिशा देने की क्षमता भी महत्वपूर्ण होती है। भारत आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां इतिहास सीख दे रहा है, वर्तमान चुनौती दे रहा है और भविष्य पुकार रहा है। यह समय केवल घटनाओं को देखने का नहीं है, बल्कि उन्हें समझने और उनसे सीखने का है। खालसा पंथ की स्थापना साहस और आत्मबल सिखाती है, जबकि जलियांवाला बाग अन्याय के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देता है। वर्तमान की चुनौतियां सतर्क रहने को कहती हैं और भविष्य जिम्मेदारी का एहसास कराता है। भारत की शक्ति उसकी विविधता, उसकी लोकतांत्रिक परंपरा और लोगों की जागरूकता में निहित है। यदि ये तीनों मजबूत हैं, तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं हो सकती।

# सम्राट चौधरीः सामाजिक विरासत से सत्ता के शिखर तक—बिहार की राजनीति में उभरते नेतृत्व की व्यापक यात्रा और संभावनाएँ

आचार्य अशोक चौधरी प्रियदर्शी कटिहार बिहार

बिहार की राजनीति सदैव परिवर्तन, संघर्ष और पुनर्निर्माण की प्रक्रिया से गुजरती रही है। यह वह भूमि है जहाँ सामाजिक चेतना, जातीय समीकरण, वैचारिक संघर्ष और नेतृत्व की क्षमता—इन सभी का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। ऐसे राजनीतिक परिवेश में जब कोई नया नेतृत्व उभरता है, तो वह केवल एक व्यक्ति का उत्थान नहीं होता, बल्कि वह पूरे राजनीतिक तंत्र में एक नई दिशा और ऊर्जा का संकेत देता है। वर्तमान समय में सम्राट चौधरी का उदय इसी व्यापक परिवर्तन का प्रतीक है। सम्राट चौधरी का राजनीतिक जीवन समझने के लिए उनके सामाजिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि को समझना आवश्यक है। उनका जन्म 16 नवम्बर 1968 को बिहार के एक राजनीतिक रूप से सक्रिय परिवार में हुआ। उनके पिता शकुनी चौधरी स्वयं बिहार की राजनीति में एक प्रभावशाली नेता रहे। इस प्रकार बचपन से ही सम्राट चौधरी ने राजनीति को केवल सत्ता के रूप में नहीं, बल्कि समाज सेवा और जनसंपर्क के माध्यम के रूप में देखा। यही कारण है कि उनके व्यक्तित्व में प्रारंभ से ही नेतृत्व के गुण विकसित होते दिखाई देते हैं। उनकी शिक्षा बिहार में ही हुई, जहाँ उन्होंने न केवल अकादमिक ज्ञान अर्जित किया, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक वातावरण को भी गहराई से समझा। छात्र जीवन में ही उनमें नेतृत्व के बीज अंकुरित हो चुके थे। वे केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रहे, बल्कि समाज और राजनीति के प्रति उनकी रुचि लगातार बढ़ती रही। यही रुचि आगे चलकर उनके राजनीतिक जीवन की आधारशिला बनी। राजनीति में उनका प्रवेश एक सुनियोजित यात्रा का प्रारंभ था। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत राष्ट्रीय जनता दल से की। यह वह समय था जब बिहार की राजनीति में सामाजिक न्याय का विमर्श प्रमुख था। इस दौर में उन्होंने संगठन के भीतर कार्य करते हुए जमीनी राजनीति को समझा। वर्ष 2000 में वे पहली बार विधायक बने, जो उनके राजनीतिक जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव था। किन्तु राजनीति में केवल प्रारंभिक सफलता ही पर्याप्त नहीं होती, बल्कि समय के साथ दिशा और दृष्टिकोण का चयन भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। सम्राट चौधरी ने समय के साथ अपनी राजनीतिक दिशा में परिवर्तन किया और जनता दल (यू) से जुड़ गए। यह परिवर्तन केवल दलगत नहीं, बल्कि प्रशासनिक अनुभव प्राप्त करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम था। जदयू में रहते हुए उन्होंने बिहार सरकार में विभिन्न विभागों के मंत्री के रूप में कार्य किया। पंचायती राज, उद्योग और अन्य विभागों में उनकी भूमिका प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रही। उन्होंने स्थानीय शासन को मजबूत करने, विकास योजनाओं को गति देने और प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य किया। यह अनुभव उनके राजनीतिक जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुआ क्योंकि इससे उन्होंने शासन की जटिलताओं, प्रशासनिक प्रक्रियाओं और निर्णय लेने की क्षमता को विकसित किया। राजनीतिक यात्रा का अगला निर्णायक मोड़ तब आया जब उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। यह परिवर्तन उनके राजनीतिक जीवन का एक नया अध्याय था। भाजपा में शामिल होने के



बाद उन्होंने संगठनात्मक स्तर पर तेजी से अपनी पहचान स्थापित की। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने संगठन को केवल औपचारिक ढांचे के रूप में नहीं देखा, बल्कि उसे जीवंत और सक्रिय इकाई के रूप में विकसित करने का प्रयास किया। बिहार भाजपा के अध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने और सामाजिक विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए। उनके नेतृत्व में भाजपा ने बिहार में अपनी उपस्थिति को और सुदृढ़ किया। उन्होंने यह समझा कि राजनीति में स्थायित्व केवल चुनाव जीतने से नहीं आता, बल्कि संगठन की गहराई और कार्यकर्ताओं की सक्रियता से आता है। इसी सोच के साथ उन्होंने संगठन को सशक्त बनाने पर बल दिया। अब जब वे बिहार में एनडीए के नेता के रूप में स्थापित हुए हैं, तो यह उनके राजनीतिक जीवन का सबसे महत्वपूर्ण चरण है। यह केवल एक पद नहीं, बल्कि एक व्यापक जिम्मेदारी है। उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के रूप में उनकी भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। गृह विभाग का दायित्व किसी भी राज्य में सबसे संवेदनशील माना जाता है। कानून-व्यवस्था, सुरक्षा और प्रशासनिक नियंत्रण—ये सभी उनके दायरे में आते हैं। उन्होंने इस पद पर रहते हुए कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, प्रशासनिक तंत्र को सक्रिय बनाने और अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य किया। पुलिस व्यवस्था के आधुनिकीकरण और जवाबदेही बढ़ाने पर भी उनका ध्यान रहा। उप मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने शासन के विभिन्न पहलुओं में संतुलन बनाए रखने का प्रयास किया। विकास योजनाओं को गति देना, प्रशासनिक समन्वय बनाए रखना और नीतिगत निर्णयों में सक्रिय भूमिका निभाना—ये सभी उनके कार्यकाल के महत्वपूर्ण पहलू रहे। अब जब बिहार की राजनीति एक नए दौर में प्रवेश कर रही है, तो सम्राट चौधरी के सामने अनेक चुनौतियाँ और अवसर दोनों उपस्थित हैं। सबसे पहली चुनौती है—गठबंधन संतुलन बनाए रखना। जदयू अभी भी एक महत्वपूर्ण सहयोगी है और उसके साथ समन्वय बनाए रखना आवश्यक है। गठबंधन राजनीति में संतुलन बनाए रखना एक कला है, जिसमें संवाद, धैर्य और रणनीति का समन्वय आवश्यक होता है। दूसरी चुनौती है—जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना। जब कोई नया नेतृत्व उभरता है, तो जनता उससे नई दिशा और परिणाम की अपेक्षा करती है। ऐसे में उन्हें विकास, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर ठोस कार्य करना होगा। तीसरी चुनौती है—संगठन और सरकार के बीच संतुलन। कई बार सत्ता में आने के बाद संगठन कमजोर पड़ जाता है, लेकिन यदि संगठन मजबूत नहीं रहेगा, तो राजनीतिक स्थायित्व भी संभव नहीं होगा। सम्राट चौधरी के सामने एक बड़ा अवसर यह भी है कि वे बिहार की राजनीति को एक नई दिशा दे सकते हैं। यदि वे संगठनात्मक शक्ति, प्रशासनिक अनुभव और जनभावना का सही समन्वय स्थापित करते हैं, तो वे एक दीर्घकालिक नेतृत्व के रूप में स्थापित हो सकते हैं। उनकी सामाजिक पृष्ठभूमि भी उनके लिए एक महत्वपूर्ण शक्ति है। वे ऐसे वर्ग से आते हैं जिसका बिहार की राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान है। यदि वे इस सामाजिक आधार को व्यापक जनसमर्थन में परिवर्तित कर पाते हैं, तो उनका राजनीतिक प्रभाव और अधिक मजबूत हो सकता है। राजनीति में सफलता केवल पद प्राप्त करने से नहीं, बल्कि उस पद के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाने से मिलती है। सम्राट चौधरी के सामने यही अवसर है कि वे अपने नेतृत्व को केवल राजनीतिक सीमाओं तक सीमित न रखें, बल्कि उसे सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बनाएं। अंततः यह कहा जा सकता है कि सम्राट चौधरी का उदय बिहार की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत है। यह अध्याय केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि संगठनात्मक शक्ति, सामाजिक संतुलन और प्रशासनिक दक्षता के समन्वय का है। यदि वे इस अवसर को दूरदर्शिता, संतुलन और दृढ़ता के साथ साधते हैं, तो वे केवल एक नेता नहीं, बल्कि बिहार की राजनीति के एक निर्णायक अध्याय के निर्माता बन सकते हैं।




**मेष राशिः** आज तरक्की के नये रास्ते खुले नजर आयेंगे। शाम तक अच्छी खबर मिलने की संभावना बन रही है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जाएंगे। पारिवारिक जीवन खुशहाल बना रहेगा। आप आसपास के लोगों से सहानुभूति बनाये रखेंगे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए दिन खास रहने वाला है। आपके साथ सब कुछ अच्छा होगा। छात्रों को किसी बहु प्रतीक्षित परीक्षा परिणाम की प्राप्ति होगी।

**वृष राशिः** आज करियर के मामले में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में धन लाभ के अवसर मिलेंगे। बिजनेसमैन को काम में नए कुछ बेहतर अवसर मिलेंगे। आज आप कुछ ऐसे लोगों के साथ जुड़ेंगे, जो आपकी हर तरह से मदद के लिए तैयार रहेंगे। आज आपको अपने सगे-संबंधियों से भी पूरा लाभ मिलेगा।परिवार में ख़ुशी का माहौल रहेगा।

**मिथुन राशिः**आज दांपत्य रिश्ते के बीच चल रही अनबन खत्म होगी। रिश्तों में मधुरता आयेगी। बिजनेस में किसी काम को लेकर परेशान हो सकते हैं। बच्चे आपसे अपनी बात शेयर कर सकते हैं। आज उधार लेन-देन से आपको बचना चाहिए। किसी काम से आपको अधिक भागदौड़ भी करनी पड़ सकती है। साथ ही कामकाज की व्यस्तता में आपको खाना-पीना बिल्कुल नहीं भूलना चाहिए। इससे आपकी सेहत पर असर पड़ सकता है।

**कर्क राशिः**आपका रुझान आज सामाजिक कार्यों की तरफ रहेगा। आज पड़ोसियों के साथ आपकी मीटिंग भी हो सकती है। साथ ही अपने परिवेश में साफ सफाई के मुद्दे पर अपने पड़ोसियों के साथ विचार विमर्श करेंगे। गृहस्थ जीवन खुशहाल रहेगा। आपका स्वाभाव पूर्व की अपेक्षा विनम्र हो जायेगा। बच्चों के भविष्य को लेकर आप किसी अनुभवी से परामर्श लेंगे।

**सिंह राशिः**आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप मन में चल रही है बातों को किसी के सामने उजागर नहीं होने देंगे, नहीं तो लोग इसका फायदा उठा सकते हैं। आज आपको लाभ के कुछ अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग बेरोजगार हैं, उन्हें रोजगार पाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। विज्ञान जगत से जुड़े लोगों को नई उपलब्धि मिलने के योग हैं। आज आपकी मेहनत के अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

**कन्या राशिः**आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपकी कुछ अधूरी इच्छाएं पूरी होगी। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। कम मेहनत से बड़ी सफलता मिल सकती है। वेब डिजाइनर्स के लिए दिन सर्वोत्तम रहने वाला है। विद्यार्थी पढ़ाई के मामले में अपने दोस्तों से प्रेरित होंगे और अपनी पढ़ाई के प्रति समर्पित होने का प्रयास करेंगे। आज आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी। लवमेट के साथ शादी फिक्स होने के योग बन रहे है।

**तुला राशिः**आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। माता-पिता से आप मन में चल रही कुछ बातों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। छोटे बच्चों के लिए आज आप उपहार लेकर आ सकते हैं। आप अपने गुरु से करियर के बारे में परामर्श ले सकते है। आज आपके बिजनेस की गति धीमी रहने के कारण आप परेशान रहेंगे। आपको दोस्त से बिना वजह की बाते करने से बचना चाहिए।

**वृश्चिक राशिः** आज अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। आप अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाये रखेंगे। बायोलॉजी स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। टीचर्स का आपको पूरा- पूरा सपोर्ट मिलेगा। माता-पिता के साथ रिश्ते मजबूत होंगे। आज बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ होने की उम्मीद है। आप अपनी बात को सही ढंग से रखने में सफल होंगे।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्साहवर्धक रहेगा। आज पैसों से जुड़ा मामला आसानी से सुलझ जायेगा। आर्थिक पक्ष भी मजबूत रहेगा। आज दिनभर उत्साह और कॉन्फिडेंस रहेगा। आपको कुछ नई चीज़ों से जुड़ाव महसूस होगा। आप धैर्य से काम लेंगे और आप अपनी सभी समस्याओं का हल आराम से ढूंढ निकालेंगे। साथ ही आज के दिन आपके कार्य सफल जरूर होंगे।

**मकर राशिः** आज आपकी सेहत पहले की अपेक्षा अच्छी रहेगी। आज का दिन खुद में बदलाव लाने के लिए अच्छा है। करियर में आपकी सफलता सुनिश्चित होगी। आज आपको घर के वरिष्ठ लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यवसाय के सिलसिले में विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा होगी, जिससे आपका मन खुश रहेगा।

**कुंभ राशि** : आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपकी अधूरी इच्छा पूरी होगी। आज आपको उम्मीद से अधिक धन प्राप्त हो सकता है। आपके रुके हुए काम आज जरूर पूरे हो जाएंगे। ऑफिस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा। व्यापारियों को आय के नए स्रोत मिलेंगे। जरूरी काम मन- मुताबिक पूरा होने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**मीन राशिः** आज आपका दिन ख़ास रहेगा। आज करियर के मामले में चीजें बेहतर होने के आसार हैं। आप अपना काम अच्छे से पूरा करने की कोशिश करेंगे। लेकिन आज आपको अपने जीवनसाथी की सेहत के प्रति चिंता हो सकती है। आपको उनका पूरा ध्यान रखना चाहिए। परिवार में आपको सबका सहयोग मिलता रहेगा। आज आप काम बहुत जल्दबाजी में कर सकते हैं। आज आपके सरकारी कार्यों में थोड़ी रुकावट आ सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### बोकारो वन भूमि घोटाले में 500 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग का खुलासा : प्रतुल शाहदेव

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बोकारो वन भूमि घोटाले को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में सामने आ रहे तथ्य झारखंड में संगठित भ्रष्टाचार की गहराई को उजागर करते हैं। ईडी द्वारा दायर हलफनामे में 500 करोड़ रुपये से अधिक की मनी लॉन्ड्रिंग का खुलासा होना इस बात का प्रमाण है कि यह कोई सामान्य अनियमितता नहीं, बल्कि सुनियोजित आर्थिक अपराध है। शाहदेव ने कहा कि मामले की शुरुआत में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद जांच सीआईडी को सौंपी गई, लेकिन उसकी रफ्तार बेहद धीमी रही। उन्होंने आरोप लगाया कि सीआईडी महीनों में केवल कुछ करोड़ रुपये के सीमित लेनदेन तक ही पहुंच सकी, जबकि ईडी ने कम समय में पूरे नेटवर्क का खुलासा कर दिया। उन्होंने दावा किया कि ईडी की जांच में शेल कंपनियों और प्रभावशाली लोगों के जरिए वन भूमि की अवैध खरीद-फरोख्त का मामला सामने आया है, जिसमें बिचौलियों, अधिकारियों और रसूखदार व्यक्तियों की भूमिका रही है। शाहदेव ने कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि राज्य की एजेंसियों का उपयोग सच्चाई दबाने और दोषियों को बचाने के लिए किया जा रहा था। प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव के बयान का हवाला देते हुए कहा कि सरकार जिन मामलों को लटकाना या भटकाना चाहती है, उन्हें एसीबी और सीआईडी को सौंप देती है। उन्होंने सवाल उठाया कि इतने बड़े घोटाले में जांच का दायरा केवल निचले स्तर के अधिकारियों तक ही क्यों सीमित है। उन्होंने कहा कि बोकारो वन भूमि घोटाला सरकार की नीयत और प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है और पूरे मामले की निष्पक्ष व व्यापक जांच होनी चाहिए।

### पाकुड़ में दिनदहाड़े अपराधियों का तांडवः स्कूटी सवार बुजुर्ग दंपत्ति को बनाया निशाना, सोने की चेन लूटकर फरार

» बेखौफ अपराधियों ने बुजुर्ग महिला के गले से झपटी सोने की चेन, पुलिस की गश्ती पर सवाल



**पाकुड़।** नगर थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। शहर में आपराधिक घटनाओं का ग्राफ इस कदर बढ़ गया है कि अब महिलाएं दिन के उजाले में भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। ताजा मामला सोमवार का है, जहां बेखौफ बाइक सवार अपराधियों ने एक बुजुर्ग महिला के गले से करीब ढाई भरी की सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए।

**घात लगाकर बैठे अपराधियों ने किया हमलाः** जानकारी के अनुसार, नगर थाना क्षेत्र के बैंक कॉलोनी निवासी 77 वर्षीय सुरेश कुमार अपनी पत्नी अंजु देवी के साथ स्कूटी पर सवार होकर सिंधीपाड़ा स्थित पंचायत गए थे। जैसे ही वे वहां पहुंचे, पहले से घात लगाए बाइक सवार दो अपराधियों ने अचानक झपट्टा मारा और अंजु देवी के गले से सोने की चेन छीन ली। घटना इतनी अचानक हुई कि जब तक बुजुर्ग दंपत्ति शोर मचाते और आसपास के लोग मदद के लिए जुटते, अपराधी तेजी से ओझल हो चुके थे। पीड़ित परिवार ने बताया कि छीनी गई चेन का वजन लगभग ढाई भरी था।

**पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवालः** घटना के बाद पीड़ित परिवार ने नगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से अपराधियों की पहचान की जाए और उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। "शहर में छिनतई और चोरी की बढ़ती वारदातों ने आम नागरिकों, खासकर महिलाओं के मन में डर पैदा कर दिया है। पुलिस को अपनी गश्ती टीम और खुफिया तंत्र को और अधिक मजबूत करने की जरूरत है।"

**छानबीन में जुटी नगर थाना पुलिसः** शिकायत मिलने के बाद नगर थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि संदिग्धों की तलाश जारी है और जल्द ही अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। हालांकि, स्थानीय निवासियों का कहना है कि अगर पुलिस की गश्ती प्रभावी होती, तो भीड़भाड़ वाले सिंधीपाड़ा जैसे इलाके में अपराधी इस तरह की हिमाकत नहीं कर पाते। नगर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही छिनतई की घटनाओं ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह है कि पुलिस इन "झपट्टा मार" गिरोहों पर कब तक लगाम लगा पाती है।

### मुनीडीह में डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाई गई डॉ. अंबेडकर जयंती



**मुनीडीह।** डीएवी पब्लिक स्कूल, मुनीडीह प्रोजेक्ट में मंगलवार को भारत रत्न, संविधान निर्माता एवं महान समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने मिलकर बाबा साहेब को नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ वरिष्ठ छात्र-छात्राओं ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इसके पश्चात इतिहास एवं समाजशास्त्र के वरिष्ठ शिक्षक आर. सी. खुटिया ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके राष्ट्रीय योगदान पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को समानता, बंधुत्व और न्याय के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी बाबा साहेब के विचारों पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य श्री मनोज शर्मा, कार्यक्रम की संयोजिका एवं वरिष्ठ अध्यापिका (वाणिज्य) मेघा पारासर सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मेघा पारासर ने किया।

## राज्यभर में आजसू का आयोजन, अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** आजसू पार्टी ने मंगलवार को राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पार्टी प्रमुख सुदेश महतो रांची, बुंडू, सोनाहातु, सिल्ली तथा खिजरी में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। रांची स्थित अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित जयंती समारोह में सुदेश महतो ने कहा कि बाबा साहब ने देश को ऐसा संविधान दिया, जिसने प्रत्येक नागरिक को समानता का अधिकार सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि संविधान सभा के सैकड़ों सदस्यों के विचारों को समाहित कर तैयार किया गया यह संविधान विश्व के लिए एक मिसाल है और नए भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता है। श्री महतो ने कहा कि अंबेडकर के विचार सामाजिक न्याय के पथप्रदर्शक हैं। उन्होंने आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों के साथ-साथ महिलाओं को अधिकार दिलाने की ऐतिहासिक पहल की, जो आज भी समाज को दिशा देती है। इस मौके पर केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर व हसन अंसारी, केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता, पार्वती देवी, नईम अंसारी, जिलाध्यक्ष संजय महतो, जिप सदस्य हाकिम अंसारी सहित कई पदाधिकारी एवं गणमान्य लोगों ने भी बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भाजपा कार्यालय में मनाई गई अंबेडकर जयंती, नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** भारत रत्न, संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के पुरोधा डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई नेताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि बाबा साहब का संविधान निर्माण में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने देश को लोकतांत्रिक और न्यायपूर्ण व्यवस्था प्रदान की। उनके आदर्श और सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं और देश के विकास की दिशा तय करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बाबा साहब के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए सभी वर्गों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने वंचित और शोषित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया और समाज में समानता व न्याय की नींव रखी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के समता, न्याय और मानवता के सिद्धांत देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेंगे। संविधान के माध्यम से उन्होंने गरीब और वंचित वर्ग को सशक्त बनाने का काम किया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय, पूर्व विधायक किशुन दास, सूरज चौरसिया, प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, कमाल खां, प्रेम मित्तल, दीनदयाल बरनवाल, संदीप वर्मा, शोभा यादव, रमेश सिंह, सुनील साहू, अरुण झा, उषा पांडे, राजश्री जयंती, चंद्रप्रकाश सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इधर डोरंडा स्थित अंबेडकर चौक पर भी बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, रांची विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जयसवाल और महानगर अध्यक्ष वरुण साहू सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

## भाजपा नेताओं ने इंद्रजीत महतो का जाना हालचाल, शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना



नई सोच एक्सप्रेस

**रांची।** सिंदरी के पूर्व विधायक इंद्रजीत महतो के झारखंड आगमन पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने रांची हवाई अड्डा पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और उनका कुशल क्षेम जाना। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी एवं केंद्रीय राज्यमंत्री संजय सेठ ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि इंद्रजीत महतो शीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर पुनः पहले की तरह समाज सेवा में सक्रिय हों, यही सभी की कामना है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसे सुखद समाचार बताते हुए कहा कि उनका अपनी जन्मभूमि पर लौटना सकारात्मक संकेत है और ईश्वर से उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की। वहीं केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने भी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया। इस मौके पर इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी तारा देवी सहित परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## महिला आरक्षण बिल पर सरकार की मंशा संदिग्ध : सतीश पौल मुंजनी

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी ने नारी शक्ति वंदन बिल (महिला आरक्षण बिल) को लेकर केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल से शुरू हो रहे तीन दिवसीय विशेष सत्र में जिस महत्वपूर्ण विधेयक को पारित कराने की बात कही जा रही है, उसका मसौदा 14 अप्रैल तक भी विपक्षी दलों को उपलब्ध नहीं कराया गया है। मुंजनी ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इतने महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाले बिल को बिना पूर्व सूचना और बिना मसौदा साझा किए लाना लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार स्वस्थ बहस और सार्थक विचार-विमर्श से बचना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महिला सशक्तिकरण के नाम पर केवल दिखावटी पहल कर रही है, जबकि वास्तविकता में विपक्ष को बिना तैयारी के सदन में लाकर बहस को सीमित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण जैसे अहम विषय पर सभी दलों के बीच व्यापक चर्चा, सुझाव और सहमति जरूरी है। मुंजनी ने मांग की कि यदि सरकार की मंशा वास्तव में महिलाओं के हित में है, तो वह तत्काल इस बिल का विस्तृत मसौदा सभी विपक्षी दलों को उपलब्ध कराए, ताकि सदन में सार्थक और ठोस बहस हो सके और महिलाओं के लिए प्रभावी कानून बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन किसी भी महत्वपूर्ण कानून को बिना चर्चा और तैयारी के पारित करना लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है।

## आजसू मुख्यालय में अंबेडकर को नमन, राष्ट्र सदैव रहेगा ऋणी : प्रवीण प्रभाकर



नई सोच एक्सप्रेस

**रांची।** आजसू पार्टी के मुख्यालय हरमू में मंगलवार को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब को नमन करते हुए उनके विचारों को अपनाने का संकल्प लिया। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने अपना पूरा जीवन दलितों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान के लिए पूरा राष्ट्र सदैव उनका ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी सामाजिक न्याय और समानता की राह दिखाते हैं। इस मौके पर केंद्रीय सचिव हरीश कुमार, परवाज खान, मनोज कुमार, ओम वर्मा, बबलू महतो, कौशल तिवारी, राकेश सिंह, राजेश सिंह, अमन साहू, रोशन नायक, प्रशांत महतो, सक्षम झा, अनुष्का कुमारी, योगेश महतो, रवि रोशन, अभिषेक महतो, मोहन कुमार, अमित साहू, बबलू खान, राज, मानस, आशीष समेत सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लिट्टीपाड़ा-धरमपुर NH 333A पर भीषण सड़क हादसाः हाइवा और ट्रैक्टर की टक्कर में इंजन के उड़े परखच्चे

नई सोच एक्सप्रेस



**लिट्टीपाड़ा(पाकुड़)।** लिट्टीपाड़ा-धरमपुर नेशनल हाइवे 333A पर मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। शाहरपुर के समीप एक बालू लदे ट्रैक्टर और गिट्टी लदे हाइवा के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर के इंजन के परखच्चे उड़ गए, हालांकि गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और दोनों वाहनों के चालक बाल-बाल बच गए।

**तेज रफ्तार और झपकी बनी हादसे का कारणः** जानकारी के अनुसार, हाइवा (संख्या JH 04 A 6029) हिरणपुर थाना क्षेत्र के एक पत्थर क्रशर से गिट्टी लोड कर लिट्टीपाड़ा-धरमपुर के रास्ते गोड्डा की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार बालू लदे ट्रैक्टर से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। सूत्रों के मुताबिक, दोपहर का समय होने के कारण चालक को अचानक झपकी आ गई, जिससे वाहन पर से नियंत्रण खो गया और यह हादसा हुआ। टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, लेकिन जान-माल का नुकसान नहीं होने से प्रशासन और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

**पुलिस ने सुचारू कराया आवागमनः** हादसे के तुरंत बाद दोनों वाहनों के चालक मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई

» शाहरपुर के समीप हाइवा और ट्रैक्टर में सीधी भिड़ंत, बाल-बाल बचे चालक


करते हुए सड़क के बीचों-बीच दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने की व्यवस्था की, ताकि नेशनल हाइवे पर आवागमन सुचारू रूप से चलता रहे और अन्य राहगीरों को परेशानी न हो।

## पाकुड़ः हरिणडांगा बाजार बायपास रोड पर जुटने लगा नशेडियों का जमावड़ा, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़।** नगर के हृदय स्थली कहे जाने वाले हरिणडांगा बाजार क्षेत्र से एक चिंताजनक मामला सामने आ रहा है। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बायपास रोड स्थित जोगमाया ट्रांसपोर्ट के बगल में स्थित पीपल पेड़ के पास रात ढलते ही नाबालिग नशेडियों का अड्डा जमने लगता है। यह स्थान अब असामाजिक तत्वों और नशे के सौदागरों की गिरफ्त में आता जा रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों में भारी डर और रोष व्याप्त है।

**अंधेरे का फायदा उठा रहे नाबालिगः** सूत्रों के मुताबिक, रोजाना रात के समय कुछ नाबालिग लड़के इस पीपल पेड़ के नीचे एकत्रित होते हैं। नाम न छापने की शर्त पर एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि यहाँ खुलेआम गांजा एवं अन्य घातक मादक पदार्थों का सेवन किया जाता है। शाम ढलते ही इस सुनसान जगह



पर हलचल बढ़ जाती है और देर रात तक नशेडियों का जमावड़ा लगा रहता है।

**स्थानीय निवासियों में असुरक्षा का भावः** जोगमाया ट्रांसपोर्ट और आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों का कहना है कि नशेडियों की मौजूदगी के कारण अब रात में इस रास्ते से गुजरना भी दूभर हो गया है। नाबालिगों का नशे की लत में पड़ना न केवल उनके भविष्य को बर्बाद कर रहा है, बल्कि इससे क्षेत्र में चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। "यहाँ रात के समय हालात काफी खराब हो जाते हैं। छोटे-छोटे बच्चे नशे की गिरफ्त में हैं। अगर वक्त रहते इन्हें नहीं रोका गया, तो यह पूरे

» पाकुड़ में नाबालिगों के भविष्य पर मंडराता नशे का काला साया

शहर के लिए कैंसर की तरह फैल जाएगा।" — स्थानीय नागरिक

**जिला प्रशासन से गुहारः** स्थानीय लोगों ने पाकुड़ जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से इस गंभीर विषय पर जल्द से जल्द संज्ञान लेने की प्रार्थना की है। नागरिकों की मांग है किः

चिह्नित स्थान पर पुलिस की गश्त (पेट्रोलिंग) बढ़ाई जाए।

नशीले पदार्थों की बिक्री करने वाले मुख्य सरगनाओं पर नकेल कसी जाए।

देर रात बिना वजह जुटने वाले लड़कों पर कड़ी कार्रवाई हो। अब देखना यह है कि प्रशासन इस दिशा में कितनी जल्दी सक्रिय होता है, ताकि पाकुड़ की युवा पीढ़ी को इस दलदल से बाहर निकाला जा सके।

## पाकुड़ में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती, प्रशासनिक अधिकारियों ने किया नमन

नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़।** भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार, महान विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री और सामाजिक समानता के प्रखर पुरोधा डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती मंगलवार को पाकुड़ में अपार उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अंबेडकर क्लब द्वारा आयोजित विशेष समारोह ने पूरे क्षेत्र को बाबा साहेब के आदर्शों के रंग में सराबोर कर दिया।

**प्रशासनिक अधिकारियों और प्रबुद्ध नागरिकों की रही उपस्थितिः** समारोह की गरिमा बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन के कई आला अधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए। बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता, सीओ औसफ़ अहमद खां



और थाना प्रभारी अनुप रोशन भेंगरा ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब का जीवन और उनके द्वारा रचित संविधान हर भारतीय के लिए गर्व और मार्गदर्शन का मार्ग है।

**अंबेडकर क्लब का सराहनीय प्रयासः** इस जयंती समारोह के सफल आयोजन में अंबेडकर क्लब के पदाधिकारियों की भूमिका बेहद अहम रही। क्लब के सदस्य संतोष रजक, संजय

» बाबा साहेब की 136वीं जयंती पर अंबेडकर क्लब ने आयोजित किया भव्य समारोह

रजक, संजय दास, बाबूचंद मिर्धा, दिलीप रजक, चंद्रमा रजक, विनोद दास और बलराम दास ने दिन-रात मेहनत कर कार्यक्रम को भव्य रूप दिया।

**ग्रामीणों और छात्रों ने भी भरा जोशः** कार्यक्रम में न केवल राजनीतिक और प्रशासनिक लोग, बल्कि समाज के हर तबके की भागीदारी देखी गई। स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों में संजय भगत, मो. लियाकत अंसारी, मुखिया गयालाल देहरी, नारायण भगत, मंटू भगत, संतोष भगत, विजय भगत, संतोष गुप्ता, मो. राजा, राहुल भगत और रामजी भगत ने शिरकत की। शिक्षा जगत से शिक्षक मंगल मूर्मू, इंदू रविदास, देवनारायण भगत के साथ विभिन्न निजी स्कूलों के शिक्षक और सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति से समारोह को यादगार बना दिया।

**सामाजिक समानता का संदेशः** वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने जिस सामाजिक समानता का सपना देखा था, उसे धरातल पर उतारना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। समारोह के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और बाबा साहेब के संघर्षों को याद किया। बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता की मौजूदगी ने यह साबित कर दिया कि भारत के इस महानायक के विचार आज भी जन-जन के हृदय में जीवित हैं।

## रामदेव खरिका में सराहनीय पहल, सांसद मनीष जायसवाल ने दिया जरूरतमंद बेटियों को लहंगा

नई सोच एक्सप्रेस

**दारू।** प्रखंड अंतर्गत रामदेव खरिका एवं हरली पंचायत में सामाजिक सरोकार का एक सराहनीय उदाहरण देखने को मिला, जहां दो शादी योग्य बेटियों को सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से लहंगा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि बलदेव बाबू एवं मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बलदेव बाबू ने कहा कि समाज के जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने अपनी सादगी और सेवा भाव से उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। वहीं अशोक कुशवाहा ने भी इस पहल को आगे बढ़ाते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और



जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाने का माध्यम बनते हैं। दोनों जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और जनसेवा के प्रति समर्पण की लोगों ने जमकर सराहना की। स्थानीय लोगों ने कहा कि इस तरह की पहल से गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिलती है और समाज में सहयोग की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम के अंत में लाभुक परिवारों ने सांसद एवं उपस्थित प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अम्बेडकर जयंती पर महापौर अरविन्द कुमार राणा का बड़ा ऐलान, सफाई कर्मियों को समर्पित करेंगे वेतन



**हजारीबाग**।नगर निगम में अम्बेडकर जयंती के अवसर पर एक सराहनीय और प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। इस मौके पर महापौर अरविन्द कुमार (राणा) ने सफाई कर्मियों के सम्मान और सहयोग के लिए एक बड़ा निर्णय लेते हुए अपनी पूरी वेतन राशि उन्हें समर्पित करने की घोषणा की। महापौर अरविन्द कुमार (राणा ) के इस कदम की नगर निगम परिसर में उपस्थित सभी लोगों ने खुले दिल से सराहना की और इसे समाज के प्रति एक मिसाल बताया। नगर निगम कार्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और सफाई कर्मियों ने उनके आदर्शों—समानता, न्याय और मानवता—पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर अरविन्द कुमार (राणा) ने कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने में सफाई कर्मियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि अक्सर ये कर्मी कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं, लेकिन समाज में इन्हें वह सम्मान और सहयोग नहीं मिल पाता जिसके ये हकदार हैं। ऐसे में उन्होंने अपनी व्यक्तिगत पहल के तहत अपना पूरा वेतन सफाई कर्मियों के कल्याण के लिए देने का निर्णय लिया है। हजारीबाग महापौर अरविन्द कुमार( राणा )ने यह भी कहा कि आकस्मिक परिस्थितियों—जैसे बीमारी, दुर्घटना या अन्य संकट—में नगर निगम के कर्मियों को सामाजिक सहयोग मिलना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से उन्होंने यह घोषणा की कि उनका वेतन जरूरतमंद कर्मियों के लिए एक सहयोग निधि के रूप में कार्य करेगा, जिससे कठिन समय में उन्हें राहत मिल सके। इस अवसर पर नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, उप महापौर अविनाश यादव सहित नगर निगम के कई वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में सफाई कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने महापौर के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे एक मानवीय और प्रेरणादायक पहल बताया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन और उनके संघर्षों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब ने समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए जो योगदान दिया है, वह सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट करने और समानता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन करते हैं। अंत में कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जहां सभी ने एक-दूसरे के साथ मिलकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया। महापौर अरविन्द कुमार राणा की यह पहल न केवल नगर निगम के भीतर बल्कि पूरे समाज में एक सकारात्मक संदेश देने का कार्य कर रही है।

### पाकुड़ में झामुमो कार्यकर्ताओं ने मनाई बाबा साहेब की जयंती, सामाजिक न्याय का दिया संदेश

» बाबा साहेब के आदर्शों से ही बनेगा समतामूलक समाज: झामुमो



**पाकुड़**।संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर पाकुड़ जिला मुख्यालय स्थित अंबेडकर चौक पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। झामुमो जिला उपाध्यक्ष पीटर मरांडी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया।

**संघर्ष और समर्पण के प्रतीक हैं बाबा साहेब**: श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष पीटर मरांडी ने कहा:

"बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक न्याय की स्थापना का सबसे बड़ा प्रेरणास्रोत है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को समान अधिकार दिलाने के लिए उन्होंने जो लड़ाई लड़ी, वह इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगी।"

**समतामूलक समाज के निर्माण का संकल्प**:वहीं, झामुमो नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह और प्रखंड अध्यक्ष मुस्लेउद्दीन शेख ने संयुक्त रूप से कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल उनके बताए आदर्शों को अपनाकर ही एक ऐसे समतामूलक समाज का निर्माण संभव है जहाँ हर वर्ग को न्याय मिल सके। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संविधान की रक्षा और बाबा साहेब के मार्ग पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित**: इस गौरवमयी अवसर पर झामुमो के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे: उमर फारूक (केंद्रीय समिति सदस्य),नूर आलम (नगर सचिव),प्रकाश सिंह (बुद्धिजीवी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष),रेजाउल हक (युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष),आलमगीर आलम, अजफारुल शेख, साफु, लालचंद, फुरकान शेख, नाजिर, हैदर अली एवं अन्य।

### ओपीडी से ओटी तक होंगे हाईटेक, सरकारी अस्पतालों की बदलेगी तस्वीर: मंत्री इरफान अंसारी

» सरकारी अस्पतालों को हाईटेक बनाने की तैयारी, डॉक्टर और मरीजों के बीच विश्वास बढ़ाना प्राथमिकता



**पाकुड़**।झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर एक बड़ा विजन साझा किया है। मंगलवार को पाकुड़ सर्किट हाउस में मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों को हाईटेक बनाया जाएगा। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि इसमें थोड़ा समय लगेगा, लेकिन जनता को जल्द ही व्यवस्था में अप्रत्याशित और सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।

**हाईटेक सुविधाएं और मैनपावर पर जोर**:मंत्री ने स्पष्ट किया कि विभाग का लक्ष्य अस्पतालों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। उनके संबोधन की मुख्य बातें:

**सुविधाओं का विस्तार**: ओपीडी (OPD) से लेकर ऑपरेशन थिएटर (OT) तक को आधुनिक मशीनों से लैस किया जाएगा।

**जांच और एम्बुलेंस**: मरीजों को अस्पताल के भीतर ही सभी प्रकार की जांच सुविधाएं मिलेंगी और एम्बुलेंस की संख्या बढ़ाई जाएगी।

**कर्मियों की भर्ती**: अस्पतालों में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए मैनपावर बढ़ाया जाएगा।

**मरीजों और परिजनों से खास अपील**: मंत्री इरफान अंसारी ने एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहलू पर ध्यान खींचते हुए आम जनता से अपील की। उन्होंने कहा: "अक्सर देखा जाता है कि एक मरीज के साथ अस्पताल में भारी भीड़ जमा हो जाती है। भीड़ देखकर डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी दबाव में आ जाते हैं और अनहोनी की आशंका में मरीज को तुरंत रेफर कर देते हैं। डॉक्टरों का मनोबल बढ़ाएं ताकि वे बिना डरे बेहतर इलाज कर सकें।"उन्होंने परिजनों से आग्रह किया कि अस्पताल में मरीज के साथ केवल 2-4 लोग ही रहें, ताकि स्वास्थ्य कर्मियों को कार्य करने में सुगमता हो।

**जर्जर सड़क पर अधिकारियों को तलब करने के निर्देश**: पाकुड़-दुमका सड़क की जर्जर स्थिति पर पूछे गए सवाल पर मंत्री ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि वे तुरंत संबंधित अधिकारियों से बात करेंगे कि सड़क की यह स्थिति क्यों बनी हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि रिपोर्ट लेने के बाद सड़क मरम्मत के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भी मंत्री को क्षेत्र की विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर उन्होंने त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिया।

# अंबेडकर जयंती पर गूंजा सामाजिक न्याय का संदेश, पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने कई कार्यक्रमों में लिया भाग

नई सोच एक्सप्रेस



» प्रतिमा पर माल्यार्पण से लेकर छात्रावास समारोह, शोकाकुल परिवार से मुलाकात और जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि—दिनभर विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाई

**हजारीबाग**।भारत रत्न भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने हजारीबाग जिले के विभिन्न हिस्सों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। मंगलवार को अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत उन्होंने सबसे पहले शहर के डिस्ट्रिक्ट मोड़ स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जय भीम और सामाजिक समानता के नारों के बीच वातावरण भावपूर्ण बना रहा। इसके पश्चात वे नवाबगंज स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर जिला कल्याण छात्रावास में आयोजित जयंती समारोह में शामिल हुए। यहां उन्होंने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उपस्थित लोगों के साथ केक काटकर उनका जन्मदिवस मनाया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय लोगों ने भी बाबा साहेब के जीवन और योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। अपने संबोधन में मुन्ना सिंह ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, त्याग और सामाजिक न्याय के लिए अटूट संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से देश को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का मजबूत आधार दिया, जिसे हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह सुरक्षित और सशक्त बनाए रखे। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में जब समाज में विभाजनकारी ताकतें सक्रिय हैं, तब बाबा साहेब के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। कांग्रेस पार्टी हमेशा से उनके सिद्धांतों—समानता, शिक्षा, अधिकार और सामाजिक न्याय—को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी इसी दिशा में कार्य करती रहेगी। मुन्ना सिंह जी ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमें बाबा साहेब के विचारों को केवल कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें अपने दैनिक जीवन में उतारकर एक समतामूलक समाज के निर्माण के लिए प्रयास करना चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए कटकमसांडी प्रखंड के चट्टी गांव का दौरा किया, जहां हाल ही में पानी में डूबने से दिवंगत हुए सुनील साव के पुत्र के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इसके बाद वे कटकमसांडी प्रखंड में आयोजित एक अन्य अंबेडकर जयंती समारोह में भी शामिल हुए, जहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का संघर्ष आज भी देश के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनके विचार समाज को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। अंत में वो जिला कांग्रेस कार्यालय, कृष्ण वल्लभ आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सांसद मनीष जायसवाल हजारीबाग में कई जगहों पर बाबा साहेब की 135वीं जयंती में हुए शामिल

नई सोच एक्सप्रेस



» बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**हजारीबाग**। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मंगलवार को संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर हजारीबाग शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। सबसे पहले सांसद मनीष जायसवाल तकिया मजार के पीछे, नवाबगंज स्थित जिला कल्याण अनुसूचित जाति छात्रावास परिसर पहुंचे, जहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने यहां वर्तमान और पूर्ववर्ती विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज में समानता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए हमारे प्रेरणा स्रोत हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि मेरे ही विधायक कार्यकाल में यहां बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा विधायक निधि की राशि से अधिष्ठापित हुई जिसका मुझे अत्यंत हर्ष है। इस कार्यक्रम में उनके साथ मुख्य रूप से सीपीआई नेता डॉ. अनवर हुसैन, महेंद्र राम प्रजापति, भाजयुमो नेता विक्रमादित्य, मिथलेश कुमार भारती, युवा अधिवक्ता विवेक कुमार वाल्मीकि, लोकसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी के अलावा जयंती समारोह के अध्यक्ष रंजन कुमार, सुनील कुमार, नरेश कुमार दास, शशि रंजन और बबलू कुमार दास सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जयंती समारोह के इसी क्रम में सांसद मनीष जायसवाल डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक भी पहुंचे, जहां उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर सामूहिक रूप से माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। हर्षोल्लास के साथ मनाए गए इस समारोह में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद की विशेष उपस्थिति रही। मौके पर अनुसूचित जाति संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार, भाजपा नेता हरीश श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी और भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, भाजयुमो नेता विक्रमादित्य, रंजीत कुमार, प्रयास राम, सुबोध पासवान, बलराम राम, बालेश्वर रजक, रामचंद्र राम, मिथलेश कुमार, प्रवीण पासवान, कुंदन पासवान, नंदू प्रसाद, कीर्तन राम, मोतीलाल मिर्धा, अशोक कुमार दास, विजय कुमार, तुलसी दास, कुमुद कुमार दास और टुकेश्वर कुमार दास, लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और कार्यकर्ता शामिल हुए।

## पाकुड़ जिला कांग्रेस ने मनाई बाबा साहेब की 136वीं जयंती, प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

नई सोच एक्सप्रेस



» बाबा साहेब के पदचिह्नों पर चलने का लिया संकल्प

**पाकुड़**।मंगलवार को पाकुड़ जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में भारतीय संविधान के शिल्पी और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 136वीं जयंती बेहद श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के आदर्शों को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

**श्रद्धांजलि और माल्यार्पण**: कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान, सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और भारतीय लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाले संविधान निर्माण में उनकी भूमिका को याद करते हुए उन्हें नमन किया।

**वरिष्ठ नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति**:इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला और प्रदेश स्तर के कई पदाधिकारी शामिल हुए। उपस्थित प्रमुख चेहरों में शामिल थे:

उदय लखवानी (प्रदेश कांग्रेस महासचिव),सेमिनुल इस्लाम,श्रीकुमार सरकार (जिला अध्यक्ष),गुलाम अहमद उर्फ बकुल (विधायक प्रतिनिधि),मोकतर हुसैन (जिला प्रवक्ता),बिलाल शेख (युवा जिला अध्यक्ष),आमिर हमजा (ओबीसी जिला अध्यक्ष)

**कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह**:जयंती समारोह में जिला महासचिव कृष्णा यादव, जिला सचिव सेलिम हुसैन, रामविलास महतो, मिथुन मरांडी, मिर्जहान विश्वास, डॉ. जोहरुल इस्लाम, युवा उपाध्यक्ष जलाउद्दीन शेख, एहेदीन शेख और कादिर अंसारी सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने जो संविधान हमें दिया है, वह समानता और बंधुत्व की नींव पर टिका है, जिसकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। "बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और उनकी विद्वत्ता हमें हर कठिन परिस्थिति में न्याय के लिए खड़े रहने की प्रेरणा देती है।"

# पाकुड़ में भाजपा महिला मोर्चा की भव्य पदयात्रा, पीएम मोदी के ऐतिहासिक फैसलों का जताया आभार

नई सोच एक्सप्रेस





» विकसित भारत के संकल्प को गति देगा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम': सरिता मुर्मू

**पाकुड़**।14 अप्रैल 2026 को पाकुड़ की सड़कों पर नारी शक्ति का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मातृशक्ति को 33% आरक्षण (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) का सम्मान दिए जाने के उपलक्ष्य में भाजपा महिला मोर्चा ने एक विशाल पदयात्रा और रैली का आयोजन किया।जिलाध्यक्ष सरिता मुर्मू के नेतृत्व और महिला मोर्चा की प्राची चौधरी की देखरेख में यह पदयात्रा सुबह 10 बजे पाकुड़ रेलवे मैदान से शुरू होकर अटल चौक तक निकाली गई।

**महिलाओं का सम्मान, विकसित भारत का आधार**:अटल चौक पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सरिता मुर्मू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वार्ड से लेकर संसद तक महिलाओं को जो सम्मान और भागीदारी दी है, वह सराहनीय है। उन्होंने इस दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के महत्व पर प्रकाश डालते हुए निम्नलिखित मुख्य बिंदु रखे:

**संवैधानिक मजबूती**: लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित कर उन्हें नेतृत्व की मुख्यधारा में लाया गया है।

**गरिमापूर्ण जीवन**: पिछले वर्षों में महिलाओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों ने इस अधिनियम के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है।

**विकसित भारत 2047**: यह अधिनियम केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

**समावेशी विकास**: जब महिलाएं नेतृत्व करेंगी, तभी देश का विकास अधिक संतुलित और टिकाऊ होगा।

**बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि**:पदयात्रा के दौरान जिलाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति**:इस विशाल पदयात्रा में आदिवासी महिलाओं के साथ-साथ भाजपा के कई दिग्गज नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए:

**महिला नेतृत्व**: प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मीरा प्रवीण सिंह, जिला परिषद सदस्य पिंकी मंडल, पार्वती देवी, रश्मि देवी, सरिता मिश्रा, मधु देवी, अनामिका कुमारी, निधि गुप्ता, शीला मुर्मू, आशा देवी, रचना देवी और कांति देवी।

**पुरुष नेतृत्व**: अनुग्रहित प्रसाद साह, पूर्व प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेकानंद तिवारी, जिला महामंत्री रूपेश भगत, जिला मंत्री दिलीप सिंह, कोषाध्यक्ष मनीष पांडेय, नगर अध्यक्ष सोहन मंडल, सुशांत घोष, त्रिलोचन दास, पंकज साह, रतन भगत और जीतू सिंह।यह कार्यक्रम पाकुड़ में नारी शक्ति के बढ़ते प्रभाव और केंद्र सरकार की नीतियों के प्रति महिलाओं के अटूट विश्वास का प्रतीक बन गया।

## पाकुड़ में बाबा साहेब की 136वीं जयंती की धूम: मंत्री इरफान अंसारी और राजेश ठाकुर ने दी श्रद्धांजलि

नई सोच एक्सप्रेस



» बाबा साहेब के संविधान से ही गरीबों और पिछड़ों को मिला सम्मान: इरफान अंसारी

**पाकुड़**।संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती मंगलवार को पाकुड़ जिले में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। जिला मुख्यालय के मुख्य समारोह स्थल अंबेडकर चौक पर सुबह से ही बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, विद्यार्थी परिषद, हिंदू संगठनों के साथ-साथ सिविल व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों और एनजीओ प्रतिनिधियों ने बाबा साहेब को नमन किया।

**संविधान की बदौलत आज हम यहाँ हैं: मंत्री इरफान अंसारी**:मुख्य समारोह स्थल पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश ठाकुर दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे और प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मंत्री इरफान अंसारी ने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए कहा: "आज बाबा साहेब के बनाए संविधान के कारण ही गरीब, दलित, शोषित और पिछड़ा वर्ग समाज की मुख्यधारा में है और देश-राज्य चलाने में अहम भूमिका निभा रहा है। अगर यह संविधान न होता, तो शायद मैं आज विधायक और मंत्री न बन पाता।" उन्होंने लोगों से बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलने और उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

**संविधान बचाने की लड़ाई जारी रहेगी: राजेश ठाकुर**:कांग्रेस नेता राजेश ठाकुर ने केंद्र सरकार और वैचारिक विरोधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने देश को जीने का मौलिक अधिकार दिया है, जिसकी रक्षा के लिए कांग्रेस सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा:

**संविधान पर खतरा**: "जिन लोगों ने गांधी जी की हत्या की, उनके चेले अब बाबा साहेब के संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं।"एकजुटता का संदेश: "राहुल गांधी के नेतृत्व में देश भर में संविधान बचाने का अभियान चल रहा है। हमें एकजुट होकर इस लोकतांत्रिक धरोहर की रक्षा करनी होगी।"

**प्रशासन और सामाजिक संगठनों की भागीदारी**: कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस कर्मियों ने भी बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी। शहर के विभिन्न हिस्सों से निकाली गई शोभायात्राओं ने उत्सव के माहौल को और भव्य बना दिया। इस दौरान भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने 'बाबा साहेब अमर रहें' के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान कर दिया।

## घाघरा डैम में बैसाखी पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न

नई सोच एक्सप्रेस



**केरेडारी (हजारीबाग)**।केरेडारी प्रखंड स्थित घाघरा डैम परिसर में बैसाखी पर्व पूरे उत्साह, उमंग और पारंपरिक धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आसपास के गांवों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, जिससे पूरा क्षेत्र मेले में तब्दील हो गया। पर्व के दौरान लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार "सतुआ उड़ान" कार्यक्रम का आयोजन किया और एक-दूसरे को बैसाखी की शुभकामनाएं दीं। मेले में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के लिए मनोरंजन के विभिन्न साधन उपलब्ध कराए गए थे, जिनका सभी ने भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व कृषि मंत्री द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित लोगों को बैसाखी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता, आपसी भाईचारा और सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त करने का कार्य करते हैं। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, घाघरा डैम में बैसाखी पर्व का आयोजन हर वर्ष परंपरागत तरीके से किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी होती है। इस तरह के आयोजनों से क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलता है और समाज में आपसी सौहार्द मजबूत होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाई ने कहा 'कपड़े धो दो', बहन को आया इतना गुस्सा कि खा लिया जहर

गढ़वा, एजेंसी। घर के छोटे-मोटे काम और भाई-बहन की आपसी नोकझोंक कभी-कभी कितना खतरनाक मोड़ ले सकती है, इसका उदाहरण झारखंड के गढ़वा जिला के कांडी थाना क्षेत्र के चौखड़ी गांव में देखने को मिला. यहां सिर्फ कपड़े धोने के विवाद में एक 18 वर्षीय युवती ने मौत को गले लगाने की कोशिश की. जानकारी के अनुसार, अजय साव की पुत्री काजल कुमारी (18 वर्ष) को उसके भाई ने अपने कपड़े साफ करने के लिए कहा था. काजल ने कपड़े धोने से मना कर दिया, जिसे लेकर दोनों के बीच तीखी बहस हो गई. भाई की बात काजल को इतनी बुरा लगा कि उसने गुस्से में आकर घर में रखा जहरीला कीटनाशक खा लिया. युवती की हालत बिगड़ते देख परिजनों के होश उड़ गए. जल्दबाजी में उसे पहले मझिआंव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. वहां स्थिति गंभीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया. गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती काजल का इलाज जारी है. डॉक्टरों ने बताया कि फिलहाल उसकी स्थिति स्थिर है और वह खतरे से बाहर है.

### निगम ने की गीला-सूखा कचरा अलग-अलग करने की अपील

रांची, एजेंसी। रांची नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को 'स्वच्छांदोलन रैली' निकाली गई। यह रैली कचहरी चौक से शुरू होकर अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम तक पहुंची। नेतृत्व मेयर रोशनी खलखो, डिप्टी मेयर नीरज कुमार और नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने किया। शहरवासियों से अपील की गई कि कचरे का स्रोत स्तर पर ही पृथक्करण करें और गीला व सूखा कचरा अलग-अलग रखें। इस अभियान में समाज के हर वर्ग के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की गई, जिससे सामूहिक प्रयास के माध्यम से स्वच्छ रांची के लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प मजबूत हुआ। रैली में स्वच्छ रांची के ब्रांड एंबेसडर और मिस यूनिवर्स झारखंड 2025 रिया तिर्की भी शामिल रहीं। इससे पहले मेयर ने उपस्थित सभी लोगों और कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। सामूहिक प्रयास से ही बेहतर रैंकिंग संभव : मेयर मेयर ने कहा कि जनसहभागिता और सामूहिक प्रयास से ही रांची को स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग मिलेगी। रैली में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और स्वच्छ, सुंदर व स्वस्थ रांची के संकल्प को दोहराया।

### बैक टू स्कूल दुआर अभियान 2026: अनगड़ा में 15 से 30 अप्रैल तक चलेगा व्यापक कार्यक्रम

रांची, एजेंसी। रांची जिले के प्रखंड संसाधन केंद्र अनगड़ा में सोमवार को स्कूल रूआर 2026 (बैक टू स्कूल अभियान) विषय पर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल से बाहर रह गए बच्चों को पुन: शिक्षा से जोड़ना और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है. कार्यशाला का शुभारंभ जिप सदस्य अनुराधा मुंडा और प्रमुख दीपा उरांव ने संयुक्त रूप से किया. कार्यक्रम में जिप सदस्य अनुराधा मुंडा ने कहा कि समग्र शिक्षा का मुख्य लक्ष्य 5 से 18 आयु वर्ग के सभी बच्चों को विद्यालयीय शिक्षा पूर्ण कराना है. उन्होंने बताया कि राज्य सरकार इस लक्ष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और विगत वर्षों में विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों के माध्यम से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. अधिकारियों ने बताया कि स्कूल रूआर 2026 अभियान का मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को पुन: विद्यालय में लाना है जो किसी कारणवश पढ़ाई से बाहर हो गए हैं. इसके साथ ही यह सुनिश्चित करना भी है कि जो बच्चे विद्यालय में नामांकित हैं, वे नियमित रूप से उपस्थित रहें और उनकी पढ़ाई बाधित न हो. यह अभियान 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक पूरे विद्यालय स्तर पर संचालित किया जाएगा. कार्यशाला में इस बात पर जोर दिया गया कि बच्चों को शिक्षा से जोड़ने में केवल विद्यालय ही नहीं बल्कि समाज, पंचायत प्रतिनिधि और अभिभावकों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है. जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शिक्षक, विद्यालय प्रबंधन समिति, पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी और शिक्षा विभाग के अधिकारी मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं. अभियान के तहत विशेष रूप से प्रवासी बच्चों और स्कूल से बाहर रह गए बच्चों के अभिभावकों से संपर्क किया जाएगा. उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा और बच्चों को पुन: विद्यालय में दाखिला दिलाने के लिए प्रेरित किया जाएगा. इसके लिए टीमों का गठन कर घर-घर संपर्क अभियान भी चलाया जाएगा. अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के दौरान विद्यालयों में प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी. इन गतिविधियों में शिक्षक और छात्र दोनों की सक्रिय भागीदारी होगी. इससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी और विद्यालय का माहौल अधिक आकर्षक बनेगा.स्कूल रूआर 2026 अभियान न केवल बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास है बल्कि यह राज्य की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है. इससे न केवल नामांकन दर बढ़ेगी बल्कि ड्रॉपआउट दर में भी कमी आएगी.

**सरायकेला-खरसावां में जनवरी 2025 से अब तक 85 आगजनी की घटनाएं,**

# अग्निशमन विभाग ने निभाई अहम भूमिका



**सरायकेला, एजेंसी।** सरायकेला-खरसावां जिले में जनवरी 2025 से 13 अप्रैल तक आगजनी की कुल 85 घटनाएं दर्ज की गई हैं. इन घटनाओं में जिला अग्निशमन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए समय पर मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और बड़े नुकसान को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. विभाग की सक्रियता से कई जान-माल की रक्षा संभव हो सकी.

अग्निशमन विभाग की ओर से 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाएगा. इस दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. अग्निशमन पदाधिकारी ऋषि तिवारी ने बताया कि यह सप्ताह लोगों को आग से सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और आपात स्थिति में सही कदम उठाने की जानकारी देने के लिए समर्पित है.

ऋषि तिवारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है. यह दिन 1944 में मुंबई के विक्टोरिया डॉक (फोर्ट स्टिकाइन जहाज) में हुए भीषण विस्फोट में शहीद हुए 66 अग्निशामकों की स्मृति में मनाया जाता है. यह घटना देश के अग्निशमन इतिहास में एक दुखद और प्रेरणादायक अध्याय है. सरायकेला-खरसावां जिले में कुल सात अग्निशमन वाहन तैनात हैं. इनमें सरायकेला जिला मुख्यालय में दो, आदित्यपुर में तीन और चांडिल में दो वाहन शामिल हैं. ये सभी वाहन किसी भी आगजनी या आपदा की स्थिति में तुरंत कार्रवाई के लिए तैयार रहते हैं. इन वाहनों के माध्यम से जिले में आपातकालीन सेवाएं प्रभावी ढंग से दी जा रही हैं.

अग्निशमन विभाग में उच्च स्तर के तकनीकी रूप से प्रशिक्षित कर्मी कार्यरत हैं, जो अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की जान और संपत्ति बचाते हैं. आग जैसी भयावह स्थिति में ये कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण पाने का प्रयास करते हैं. उनकी तत्परता और साहस के कारण कई बड़े हादसों को टाला जा सका है.

अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान स्कूल, कॉलेज, कंपनियों और मॉल जैसे सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. लोगों को आग से बचाव के उपाय, आपात स्थिति में क्या करना चाहिए और अग्निशमन यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी जाएगी. इससे आम नागरिकों की सुरक्षा क्षमता को मजबूत किया जाएगा.

14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस पर विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. इस दौरान मुंबई बंदरगाह पर शहीद हुए अग्निशामकों को याद किया जाएगा. यह कार्यक्रम अग्निशमन कर्मियों के बलिदान और सेवा भावना को सम्मान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा.

अग्निशमन पदाधिकारी ऋषि तिवारी ने बताया कि अधिकतर आगजनी की घटनाएं लोगों की लापरवाही के कारण होती हैं. बंद स्थानों पर आतिशबाजी, जलती बीड़ी-सिगरेट को सूखी घास या कचरे में फेंकना जैसी लापरवाहियां बड़ी घटनाओं का कारण बनती हैं. उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और आग के प्रति जागरूक रहने की अपील की है.

अग्निशमन विभाग केवल आग बुझाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके कई महत्वपूर्ण कार्य हैं. इसमें आग लगने पर त्वरित प्रतिक्रिया, बचाव कार्य, इमारत ढहने या सड़क दुर्घटनाओं में सहायता, और खतरनाक परिस्थितियों में राहत कार्य शामिल हैं. इसके अलावा विभाग जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सुरक्षित जीवन जीने की जानकारी भी देता है.अग्निशमन विभाग बहुआयामी भूमिका निभाता है.

## स्वच्छ रांची के संकल्प के साथ निकली 'स्वच्छांदोलन रैली', जनभागीदारी से गूंजा शहर

**रांची, एजेंसी।** रांची नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को भव्य स्वच्छांदोलन रैली का आयोजन किया गया. इस रैली में नगर प्रशासक सुशांत गौरव, महापौर रोशनी खलखो समेत नगर निगम के तमाम पार्षद, पदाधिकारी, सफाई कर्मी और कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए.

खास बात यह रही कि इस अभियान में आम लोगों की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली, जिससे स्वच्छता के प्रति लोगों की बढ़ती जागरूकता का संदेश स्पष्ट रूप से सामने आया. रैली में रांची नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर और मिस यूनिवर्स झारखंड 2025 रिया तिर्की की मौजूदगी ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण दिया. उनकी भागीदारी से युवाओं के बीच स्वच्छता को लेकर सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ.

रैली नगर निगम कार्यालय से शुरू होकर कचहरी चौक, अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम तक पहुंची. इस दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में स्वच्छता से जुड़े संदेश लिखे बैनर और तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया.

रैली के दौरान पूरे मार्ग में 'स्वच्छ रांची, सुंदर रांची' और 'मेरा शहर, मेरी जिम्मेदारी' जैसे नारों से माहौल गूंजता रहा. राहगीरों और स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और कई जगहों पर लोग रैली में शामिल होते नजर आए. इससे यह साफ हुआ कि स्वच्छता अब केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि जन आंदोलन का रूप ले रही है.

रैली से पहले महापौर रोशनी खलखो द्वारा उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई. उन्होंने कहा कि शहर को साफ-सुथरा बनाए रखना केवल निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है. यदि सभी लोग मिलकर प्रयास करें, तो रांची को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने का सपना जल्द ही साकार हो सकता है.

## पलामू में मच्छर अगरबत्ती से मकान जला, सगाई के सामान सहित 8 लाख का नुकसान



**पलामू, एजेंसी।** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के पनेरीबांध गांव में सोमवार रात मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती से लगी आग में एक खपरैल मकान पूरी तरह जल गया। इस घटना में करीब आठ लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है, जिसमें 50 हजार रुपए नगद भी शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, यह घटना रात करीब 10:30 बजे दिलीप पाठक के घर में हुई। घर के भीतर जलाई गई मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती से आग लगी, जो तेजी से कंडी-बांस के कच्चे मकान में फैल गई। घटना के समय परिवार के सदस्य सो रहे थे, जिससे उन्हें आग लगने की जानकारी देर से मिली। हालांकि, सभी सदस्यों ने भागकर अपनी जान बचा ली।आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मोटर पंप की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद देर रात 2 बजे आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। दिलीप पाठक ने बताया कि इस आगजनी में उनकी नतिनी की सगाई के लिए खरीदे गए सामान, सोने-चांदी के जेवरात, 50 हजार रुपए नगद, खाद्य सामग्री, कपड़े और फर्नीचर सहित अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गए हैं। घटना के समय दिलीप पाठक और उनकी पत्नी घर पर मौजूद नहीं थे, वे मंगलवार सुबह घर पहुंचे।

# रांची विश्वविद्यालय में 21 शिक्षकों की विदाई तय ! कई विभागों पर मंडराएगा अकादमिक संकट




**रांची, एजेंसी।** रांची विश्वविद्यालय प्रशासन ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सेवानिवृत्ति कैलेंडर जारी कर दिया है. कैलेंडर के अनुसार आगामी एक वर्ष के भीतर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों और विभिन्न एफिलेटेड कॉलेजों से कुल 21 शिक्षक सेवानिवृत्त होंगे. इससे कई महत्वपूर्ण विभागों में अनुभवी शिक्षकों की कमी महसूस की जा सकती है. कई पद खाली होने की संभावना है.

जारी सूची के मुताबिक, सेवानिवृत्ति का सिलसिला मई 2026 से शुरू होगा. मई माह में मांडर कॉलेज के वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक केशवरी प्रसाद शाही अपने कार्यकाल का समापन करेंगे. इसके बाद जून में विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर जूलॉजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ नयनी सक्सेना सेवानिवृत्त होंगी.

जुलाई 2026 में तीन शिक्षकों की विदाई तय है. इनमें विश्वविद्यालय वाणिज्य विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अमर कुमार चौधरी, गृह विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ मंजु कुमारी और मारवाड़ी कॉलेज के संस्कृत विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ रंजु लाल शामिल हैं.

जूलॉजी, कॉमर्स, हिंदी, इतिहास और गृह विज्ञान जैसे प्रमुख विषयों से वरिष्ठ शिक्षकों का एक साथ रिटायर होना विश्वविद्यालय के लिए चुनौती बन सकता है. अगस्त 2026 में विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ प्रकाश कुमार झा और भूविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ सीपी महतो सेवानिवृत्त होंगे. वहीं, अक्टूबर में वाणिज्य विभाग के विश्वविद्यालय प्रोफेसर डॉ सुदेश कुमार साहू भी अपने पद से विदा लेंगे.

दिसंबर 2026 में सबसे अधिक शिक्षकों की सेवानिवृत्ति निर्धारित है. इस सूची में दर्शनशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अजय कुमार सिंह, पीपीके कॉलेज बुंडू के मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक सुबोध चंद्र शुक्ला, गृह विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ आशा कुमारी, कॉमर्स विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ रविकांत मेहता और जूलॉजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ वंदना कुमारी शामिल हैं. इसके अलावा गृह विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ प्रभा नाग भी इसी दौरान सेवा से मुक्त होंगी.

जनवरी 2027 में विश्वविद्यालय के कई प्रमुख विभागों से शिक्षक रिटायर होंगे. इनमें हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ एचएन प्रसाद, भूगोल विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ जीतेंद्र शुक्ला, सहायक प्राध्यापक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, मारवाड़ी कॉलेज की डॉ आशा ईएम टोप्पो, वाणिज्य विभाग के डॉ एमडी निजामुद्दीन जुबेरी और इतिहास विभाग की डॉ सुजाता सिंह शामिल हैं. फरवरी 2027 में केसीबी कॉलेज, बेड़ो के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक मोहम्मद अब्दुल अयूब भी सेवानिवृत्त होंगे.

मारवाड़ी कॉलेज, पीपीके कॉलेज बुंडू और केसीबी कॉलेज बेड़ो जैसे एफिलेटेड कॉलेजों से भी वरिष्ठ शिक्षकों की विदाई तय है, जिससे शैक्षणिक गतिविधियों और प्रशासनिक व्यवस्था पर असर पड़ सकता है. विश्वविद्यालय प्रशासन के इस कैलेंडर से साफ है कि आने वाले समय में शिक्षकों की नियुक्ति और विभागों के पुनर्गठन की आवश्यकता और अधिक बढ़ेगी.

## धनबाद श्मशान घाट विवाद: प्रशासन ने लगाया सरकारी बोर्ड, भू-माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी




**धनबाद, एजेंसी।** जिले के पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत खेशमी में लंबे समय से चल रहा श्मशान घाट भूमि विवाद आखिरकार प्रशासनिक हस्तक्षेप से सुलझ गया है. सोमवार को प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए विवादित जमीन की मापी कराई और वहां सरकारी बोर्ड स्थापित कर दिया. इस कार्रवाई का नेतृत्व पूर्वी टुंडी के अंचल अधिकारी सुरेश प्रसाद वर्णवाल ने किया.

रामपुर पंचायत के खेशमी जोड़िया स्थित यह जमीन काफी समय से विवाद का कारण बनी हुई थी. ग्रामीणों का आरोप था कि इस भूमि पर अवैध कब्जे की कोशिशें लगातार हो रही थी. मामले को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा था, जिसके बाद उन्होंने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की थी.

ग्रामीणों के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर खाता संख्या 101, प्लॉट संख्या 554, कुल 11 डिसमिल भूमि की विधिवत मापी कराई. इस दौरान अंचल अधिकारी के साथ अमीन, राजस्व कर्मचारी और पुलिस बल भी मौजूद रहे, ताकि किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो.

मापी के बाद प्रशासन ने जमीन पर स्पष्ट रूप से सरकारी बोर्ड लगा दिया और यह घोषित किया कि यह गैर-आबाद सरकारी भूमि है. साथ ही चेतावनी दी गई कि इस जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण, कब्जा या खरीद-बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जेल भेजने तक की कार्रवाई शामिल है. प्रशासन की इस तेज और सख्त कार्रवाई से स्थानीय गांववालों को राहत मिली है. उन्हें उम्मीद है कि अब इस जमीन पर गैर-कानूनी काम पूरी तरह से बंद हो जाएंगे.

## चारा घोटाला से भी बड़ा हो सकता है ट्रेजरी घोटाला, सांसद बोले- पूरे राज्य के ट्रेजरी की जांच की जरूरत



**हजारीबाग, एजेंसी।** जिले में ट्रेजरी घोटाला उजागर हो चुका है. 8 वर्षों में 15 करोड़ रुपए से अधिक अवैध निकास की पुष्टि हजारीबाग जिला प्रशासन ने कर दी है. यह आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है. इसी बीच हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि देश का सबसे बड़ा और बहुचर्चित चारा घोटाला से भी बड़ा घोटाला साबित हो सकता है. जरूरत है सरकार को ट्रेजरी का जांच करने की.

हजारीबाग सांसद ने कहा कि यह चारा घोटाला से भी बड़ा घोटाला साबित हो सकता है. ट्रेजरी किसी भी राज्य और जिला का सबसे महत्वपूर्ण अंग होता है. जब ट्रेजरी से ही घोटाला हो जाए तो यह समझा जा सकता है कि कितना बड़ा लूप फॉल है. उन्होंने कहा कि पूरे राज्य के ट्रेजरी की जांच होनी चाहिए और जो भी व्यक्ति इसमें संलिप्त है उसे कड़ी से कड़ी सजा होनी चाहिए.

उन्होंने यह भी कहा कि यह विषय राजनीति की नहीं है बल्कि राज्य की वित्तीय सुरक्षा की बात है. पिछले 6-7 साल से झारखंड मुक्ति मोर्चा और गठबंधन की सरकार है और इसके पहले भाजपा की सरकार थी. यह घोटाला वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान खुलासा हुआ है. ऐसे में वर्तमान सरकार को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए.

हजारीबाग ट्रेजरी से 8 वर्षों में 15 करोड़ से अधिक रुपए का अवैध ट्रांजैक्शन हुआ है. बोकारो के बाद अब हजारीबाग में भी बड़ा स्कैम का खुलासा हुआ है. उसकी पुष्टि हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने की थी. अवैध निकासी की प्राप्त सूचना पर जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए अपर समाहर्ता, हजारीबाग की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच दल का गठन किया था.

जांच के दौरान यह पाया गया कि अवैध रूप से सरकारी राशि की निकासी की गई और इस राशि को विभिन्न संदिग्ध बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया. कुल 21 संदिग्ध बैंक खातों को फ्रीज करने का निर्देश संबंधित बैंकों को दिया गया है.

## झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर गढ़वा के बूढ़ा पहाड़ के गांवों में विकास की रफ्तार परखेंगे



**गढ़वा, एजेंसी।** झारखंड के वित्तमंत्री राधा कृष्ण किशोर आज 13 अप्रैल को गढ़वा जिले के दौरे पर रहेंगे. इस दौरान वे बूढ़ा पहाड़ और टेहरी पंचायत के गांवों में चल रही विकास योजनाओं की जमीनी स्थिति की समीक्षा करेंगे.

झारखंड के वित्त, वाणिज्य-कर, योजना विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर आज गढ़वा जिले के सुदूरवर्ती और कभी नक्सलियों का गढ़ रहे बूढ़ा पहाड़ और टेहरी पंचायत के गांवों में चल रही विकास योजनाओं की हकीकत जानेंगे. जिला प्रशासन द्वारा जारी सूचना के मुताबिक मंत्री क्षेत्र में संचालित योजनाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लेंगे.

मंत्री श्री किशोर पूर्वाह्न 11:30 बजे समाहरणालय (कलेक्ट्रेट) स्थित सभागार में एक समीक्षा बैठक करेंगे. इस बैठक में बूढ़ा पहाड़ और टेहरी पंचायत के सभी गांवों में बुनियादी सुविधाओं जैसे- बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य की उपलब्धता की बिंदुवार समीक्षा की जाएगी. बैठक में जिले के आला अधिकारियों के शामिल होने की उम्मीद है.

तय कार्यक्रम के मुताबिक विकास कार्यों की समीक्षा के पश्चात अपराह्न 1:00 बजे मंत्री राधाकृष्ण किशोर स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता करेंगे. इस दौरान वे क्षेत्र के विकास को लेकर सरकार की भावी योजनाओं और समीक्षा बैठक के निष्कर्षों पर जानकारी साझा करेंगे.

**दुमका में ग्रामीणों ने तीन कर्मियों को बनाया बंधक,**

# कोल ब्लॉक के भूमि सर्वेक्षण के लिए पहुंचे थे सभी




**दुमका, एजेंसी।** जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड में आवंटित कोल ब्लॉक का ग्रामीणों द्वारा विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है. सोमवार शाम भूमि सर्वेक्षण के लिए पहुंचे हरियाणा पावर कंपनी के तीन कर्मियों को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया. जिसे प्रशासन ने लगभग एक बजे रात में काफी मशक्कत के बाद छुड़ाया.

दरअसल, दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र के बादलपाड़ा इलाके में हरियाणा पावर को कोल ब्लॉक आवंटित हुआ है. कल सोमवार शाम कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी ड्रिलिंग के लिए मौके पर पहुंचे. जैसे ही उन्होंने ड्रिल मशीन चालू किया, काफी संख्या में ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया.

ग्रामीणों का कहना था कि बिना ग्राम सभा कराए कैसे काम शुरू किया जा रहा है. देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और उन्होंने तीनों कर्मियों को बंधक बना लिया. जब यह सूचना शिकारीपाड़ा के अंचलाधिकारी कपिल देव ठाकुर और थाना प्रभारी अमित लकड़ा को हुई तो वे मौके पर पहुंचे.

पूरी जानकारी जब जिला मुख्यालय को हुई तब दुमका एसडीएम कौशल कुमार और एसडीपीओ विजय कुमार महतो शिकारीपाड़ा थाना पहुंचे. उनके निर्देश पर वहां से अतिरिक्त पुलिस बल को बादलपाड़ा भेजा गया. रात लगभग एक बजे काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने कोल कंपनी के कर्मियों को इस शर्त पर छोड़ा कि भविष्य में वे कभी भी बिना ग्राम सभा की अनुमति के नहीं आएंगे.

इस पूरे मामले में दुमका एसडीएम कौशल कुमार ने फोन पर बताया कि कोल कंपनी के कर्मी भूमि सर्वेक्षण के लिए पहुंचे थे. लेकिन ग्रामीणों ने उनका विरोध करना शुरू कर दिया और बंधक बना लिया. लोगों का कहना था कि बिना ग्राम सभा और उनकी बिना सहमति के काम क्यों शुरू किया. एसडीएम ने बताया कि देर रात उन लोगों को छुड़ा लिया गया है.

बता दें कि यह पहली घटना नहीं है, जब कोल ब्लॉक इलाके में ग्रामीणों ने लोगों को बंधक बनाया है. 20 फरवरी 2024 को महिला प्रशिक्षु प्रांजल ढांढा और अन्य सरकारी कर्मियों को भी शिकारीपाड़ा के लताकांदर के कोल ब्लॉक एरिया में बंधक बनाया गया था.

## संक्षिप्त समाचार

### बाबा साहेब का संविधान ही देश की असली ताकत, इसे कमजोर करने की साजिश नहीं चलेगी : राजेश राम

**पटना।** संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर की 136 वीं जयंती के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में भीम संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को शाल देकर सम्मानित किया गया।सदाकत आश्रम में आयोजित भीम संवाद की अध्यक्षता करते हुए बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि संविधान ने सबको बराबर का अधिकार दिया हैं। बाबा साहेब सबके हैं । उन्होंने आगे कहा कि संविधान में आरक्षण सभी वर्गों को दिया गया हैं उनकी ही परिकल्पना पे आधारित ओबीसी आरक्षण हो या ईडब्ल्यूएस आरक्षण हो या एससी/एसटी का आरक्षण हो, यह सभी आरक्षण संविधान के अनुरूप ही दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा बाबा साहेब के संविधान और सामाजिक न्याय की भावना की रक्षा के लिए लड़ती रही है और आगे भी पूरी मजबूती के साथ लड़ाई लड़ती रहेगी। राजेश राम ने कहा कि बाबा साहेब का सपना एक ऐसे भारत का था जहां हर व्यक्ति को समान अवसर मिले और समाज में किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो।उन्होंने कहा कि भीम संवाद का उद्देश्य बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और दलित, पिछड़े, आदिवासी तथा कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए समाज को जागरूक करना है।इस अवसर पर बिहार के सह प्रभारी शाहनवाज आलम ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने देश को ऐसा संविधान दिया, जिसने करोड़ों दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और वंचितों को सम्मान और अधिकार दिलाया। लेकिन आज देश में कुछ ताकतें संविधान की मूल भावना को कमजोर करने और सामाजिक न्याय की व्यवस्था को खत्म करने की साजिश कर रही हैं।

## सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट के लिए आवेदन आज तक

**पटना।** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल डीम्ड युनिवर्सिटी अपने फुल-टाईम अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों में प्रवेश के लिए सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट 2026 और सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रैंस एक्जाम 2026 के रजिस्ट्रेशन जल्द बंद करने जा रही है। इच्छुक छात्र 15 अप्रैल 2026 तक इन परीक्षाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने वाले छात्र ध्यान दें कि इस अंतिम दिनांक को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट और सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रैंस एक्जाम दोनों कम्प्यूटर-बेस्ड टेस्ट हैं, जिनका संचालन सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) द्वारा कई अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए किया जाता है। इनके जरिए छात्र सिम्बायोसिस संस्थानों में बीबीए, बीसीए, बीए, बीएससी और बीटेक में प्रवेश पा सकते हैं। उम्मीदवार दो बार तक टेस्ट दे सकते हैं, जिसमें से ज्यादा स्कोर के आधार पर परसेंटाइल की गणना की जाती है। सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट 2026 के माध्यम से छात्र सिम्बायोसिस के 10 से अधिक प्रतिष्ठित अंडरग्रेजुएट संस्थानों में विभिन्न विषयों जैसे मैनेजमेन्ट, मास कम्युनिकेशन, आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स, इकोनोमिक्स, अप्लाईड स्टेटिसटिक्स एवं डेटा साइंस, इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी, स्पोर्ट एण्ड एक्सरसाइज साइंस, कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन्स और लिबरल आर्ट्स आदि में प्रवेश पा सकते हैं। ये प्रोग्राम पुणे, नोएडा, नागपुर, बैंगलुरू और हैदराबाद कैंपस में उपलब्ध कराए जाते हैं। वहीं सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रैंस एक्जाम 2026 को इंजीनयरिंग के उन महत्वाकांक्षी छात्रों के लिए डिजाइन किया गया है जो पुणे, नागपुर और हैदराबाद के सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कैंपस में विशेष बी.टेक प्रोग्रामों में प्रवेश पाना चाहते हैं। इन प्रोग्रामों में उन्हें कई भविष्य-केंद्रित विषयों जैसे आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स एण्ड मशीन लर्निंग, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, रोबोटिक्स एण्ड ऑटोमेशन, और रोबोटिक्स एंड आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स में पढ़ाई करने का मौका मिलता है।

## इन्फिनिक्स ने नोट 60 प्रो 5जी पेश किया



**पटना।** इन्फिनिक्स ने इन्फिनिक्स नोट 60 प्रो लॉन्च करने की घोषणा की। यह एक डिज़ाइन-आधारित स्मार्टफोन है जिसे उन यूज़र्स के लिए बनाया गया है जो बेहतरीन क्राफ्ट्समैनशिप, एक्सप्रेसिव इंटरेक्शन और निरंतर परफॉर्मेंस को महत्व देते हैं। 28,999 रुपये की शुरुआती कीमत वाला यह डिवाइस, 360 डिग्री एयरोस्पेस ग्रेड एल्युमीनियम फ्रेम डिज़ाइन के साथ अपना पहला एक्टिव मैट्रिक्स डिस्प्ले और स्नैपड्रैगन 7एस जेन 4 परफॉर्मेंस पेश करता है, जो एक ऐसा प्रीमियम अनुभव प्रदान करता है जो शानदार और शक्तिशाली दोनों है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, इन्फिनिक्स इंडिया के हेड ऑफ मार्केटिंग, मिराज गुप्ता ने कहा: "आज हम नोट सीरीज़ को कैसे बनाते हैं, इसके केंद्र में भारत है। नोट 60 प्रो के साथ, हम अपना पहला स्नैपड्रैगन-संचालित नोट पेश कर रहे हैं, जिसे 120एफपिएस तक की गेमिंग देने के लिए क्वालकॉम के साथ सह-इंजीनियर किया गया हैं।

# साहित्य सम्मेलन में युगांतर लेकर आए पं छविनाथ पांडेय

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के जीवन में एक महान युगांतर तब आया जब महान स्वतंत्रता सेनानी और हिन्दी-सेवी पं छविनाथ पाण्डेय सम्मेलन के प्रधानमंत्री के रूप में सम्मेलन से जुड़े। उन्हीं के कारण, सम्मेलन का मुख्यालय प्रदेश की राजधानी पटना में स्थापित हुआ, भूमि मिली और भवन का निर्माण हुआ और इस प्रकार सम्मेलन के जीवन में स्थायित्व की स्थापना हुई। यदि वो न होते तो देश के अन्य प्रांतीय साहित्य सम्मेलनों की भाँति बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन का अस्तित्व भी दशकों पूर्व समाप्त हो गया होता। यह बातें बुधवार को सम्मेलन सभागार में आयोजित जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि, सम्मेलन को अमर बनाने में जिन साहित्यकारों ने अपना सब कुछ न्योछावर किया, उनमें छविनाथ जी अग्रगण्य थे। वे हिन्दी और अंग्रेज़ी के महान विद्वान, पत्रकारिता के भी आदर्श और मुद्रण-कला के विशेषज्ञ थे। पांडेय जी का ऋषि-तुल्य तपस्वी-जीवन हमें सदा प्रेरणा देता है। सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, विवेक नृपेंद्रनाथ गुप्त, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, विभा रानी श्रीवास्तव, ई अशोक कुमार, ई बाँके बिहारी साव, इंदु भूषण सहाय ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए। जयंती-समारोह के पश्चात सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा की अध्यक्षता में एक भव्य और चिर-स्मरणीय कवयित्री-सम्मेलन भी आयोजित हुआ, जिसमें स्त्री-मन की अनेक गाँठें खुलती हुई दिखायी दीं। काव्य-पाठ करने वाली कवयित्रियों में डा पूनम आनन्द,डा ऋचा वर्मा, डा पुष्पा जमुआर, गार्गी राय, डा पूनम सिन्हा श्रेयसी, डा मीना कुमारी परिहार 'मान्या', डा पूनम देवा, अभिलाषा कुमारी,सागरिका राय, इंदु उपाध्याय, मधु रानी लाल, मीरा श्रीवास्तव, सीमा रानी, प्रेमलता सिंह, विनीता शर्मा, डा रेणु मिश्रा, डा प्रतिभा रानी,प्रियम्वदा मिश्र, रंजनाकुमारी 'कविता', एकता शाही, नमिता लोहानी, राजप्रिया रानी आदि सम्मिलित थीं। जयंती-समारोह का संचालन कुमार अनुपम ने तथा कवयित्री-सम्मेलन का संचालन डा शालिनी पाण्डेय ने किया।

# रंगकर्मी प्रवीण चंद्रवंशी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार आगाज



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के तत्वावधान में राजधानी पटना के कृष्णा क्रिकेट ग्राउंड पर रंगकर्मी प्रवीण चंद्रवंशी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार आगाज हुआ। पहले दिन खेले गए मैचों में दीन दयाल क्रिकेट एकेडमी और बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी ने जीत हासिल की। बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी के स्वजीत दक्षत ने 106 रन की शतकीय पारी खेली। प्रतियोगिता का उद्घाटन बिहार प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव यादव, बिहार प्लेयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी, जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ धर्मेंद्र चंद्रवंशी, वार्ड पार्षद डॉ इंद्रदीप चंद्रवंशी, सुमित एंड शर्मा स्पोर्ट्स के प्रबंध निदेशक सुमित शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। सबों का स्वागत फाउंडेशन के संस्थापक संतोष तिवारी ने बुके, शॉल और मोमेंटो समर्पित कर किया जबकि धन्यवाद व्यक्त महासचिव नवीन कुमार ने किया। कृष्णा क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में पहले मैच में बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करते हुए स्वजीत दक्षत के 106 रन की मदद से निर्धारित 21 ओवर में सात विकेट पर 231 रन बनाये। जवाब में नसीब स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम 20.2 ओवर में 82 रन पर ऑल आउट हो गई। विजेता टीम के हिमांशु कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दूसरे मैच में वाईसीसी स्पोर्ट्स एकेडमी ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए वाईसीसी स्पोर्ट्स एकेडमी ने 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 109 रन बनाये। जवाब में दीन दयाल क्रिकेट एकेडमी की टीम 14.3 ओवर में दो विकेट पर 110 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया। विजेता टीम के सत्यजीत (24 रन, 3 विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# भाजपा बंगाल के कल्चर को नहीं जानती, वहां सिर्फ भाईचारा चलेगा: स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी

नई सोच एक्सप्रेस



» बंगाल में नहीं चलेगी नफरत की राजनीति, भाईचारा ही वहां की खूबसूरती: इरफान अंसारी

**पाकुड़।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी और उसके शीर्ष नेतृत्व पर तीखा हमला बोला। पाकुड़ सर्किट हाउस में मीडिया कर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह और योगी आदित्यनाथ बंगाल में नफरत फैलाने की कोशिश न करें, क्योंकि बंगाल की जनता नफरत नहीं बल्कि भाईचारे की राजनीति को पसंद करती है। मंत्री इरफान अंसारी पाकुड़ सीमा से सटे पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चुनावी सभा में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी उनके साथ मौजूद रहे।

**बंगाल में कांग्रेस बनाम टीएमसी, भाजपा रेस से बाहर:** पश्चिम बंगाल चुनाव के समीकरणों पर चर्चा करते हुए इरफान अंसारी ने दावा किया कि बंगाल में भाजपा कहीं मुकाबले में नहीं है। उन्होंने कहा:

मुख्य मुकाबला: बंगाल में असली लड़ाई कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (TMC) के बीच है।

**बदलाव का संकेत:** राहुल गांधी के आगमन को लेकर जनता में भारी उत्साह है, जो इस बात का संकेत है कि लोग कांग्रेस के शासन को याद कर रहे हैं।

**गठबंधन की अनिवार्यता:** मंत्री ने स्पष्ट कहा कि बंगाल में कांग्रेस के बिना सरकार बनाना किसी के लिए संभव नहीं होगा। "बंगाल की खूबसूरती भाईचारे में है। यहाँ सड़क पर पूजा पंडाल बनते हैं और सड़क पर ही नमाज होती है, किसी को कोई आपत्ति नहीं होती। भाजपा यहाँ के कल्चर को नहीं जानती।" — इरफान अंसारी

**मतदाता सूची से नाम हटाए जाने पर चिंता:** मंत्री अंसारी ने एसआईआर (SIR) में बंगाल के लाखों लोगों, विशेषकर युवाओं के नाम मतदाता सूची से काटे जाने पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने इसे विकास में बाधक और लोकतंत्र के लिए चिंताजनक बताया।

**असम में भी खिलेगा 'मोहब्बत की दुकान' का फूल: राजेश ठाकुर** :इस मौके पर कांग्रेस नेता राजेश ठाकुर ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि असम में भाजपा की हार तय है, जिससे बौखलाकर वहां के मुख्यमंत्री अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं।

**असम चुनाव:** राजेश ठाकुर ने दावा किया कि असम की जनता राहुल गांधी के 'मोहब्बत की दुकान' के साथ खड़ी है।

**विस्तार:** उन्होंने विश्वास जताया कि बंगाल और असम के साथ-साथ केरल और अन्य राज्यों में भी कांग्रेस का प्रदर्शन ऐतिहासिक रहेगा।

**उपस्थिति:** इस दौरान स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता और भारी संख्या में समर्थक सर्किट हाउस में मौजूद रहे, जिन्होंने नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया।

## सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री पर की घोषणा पर पूर्व सैनिकों ने बांटी मिठाइयां



सम्राट चौधरी को सीएम पद की घोषणा करने पर पूर्व सैनिकों ने बांटी मिठाइयां

नई सोच एक्सप्रेस

**दानापुर।** बिहार में मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी का नाम आते ही सभी पूर्व सैनिकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। जैसे ही बिहार के मुख्यमंत्री की घोषणा हुई वैसे ही पूर्व सैनिकों में जश्न का माहौल हो गया। इसी क्रम में दानापुर छावनी में पूर्व सैनिकों ने एकजुट होकर आपस में मिठाइयां बांटी। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश सरकार समिति सदस्य बिहार अरुण फौजी ने कहा कि आज पूर्व सैनिकों के लिए बहुत बड़ी खुशी की बात है। एक पूर्व सैनिक का बेटा बिहार का मुख्यमंत्री बना है, जो अपने आप में बिहार के इतिहास है। इस अवसर पर पूर्व सैनिक जनार्दन सिंह, ललन सिंह, ओम प्रकाश सिंह, के एवं शर्मा, मीडिया प्रभारी सैनिक प्रकोष्ठ भाजपा बिहार मनोज सिंह, आर. प्रसाद, संतोष कुमार उपस्थित थे।

# बृजनंदन शरण स्मृति करुणा टी 20 लीग में लायंस और टाइगर ने दर्ज की जीत

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** स्व. बृजनंदन शरण स्मृति करुणा टी20 लीग 2026 के दूसरे दिन करुणा लायंस ने 7 विकेट से जीत दर्ज की। वहीं दूसरे मैच में करुणा टाइगर ने संघर्षरत मुकाबले में वारियर्स पर चार रन से जीत दर्ज की। पहला मैच में पटना के 22 यार्ड क्रिकेट एकेडमी एंड फिजिकल एकेडमी मैदान पर मंगलवार को पहला मैच करुणा होरोज बनाम करुणा लायंस के बीच खेला गया। करुणा क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित इस टी20 लीग में हीरोज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 125 रन बनाए. जवाब में लायंस ने कप्तान सचिन के अर्धशतक की मदद से लक्ष्य को 19.2 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। सचिन ने 54 रन तो यशस्वी ने नाबाद 27 रन का योगदान दिया। विजेता टीम के सचिन को एकेडमी के डायरेक्टर अनिमेष शरण ने मैन आफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। दिन का दूसरा मैच करुणा टाइगर बनाम करुणा वारियर्स के बीच खेला गया. टॉस जीतकर टाइगर बल्लेबाजी को उतरी। कप्तान रौनिक के 34, ओपनर बल्लेबाज प्रिंस के 28 और आयुष के 19 रन की बदौलत 19.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 137 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी वारियर्स की टीम निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 133 रन पर ही ढेर हो गई। इस तरह टाइगर ने मैच को चार रन से अपने नाम कर लिया। वारियर्स के लिए कप्तान आदित्य प्रकाश ने शानदार पारी खेलते हुए नाबाद 56 रन बनाए. विजेता टीम के रौनिक प्लेयर आफ द मैच रहे।

# दुलारपुर में गौतम बुद्ध व बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा का भव्य अनावरण, गिरिजा धारी पासवान हुए सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस




**डेहरी ओन सोन रोहतास।** आरा के गड़हनी ग्राम दुलारपुर में बोधिसत्व तथागत गौतम बुद्ध एवं भारत के संविधान के शिल्पकार भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ ए. के. अंबेडकर (पूर्व पुलिस महानिदेशक, बिहार) एवं आरा के सांसद सुदामा प्रसाद के संयुक्त कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों एवं गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया और महान विभूतियों को श्रद्धा अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान सम सोसायटी ऑफ इंडिया के संस्थापक गिरिजा धारी पासवान को गौतम बुद्ध के मोमेंटम, पंचशील एवं नीले अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान ही देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है।

**गिरिजा धारी पासवान ने कहा,**:"बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के लिखे संविधान से ही देश और सरकार चलती है। उनके विचार आज भी समाज को समानता, न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक करते हैं। हमें उनके आदर्शों पर चलकर समाज को आगे बढ़ाना चाहिए।" कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने गौतम बुद्ध और बाबा साहेब अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

!!डॉ- बाबासाहेब आंबेडकर जयंती!!

1 नीतीश कुमार ने बिहार CM पद से दिया इस्तीफा;BJP दफ्तर में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में विधानमंडल में बीजेपी विधायक दल के नेता चुने गए सम्राट चौधरी;होर्मुज पर बढ़ी तनातनी,नाकाबंदी के पास भी आए तो ईरानी जहाजों को कर देंगे तबाह,ईरान को ट्रंप की खुली धमकी

2 मिडिल ईस्ट तनाव के बीच ऑपरेशन वापसी,जल्द लौटेंगे होर्मुज स्ट्रेट में फंसे 15 भारतीय जहाज

3 भारतीय जहाज आराम से गुजरें...होर्मुज संकट के बीच ईरान ने दिल्ली को दिया भरोसा

4 आज शाम 4 बजे बिहार के नए CM का ऐलान,NDA की बैठक में फाइनल होगा नाम,15 अप्रैल को शपथ समारोह,PM होंगे शामिल

5 PMO से लेकर अलग-अलग मंत्रालयों तक,केंद्र ने किया बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 48 अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

6 पीएम मोदी आज देहरादून के दौरे पर, इस दौरान वह देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण किए, 213 किमी लंबे दून-दिल्ली ऐलिवेटेड एक्सप्रेस-वे की कुल लागत 11,963 करोड़ है। इसके अलावा एक हजार मेगावाट क्षमता के देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी प्रधानमंत्री लोकार्पण किए।

7 राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एम्स राजकोट में नए डॉक्टरों को संबोधित करते हुए अहम संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एआई,रोबोटिक्स और डिजिटल हेल्थ ने चिकित्सा को बदल दिया है। उन्होंने नए डॉक्टरों से तकनीक अपनाने की अपील की,लेकिन जोर दिया कि मरीजों की देखभाल में संवेदनशीलता और मानवता की जगह कोई मशीन नहीं ले सकती।

8 राष्ट्रपति ने नए डॉक्टरों से कहा कि वे इन तकनीकों को सीखें और अपने काम में इस्तेमाल करें ताकि मरीजों का बेहतर इलाज हो सके। लेकिन उन्होंने यह भी साफ कहा कि कोई भी मशीन मरीज की भावनाओं को नहीं समझ सकती। डॉक्टर की एक मुस्कान,अच्छे शब्द और मरीज की बात सुनना कई बार दवाओं से भी ज्यादा असर करता है।

9 राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पवन खेड़ा के साथ मजबूती से खड़ी है और किसी दबाव से नहीं डरेगी। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि उठे सवालों की निष्पक्ष जांच जरूरी है और कानून सब पर समान रूप से लागू होना चाहिए।

10 अब देश में ही बनेंगे तेजस लड़ाकू विमानों के इंजन, अमेरिकी कंपनी और एचएएल के बीच करार

11 हावड़ा- कामाख्या रूट पर वंदे भारत स्लीपर बनी यात्रियों की पहली पसंद,तीन महीने में ही तोड़े रिकॉर्ड

12 विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर चल रहे विवाद के बीच सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि जिनके नाम वोटर लिस्ट से हटाने के खिलाफ अपील लंबित है,उन्हें मतदान की अनुमति नहीं मिलेगी।

13 I-PAC डायरेक्टर विनेश चंदेल गिरफ्तार, बंगाल चुनाव से 10 दिन पहले ED की कोयला घोटाले में कार्रवाई;TMC बोली:इससे डर का माहौल बनता है

14 महाराष्ट्र-ढोंगी अशोक खरात के 11 ठिकानों पर ED का छापा,52 संपत्तियां रडार पर;अश्लील वीडियो और धार्मिक सामान से करोड़ों की कमाई

15 रिटेल महंगाई मार्च में बढ़कर 3.4% हुई,खाने-पीने की चीजें महंगी होने का असर;ईरान जंग से ये और बढ़ सकती है

16 इस बार मानसून सामान्य से कम बारिश की संभावना,मौसम विभाग की नई भविष्यवाणी;किसानों की बढ़ी टेंशन

17 आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मैच खेला जाएगा। यह मैच चेन्नई में शाम के 7:30 से शुरू

18 ट्रंप की हॉर्मुज़ नाकेबंदी पर ईरान का भारत को भरोसा,आपके जहाज़ सुरक्षित निकालेंगे", मोदी सरकार और जनता का कहा धन्यवाद

19 अमेरिका की नाकेबंदी पर ईरान का गुस्सा आसमान पर, खाड़ी बंदरगाहों पर हमले की खुली धमकी दी

20 दुनिया का सबसे बड़ा रेस्क्यू आप्रेशन,भारत ने ईरान-अमेरिका जंग के बीच अपने 9 लाख नागरिक सुरक्षित निकाले

21 हमारे ब्लॉकेड के पास कोई जहाज आता है,तो उन्हें तुरंत खत्म कर दिया जाएगा:ट्रंप...

22 I-PAC डायरेक्टर विनेश चंदेल गिरफ्तार: बंगाल चुनाव से 10 दिन पहले ED की कोयला घोटाले में कार्रवाई;TMC बोली:इससे डर का माहौल बनता है

23 टाटा सन्स चेयरमैन बोले:नासिक की घटना परेशान करने वाली,सीनियर अफसर से जांच करा रहे,TCS कैंपस में यौन उत्पीड़न,जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप हैं

24 होर्मुज में US ने शुरू की जहाजों की नाकेबंदी,चीन जा रहे रूस के विदेश मंत्री, वॉर का बढ़ा खतरा

25 दून में संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार,ISI के नए माड्यूल का हिस्सा था विक्रांत,जांच में हुए कई चौंकाने वाले खुलासे

26 अलकायदा के 3 आतंकियों को उम्रकैद की सजा,15 अगस्त पर लखनऊ को दहलाने की थी साजिश

27 सम्राट चौधरी के आवास की सुरक्षा बढ़ी;बिहार में CM का ऐलान आज

28 फ्रांस-ब्रिटेन होर्मुज में सुरक्षित नौवहन सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेंगे: राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन

29 हमारी सरकार ने महिलाओं के जीवन चक्र के हर पड़ाव के लिए बनाई योजनाएं, उन्हें सफलतापूर्वक किया लागू:प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

30 गुजरात में ट्रक ने श्रद्धालुओं को कुचला,7 की मौत,राजकोट से सभी लोग पैदल बहुचराजी माता मंदिर जा रहे थे,4 घायलों की हालत गंभीर

31 बॉयफ्रेंड संग मिलकर पति को तलवार से टुकड़ों में काटा;शव को जलाया,JCB से गड्ढा खुदवाकर गाड़ा;बेटी बोली-पापा को रात में ले गए थे

32 सोनिया गांधी का दावा:महिला आरक्षण नहीं,परिसीमन असली मुद्दा;पूछा:चुनाव प्रचार के बीच विशेष सत्र की क्या जरूरत;3 पार्टियों का व्हिप जारी

33 हिमाचल में युवती का गला काटकर मर्डर, आरोपी गिरफ्तार: ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से पिटाई की,नशे में वारदात,फांसी की मांग को लेकर चक्का-जाम

34 ओडिशा में सरकारी फाइलों में 'दौड़ रही' सड़क,जमीन पर पहाड़ लांघने को मजबूर आदिवासी,करोड़ों का घोटाला उजागर

35 नोएडा में हिंसक आंदोलन के बीच यूपी सरकार का बड़ा फैसला,श्रमिकों की मजदूरी 21 प्रतिशत तक बढ़ाई

36 बंगाल में 91 लाख लोग नहीं डाल सकेंगे वोट,SIR प्रक्रिया पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

37 IPL 2026: हैदराबाद ने राजस्थान को 57 रनों से दी मात,प्रफुल हिंगे ने पहले ही ओवर में कर दिया कमाल

38 लोकसभा में 16-17 अप्रैल को महिला आरक्षण बिल पर चर्चा,पीएम मोदी भी करेंगे संबोधित

39 छत्तीसगढ़ के वेदांता पावर प्लांट में ब्लास्ट,40 मजदूर घायल

40 पटना:राज्यपाल से मिलने पहुंचे सम्राट चौधरी,सरकार बनाने का पेश करेंगे दावा

# निखिल सिद्धार्थ की फिल्म स्वयंभू का पहला गाना रा रा धीवरा की रिलीज़ डेट अनाउंस




कार्तिकेय 2 की देशव्यापी सफलता के बाद, निखिल सिद्धार्थ अपने अब तक के सबसे महत्वाकांक्षी पैन-इंडिया प्रोजेक्ट, स्वयंभू की रिलीज़ के लिए कमर कस रहे हैं। भारत कृष्णमाचारी द्वारा निर्देशित और पिक्सेल स्टूडियोज़ के भुवन और श्रीकर द्वारा निर्मित, जिसे टैगोर मधु प्रस्तुत कर रहे हैं, स्वयंभू को एक भव्य पैमाने की पीरियड एक्शन फ़िल्म के तौर पर बनाया गया है।

फ़िल्म का संगीत रवि बसरूर ने तैयार किया है, और निर्माताओं ने घोषणा की है कि इसका पहला गाना, रा रा धीवरा, 16 अप्रैल को रिलीज़ किया जाएगा। यह घोषणा एक ज़बरदस्त पोस्टर के साथ की गई, जिसमें निखिल एक भयंकर योद्धा के अवतार में नज़र आ रहे हैं; वे एक घने जंगल में खड़े हैं और पूरी एकाग्रता के साथ भाला फेंकने के लिए तैयार हैं। यह पोस्टर इस बात का संकेत देता है कि रा रा धीवरा देखने में बेहद शानदार होगा और इसे एक भव्य पैमाने पर फ़िल्माया गया है। स्वयंभू का टीज़र, जो कुछ समय पहले रिलीज़ हुआ था, उसे इसके भव्य पैमाने, शानदार विज़ुअल्स और इसकी दुनिया के बेहतरीन निर्माण के लिए ज़बरदस्त रिस्पॉन्स मिला। इस ज़बरदस्त प्रतिक्रिया ने पूरे भारत के दर्शकों के बीच इस फ़िल्म को लेकर उम्मीदें बहुत बढ़ा दी हैं। निखिल ने स्वयंभू के लिए लगभग दो साल समर्पित किए हैं, और इस किरदार को पूरी तरह से निभाने के लिए उन्होंने काफ़ी ज़्यादा शारीरिक मेहनत की है। संयुक्ता और नाभा नटेश फ़िल्म में मुख्य महिला किरदार निभा रही हैं, जिससे इस ऐतिहासिक एक्शन ड्रामा में और भी ज़्यादा स्टार पावर जुड़ गई है। स्वयंभू अपनी भव्य सोच के अनुरूप एक बेहतरीन टेक्निकल टीम को साथ लाती है। इसकी सिनेमैटोग्राफ़ी केके सेंथिल कुमार ने की है, संगीत रवि बसरूर ने दिया है, और प्रोडक्शन डिज़ाइन एम प्रभाकरन और रवींद्र ने किया है। फ़िल्म का संपादन तम्मीराजू ने किया है, इसके डायलॉग विजय कामिसेट्टी ने लिखे हैं और गीत रामजोगय्या शास्त्री ने लिखे हैं। एक्शन सीक्वेंस का कोरियोग्राफ़ी किंग सोलोमन और स्टंट सिल्वा ने की है, जो एक ज़बरदस्त ऐतिहासिक लड़ाई का वादा करते हैं।

# फिल्म मर्सी का ट्रेलर जारी

## मां को बचाने में एक बेटे की जद्दोजहत कर देगी भावुक

- आदिल हुसैन, राज वासुदेवा और निहारसिया रायजादा अभिनीत फिल्म 'मर्सी' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है।
- इस फिल्म का प्रीमियर लंदन के रिच मिक्स थिएटर में UK एशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में किया गया था।
- 24 अप्रैल को यह फिल्म भारतीय सिनेमाघरों में अपनी मार्मिक कहानी से दर्शकों का दिल पिघलाने आ रही है।
- मितुल पटेल ने 'मर्सी' के जरिए निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है।
- इसका निर्माण एवर क्लियर फिल्म्स के बैनर तले किया गया है।



आदिल हुसैन, राज वासुदेवा और निहारसिया रायजादा अभिनीत फिल्म मर्सी का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इस फिल्म का प्रीमियर लंदन के रिच मिक्स थिएटर में यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में किया गया था। 24 अप्रैल को यह फिल्म भारतीय सिनेमाघरों में अपनी मार्मिक कहानी से दर्शकों का दिल पिघलाने आ रही है। मितुल पटेल ने मर्सी के जरिए निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है। इसका निर्माण एवर क्लियर फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। मर्सी निष्क्रिय इच्छामृत्यु के संवेदनशील विषय पर आधारित फिल्म है। ट्रेलर शेखर (राज वासुदेवा) की मार्मिक कहानी बयां करता है, जो अपनी बीमार मां को बचाने के लिए हर जद्दोजहत करता है। बाद में उसे उनके दुखों को दूर करने के लिए एक दर्दनाक फैसला लेना पड़ता है। आदिल ने आध्यात्मिक सलाहकार फादर जोएल का किरदार निभाया है। कुल मिलाकर यह फिल्म एक परिवार को उसके प्रियजन से बिछड़ने के नाजुक पलों को दिखाने आ रही है।

# द वार्डरोब का दिलचस्प फर्स्ट-लुक पोस्टर जारी, रिलीज डेट 24 अप्रैल घोषित



राज गवाली प्रोडक्शन ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'द वार्डरोब का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर दिया है। सौरभ चौबे के निर्देशन में तैयार इस सुपरनैचुरल थ्रिलर-हॉरर फिल्म में दिव्या अग्रवाल और रजनीश दुग्गल मुख्य भूमिकाओं में हैं। द वॉर्डरोब के पोस्टर में डरावना और रहस्यमयी माहौल साफ झलकता है, जिसने दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। फर्स्ट लुक पोस्टर में एक पुरानी लकड़ी की अलमारी दिखाई गई है, जो आधी खुली हुई है। अलमारी पर बेलें लिपटी हुई हैं और अंदर से लाल रोशनी निकल रही है। खून से सनी सफेद पोशाक पहने एक रहस्यमयी महिला की आकृति बाहर झांकती नजर आ रही है। धुंधला और छायादार बैकग्राउंड सुपरनैचुरल टोन को और गहरा करता दिख रहा है। पोस्टर के नीचे फिल्म का टाइटल गहरे लाल रंग में लिखा है, जो हॉरर थीम को मजबूती देता है। साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट 24 अप्रैल भी घोषित कर दी है। फिल्म में दिव्या अग्रवाल रजनीश के साथ लीड रोल में हैं। वह पहले बिग बॉस ओटीटी और एमटीवी एस ऑफ स्पेस की विजेता रह चुकी हैं। दिव्या ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए एक्टर के तौर पर बहुत चुनौतीपूर्ण रही। कहानी बेहद रोमांचक और रहस्य से भरी है। मैं चाहती हूं कि दर्शक इसे थिएटर में बड़े पर्दे पर देखें और महसूस करें। अभिनेता रजनीश दुग्गल ने स्क्रिप्ट की तारीफ करते हुए कहा, जैसे ही मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी, लगा कि इसमें कुछ अलग और खास है। यह सस्पेंस, साइकोलॉजिकल एलिमेंट्स और सुपरनैचुरल का अनोखा मिश्रण है। पोस्टर सिर्फ एक झलक है, पूरी कहानी और भी दिलचस्प है। निर्माता ज्योति राज गवाली ने बताया, द वार्डरोब सिर्फ डराने वाली फिल्म नहीं है। यह उन रहस्यों की कहानी है जो इंसान की जिंदगी बदल सकते हैं। हम चाहते थे कि फर्स्ट लुक पोस्टर से ही इसकी इंटेंसिटी और रहस्य की झलक मिले। सह-निर्माता राज गवाली के साथ मिलकर उन्होंने इस प्रोजेक्ट को तैयार किया है। फिल्म की कहानी एक पुरानी अलमारी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें छिपे राज दर्शकों को सस्पेंस में रखेंगे। निर्माताओं का कहना है कि जल्द ही ट्रेलर, गाने और अन्य जानकारी साझा की जाएगी।

# मृणाल ठाकुर-अदिवी शेष की फिल्म डकैत ने दूसरे दिन किया धमाल, कर लिया इतना बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

मृणाल ठाकुर और अदिवी शेष की फिल्म डकैत 10 अप्रैल को रिलीज हुई है. फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है. आइए नजर डालते हैं फिल्म के कलेक्शन पर.

सैकनिल्क के मुताबिक फिल्म ने दूसरे दिन 7 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. फिल्म को 28.5 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली है. फिल्म 3,734 शोज पर रिलीज हुई है. फिल्म दो भाषा में रिलीज हुई है. दूसरे दिन हिंदी में फिल्म ने 1.4 करोड़ और तेलुगू में फिल्म ने 5.6 करोड़ का कलेक्शन किया है. फिल्म के दूसरे दिन के कलेक्शन के आंकड़े ऑफिशियली सामने नहीं आए हैं. पर अगर फिल्म ने दूसरे दिन 7 करोड़ की कमाई कर ली है तो फिल्म का टोटल कलेक्शन 13.55 करोड़ हो गया है. बता दें कि फिल्म ने दिन 6.55 करोड़ का कलेक्शन किया है. पहले दिन फिल्म 3800 शोज पर रिलीज हुई. फिल्म को ओवरसीज मार्केट में शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म ने ओवरसीज मार्केट में 9 करोड़ का बिजनेस कर लिया है. फिल्म का दुनियाभर में टोटल ग्रॉस 24.81 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है.

फिल्म की बात करें तो इसे शैनील देव ने डायरेक्ट किया है. फिल्म में अदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप जैसे स्टार्स लीड रोल में हैं. ये एक एक्शन-रोमांटिक ड्रामा है. फिल्म पहले 19 मार्च में रिलीज होने वाली थी. लेकिन धुरंधर 2 के चलते फिल्म को पोस्टपोन कर दिया गया था. अब 10 अप्रैल को फिल्म रिलीज हो गई है. इस फिल्म में मृणाल और अदिवी की लव स्टोरी दिखा गई. डकैत को पॉजिटिव रिव्यूज मिल रहे हैं. सुपरस्टार नानी ने भी फिल्म की तारीफ की. उन्होंने लिखा, सच ब्लॉकबस्टर. डकैत क्या फिल्म है. फिल्म के थिएट्रिकल एक्सपीरियंस को मिस मत कीजिए. अदिवी शानदार हैं और ये इनकी अबतक की बेस्ट है. सभी बहुत शनदार हैं. राइटिंग-स्क्रीनप्ले डिपार्टमेंट सब बेहतरीन. मृणाल ठाकुर आपने इस रोल को कितनी खूबसूरती से किया है. उनके रिव्यू पर अदिवी ने रिएक्ट भी किया. उन्होंने लिखा- थैंक्यू बड़े भई. डकैत टीम बहुत एक्साइटेड हैं आपके रिव्यू को पढ़कर. ये मेरे लिए एक्स्ट्रा स्पेशल है.




# 'कल्कि संभल का दूसरा पोस्टर जारी, 1978 दंगों के पीड़ित सेठ बनवारी के रूप में दिखे रजनीश दुग्गल

संभल के इतिहास से जुड़ी एक संवेदनशील घटना पर बनी फिल्म 'कल्कि संभल लगातार चर्चा में बनी हुई है। 1978 के संभल दंगों की पृष्ठभूमि पर तैयार हो रही यह फिल्म शुरुआत से ही सामाजिक, राजनीतिक और ऐतिहासिक बहस का केंद्र रही है। पहले पोस्टर के सामने आते ही जहां विवाद और चर्चाएं तेज हो गई थीं, वहीं अब मेकर्स ने दूसरा पोस्टर जारी कर दिया है, जिसके बाद बहस एक बार फिर गर्मा गई है। इस बार फिल्म निर्माताओं ने दंगों से जुड़े एक अहम और दर्दनाक किरदार को सामने रखा है, जिसने उस दौर की पीड़ा और जख्मों को फिर से याद दिला दिया है। रिलीज किए गए दूसरे पोस्टर में सेठ बनवारी लाल गोयल के किरदार से पर्दा उठाया गया है। फिल्म से जुड़े सूत्रों के अनुसार, सेठ बनवारी लाल गोयल 1978 के संभल दंगों में मारे गए प्रमुख पीड़ितों में शामिल थे। बताया जाता है कि वह उस समय 'मुरारी लाल एंड संस नाम की एक प्रतिष्ठित फर्म के मालिक थे और संभल के जाने-माने उद्योगपतियों में उनकी गिनती होती थी। दंगों के दौरान भड़की हिंसा में सेठ बनवारी लाल गोयल की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। फिल्म में इस किरदार को अभिनेता रजनीश दुग्गल निभा रहे हैं। इस भूमिका के जरिए मेकर्स उस दौर की त्रासदी और आम लोगों पर टूटे हिंसा के कहर को दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरा पोस्टर सामने आते ही सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। कुछ लोग इसे इतिहास के उस हिस्से को सामने लाने की कोशिश बता रहे हैं, जिसे वक्त के साथ भुला दिया गया। वहीं, कुछ वर्ग फिल्म की मंशा और इसके संभावित असर को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। गौरतलब है कि इससे पहले फिल्म के पहले पोस्टर को लेकर भी राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर काफी विवाद हुआ था। फिल्म के निर्माण और इसके विषय को लेकर बयानबाजी तेज हो गई थी, जो अब दूसरे पोस्टर के बाद फिर से चर्चा में आ गई है।




# धुरंधर 2 ने 24वें दिन भी उड़ा दिए गर्दे, बॉक्स ऑफिस हुई पैसों की बारिश

रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर कब्जा बनाया हुआ है. फिल्म ताबड़तोड़ कमाई कर रही है. चौथे शनिवार को भी फिल्म ने शानदार कलेक्शन किया. सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने 24वें दिन यानी चौथेन शनिवार को 13 .50 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म की कमाई में ग्रोथ देखने को मिली. शुक्रवार को जहां फिल्म ने 7 करोड़ कमाए थे अब शनिवार को फिल्म उससे डबल कमाई की है. फिल्म को 24 .3 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. बता दें कि फिल्म के 24 वें दिन के कलेक्शन के आंकड़े अभी ऑफिशियल नहीं आए हैं. पर अगर फिल्म ने शनिवार को 13 .50 करोड़ की कमाई कर ली है तो फिल्म का टोटल कलेक्शन 1068 .92 करोड़ हो गया है. बता दें कि फिल्म ने पेड प्रिव्यूज में 43 करोड़ कमाए थे. वहीं पहले दिन 102 .55 करोड़ का कलेक्शन किया था. पहले हफ्ते में फिल्म ने 674 .17 करोड़ कमाए. दूसरे हफ्ते में फिल्म ने 263 .65 करोड़ का कलेक्शन किया. तीसरे हफ्ते में फिल्म ने 110 .60 करोड़ का कलेक्शन किया. मालूम हो कि फिल्म ने दुनियाभर में 1691 .30 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. ओवरसीज मार्केट में फिल्म ने 411 .5 करोड़ कमाए. फिल्म ने 1279 .80 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया. वहीं 1068 .92 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. फिल्म की बात करें तो इसे आदित्य धर ने बनाया है. फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में हैं. फिल्म में संजय दत्त, आर माधवन, सारा अर्जुन और अर्जुन रामपाल जैसे स्टार्स अहम रोल में हैं. फिल्म में राकेश बेदी को भी खास रोल मिला है. हर तरफ फिल्म की चर्चा हो रही है. फिल्म दो पार्ट में रिलीज हुई है. पहला पार्ट दिसंबर 2025 में रिलीज हुआ था. पहले पार्ट में अक्षय खन्ना लाइमलाइट में आ गए थे.





# ईशा सिंह निभाएंगी ऑटिस्टिक लड़की की भूमिका जानिए एक्ट्रेस के अपकमिंग शो से जुड़ी पूरी डिटेल



ईशा सिंह और विजयेंद्र कुमेरिया की जोड़ी जल्द ही एक नए सीरियल में नजर आने वाली है.इनके अपकमिंग सीरियल का नाम है जूही. हालांकि, चैनल ने अभी प्रोजेक्ट को लेकर कोई भी डिटेल आउट नहीं किया है. रिपोर्ट के अनुसार इस सीरियल में एक नई और इमोशनल कहानी को दिखाई जाएगी, जिसमें ईशा सिंह और विजयेंद्र कुमेरिया अहम भूमिका में नजर आएंगे.इस शो के जरिए बॉलीवुड एक्टर संजय सूरी भी टीवी पर डेब्यू करने जा रहे हैं, इस वजह से भी ये नया सीरियल चर्चा में बना हुआ है. रिपोर्ट के अनुसार वो इस शो में जूही के पिता की भूमिका में नजर आएंगे. जो शो की कहानी में एक अलग ही ट्विस्ट लेकर आएंगे.रिपोर्ट के अनुसार इस सीरियल का प्रीमियर आईपीएल के बाद होगा.शो को लेकर अभी से ही दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट देखने को मिल रही है. रिपोर्ट के अनुसार इस शो की कहानी जूही नाम की एक ऑटिस्टिक लड़की के इर्द-गिर्द घूमेगी, जिसका कैरेक्टर ईशा सिंह प्ले करने वाली हैं.शो की कहानी जूही की जर्नी पर बेस्ड होगी, वो एक ऐसे दुनिया में खुद को संभालती हुई नजर आएगी, जो उसे समझ ही नहीं पाती है. शो में उसकी चुनौतियों और उसकी ताकत दोनों को दिखाया जाएगा.उम्मीद की जा रही है कि ईशा सिंह अपने रोल को बहुत ही सेंसेटिव तरीके से निभाएंगी.साथ ही ऑटिस्टिक लड़के के कैरेक्टर और उसकी भावनाओं को खूबसूरती के साथ स्क्रीन पर पेश करेंगी. विजयेंद्र कुमेरिया इस शो में अहम भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे, जो जूही को सपोर्ट करेंगे.उसकी पर्सनल और सोशल दोनों जर्नी में उसका खूब साथ देंगे.वहीं जूही के पिता के कैरेक्टर में संजय सूरी कहानी को इमोशनल तरीके से जोड़ेंगे. उनका कैरेक्टर एक ऐसे शख्स का होगा जिसकी बेटी ऑटिस्टिक होती है, जिसे लेकर उसे काफी चिंता होती है, लेकिन प्यार भी बहुत होता है. अपनी बेटी के लिए वो दुनिया से लड़ सकता है, जिससे ये शो और भी ज्यादा रियल और इम्पैक्टफुल लगेगा.

# आईपीएल में इस बार विकेटों के लिए तरस रहे मुम्बई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह

**एजेंसी, मुम्बई**



मुम्बई इंडियंस के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का प्रदर्शन आईपीएल के इस सत्र में अब तक अच्छा नहीं रहा है। बुमराह की गेंदों को खेलना अच्छे-अच्छे बल्लेबाजों के लिए भी कठिन रहा है पर इस सत्र में वैभव सूर्यावंशी जैसे उभरते हुए बल्लेबाज ने भी उनपर जमकर चौके छक्के लगा दिये हैं। पिछले चार मैचों मैचों से बुमराह विकेट के लिए तरस रहे हैं। ये पहली बार है जब बुमराह इतने कठिन दौर से गुजर रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ खेले मैच में भी बुमराह ने विकेट के लिए पूरा जोर लगा दिया पर असफल रहे। इस मैच में बुमराह ने चार ओवर में 35 रन दिये पर उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला। आरसीबी के खिलाफ टक्कर से पहले बुमराह को पहले तीन मैचों में भी विकेट नहीं मिला था। पहला मैच मैच कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ हुआ था जिसमें बुमराह ने चार ओवर में 35 रन दिये पर विकेट नहीं ले पाये। वहीं दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 4 ओवर में 21 दिये और वह इस मैच में भी विकेट नहीं निकाल पाये।

तीसरे मैच में बुमराह ने राजस्थान के खिलाफ तीन ओवर की गेंदबाजी की और 32 रन दिए पर इस बार भी उन्हें विकेट नहीं मिला। ऐसे में कहा जा रहा है कि आईपीएल में लगता है बुमराह का जादू समाप्त हो गया है। उनके असफल होने से मुम्बई भी लगातार तीन मैचों से हार रही है। आईपीएल में इससे पहले के सत्रां की बात करें तो बुमराह का प्रदर्शन बेहद अच्छा रहा है। साल 2013 में डेब्यू के बाद से ही उन्होंने अब तक 149 मैचों में 183 विकेट लिए हैं। आईपीएल में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 10 रन देकर 5 विकेट लेने का रहा है।

ये भी कहा जा रहा है कहीं वह अपनी फिटनेस से समझौता तो नहीं कर रहे। कोलकाता नाइट राइडर्स, दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उनके गेंद की रफ्तार थोड़ी कम दिखी। जिसे लग रहा है कि वह अपनी पूरी ताकत से गेंदबाज़ी नहीं कर रहे थे। ऐसे में सवाल बड़ा ये है कि क्या बुमराह चोट छिपाकर खेल रहे है या फ्रेंचाइजी के दबाव में फिट ना होने के बावजूद मैदान पर उतर रहे हैं1 धीमी रफ्तार से गेंदबाज़ी। बुमराह ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ज्यादा समय बिताया था। वह मुंबई इंडियंस के साथ उनके पहले मैच से ठीक पहले ही जुड़े थे। ऐसे में वह अपने को थोड़ा बचाकर गेंदबाज़ी कर रहे थे जिससे भी कई सवाल उठ रहे हैं।

## आयरलैंड के खिलाफ टी20 में मिल सकती है वैभव सूर्यवंशी को जगह

### सबसे कम उम्र में डेब्यू का सचिन का रिकार्ड टूटेगा

**एजेंसी, मुम्बई**

वैभव सूर्यवंशी को शीघ्र ही भारतीय क्रिकेट टीम में जगह मिल सकती है। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन कर रहे वैभव को जून में आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया जा सकता है। वैभव इसी के साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाल सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन जाएंगे। अभी वैभव की उम्र केवल 15 साल है। अगर उन्हें टीम में जब मिलती है तो वह महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को भी



पीछे छोड़ देंगे। सचिन ने साल 1989 में 16 साल और 205 दिन की उम्र में पाकिस्तान के खिलाफ कराची में अपना टेस्ट डेब्यू में किया था। वहीं कुल मिलाकर देखें तो शेफाली वर्मा भारत के लिए खेलने वाली सबसे युवा क्रिकेटर हैं, जिन्होंने 15 साल, 7 महीने और 27 दिन की उम्र में ये उपलब्धि हासिल की थी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी के अनुसार वैभव आयरलैंड दौरे के लिए दावेदारों में शामिल हैं, और चयनकर्ताओं ने उनके नाम पर भी विचार किया है। आयरलैंड के खिलाफ भारतीय टीम को दो मैचों की टी20आई सीरीज खेलनी है।

इस सीरीज का पहला 26 जून को बेलफास्ट में खेला जाएगा जबकि दूसरा मैच 28 जून को खेला जाएगा। अगर वैभव इस दौरे में सफल रहते हैं तो उन्हें आगामी आयरलैंड सीरीज के साथ-साथ इस साल के अंत में होने वाले ज़िम्बाब्वे दौरे के लिए शामिल किया जा सकता है।

## पोलार्ड को डगआउट से चिल्लाते देख प्रशसंकों को याद आया टेप वाला मैच

**एजेंसी, मुम्बई**



मुम्बई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसबी) के बीच में मुंबई के डगआउट में बैठे बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड को देखकर प्रशंसकों को एक दशक पहले का वो रोमांचक मुकाबला याद आ गया, जब पोलार्ड मुंह पर टेप लगाकर मैदान पर उतरे थे। पोलार्ड ने तब अपने मुंह पर टेप अंपायर के टोकने पर विरोध जताते हुए लगा दिया था। साल 2015 में हुए इस मुकाबले में पोलार्ड की हरकतों से आरसीब के हाथ आई जीत फिसल गयी थी। तक बैंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 210 रन बनाये थे। ऐसे में आरसीबी को जीत के लिए 211 रनों का लक्ष्य मिला था। मुम्बई जानती थी कि क्रिस गेल के रहते ये लक्ष्य बचाना संभव नहीं है। ऐसे में मुंबई को पता था कि गेल को रोकना है तो उनकी एकाग्रता तोड़नी होगी। ऐसे में मिड-ऑन पर फील्डिंग कर रहे पोलार्ड लगातार कुछ न कुछ बोलते रहे। यहां तक कि बहस होने पर पोलार्ड ने गेल का हेलमेट ही पकड़ लिया। तभी ऐसे में अंपायरों ने हस्तक्षेप कर पोलार्ड को कड़ी चेतावनी दी गई।इससे नाराज पोलार्ड ने एक भूरा टेप अपने मुंह पर लगा लिया। साथी खिलाड़ी से बात करते समय वह टेप हटाते थे और फिर वो दोबारा लगा लेते थे। पोलार्ड की इस अजीब हरकत से सभी हंसने लगे पर इस सबसे से गेल की एकाग्रता टूट गयी।

## भारतीय क्रिकेट में कोच कर्स्टन का काफी प्रभाव पड़ा : युवराज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट पर पूर्व कोच गैरी कर्स्टन का काफी प्रभाव रहा है। युवराज के अनुसार उनके कोच रहते हुए टीम को काफी सफलताएं मिलीं। साथ ही कहा कि जिस प्रकार से कर्स्टन खिलाड़ियों को एक इकाई के तौर पर जोड़ते और उनपर भरोस दिखाते थे वह भी एक बड़ी बात थी। इसी कारण साल 2008 से 2011 के बीच टीम में काफी बदलाव आये। युवराज ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन से बातचीत के दौरान कर्स्टन के कार्यकाल के दौरान सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारतीय टीम की प्रगति को बताया है। तब भारतीय टीम सभी प्रारुपों में तेजी से आगे बढ़ रही थी।

युवराज ने एक एक वीडियो में कहा, मुझे लगता है कि उस समय कर्स्टन का बहुत बड़ा असर था। वह एक अच्छे इंसान थे। हमें एक अच्छे इंसान की कोच के तौर पर जरूरत थी। बस हमें यही चाहिए था। इसके अलावा वह बहुत मेहनती थे। जिस दिन वह आए, उन्होंने कहा था कि अगले चार सालों में हम सभी प्रारुपों में नंबर एक पर होंगे। तब सभी हैरान थे पर अगले चार सालों में हमने ठीक वैसा ही किया। जबकि ऑस्ट्रेलिया भी उस समय अपना प्रभाव बनाए हुए थी।

## मुंबई इंडियंस के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद अभी भी बरकरार

**एजेंसी, मुम्बई**



मुंबई इंडियंस की टीम का प्रदर्शन इस बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अच्छा नहीं रहा है और वह अब तक चार में से एक ही मैच जीती है। उससे लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में प्रशंसक आशंकित हैं कि पांच बार की विजेता इस बार प्लेऑफ में पहुंच पायेगी या नहीं। टीम 4 मैच में तीन हार के बाद अब अंक तालिका में 8वें नंबर नजर आ रही है हालांकि उसके प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें अभी भी बरकरार है। उसे पहले ही मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत की थी पर इसके बाद से ही वह लगातार हार रही है। टूर्नामेंट में सभी टीमों को 14-14 मैच खेलने हैं। ऐसे में मुंबई इंडियंस के पास प्लेऑफ में क्वालीफाई करने का अब भी अवसर है। उसे अभी दस मैच खेलने हैं। प्लेऑफ में प्लेऑफ में क्वालीफाई करने के लिए मुंबई इंडियंस को अंक तालिका में शीर्ष चार में जगह बनानी होगी। अंतिम चार में पहुंचने के लिए उसे कुल 16 अंक चाहिये। वहीं अभी उसके 2 अंक ही हैं। ऐसे में टीम को बचे हुए 10 में से सात मैच जीतने होंगे। तभी वह शीर्ष चार में पहुंच सकती है। पहले सत्र में भी मुंबई इंडियंस ने शुरुआती झटकों के बाद वापसी करते हुए प्लेऑफ में जगह बनायी थी।

# बिजनेस

## एयर इंडिया एयरलाइन का पहला नवीनीकृत बोइंग 787-8 विमान पहुंचा दिल्ली एयरपोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**




टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया एयरलाइन का पहला नवीनीकृत (रिफर्बिश्ड) चौड़े आकार वाला बोइंग 787-8 विमान सोमवार देररात दिल्ली पहुंच गया। एयर इंडिया एयरलाइन ने मंगलवार को एक्स पर जारी बयान में बताया कि वीटी-एएनटी पंजीकरण वाला यह विमान अमेरिका के सैन बर्नार्डिनो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लगातार उड़ान भरते हुए रात करीब 10 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डा पहुंचा। एयरलाइन ने तीन साल पहले चौड़े आकार वाले विमानों के अपने बेड़े के व्यापक नवीनीकरण के लिए 40 करोड़ डॉलर के निवेश की घोषणा की थी। एयरलाइन ने कहा कि ये उसके 26 विमानों के नवीनीकरण कार्यक्रम के तहत पहले बोइंग 787-8 विमान का व्यापक कायाकल्प पूरा होने का संकेत है। इस विमान में आधुनिक सीटें, मनोरंजन व्यवस्था और प्रीमियम इकॉनमी केबिन जोड़े गए हैं। यह चौड़े आकार वाला बेड़ा मुख्य रूप से 787-8 और बी777 विमानों से बना है, जो यूरोप, अमेरिका और सुदूर-पूर्व के लंबी दूरी के मार्गों पर उड़ान भरते हैं। कंपनी ने दिसंबर, 2022 में 40 करोड़ डॉलर के निवेश से अपने 27 ड्रीमलाइनर और 13 बी777 विमानों के नवीनीकरण की योजना घोषित की थी। हालांकि, आपूर्ति श्रृंखला और भू-राजनीतिक कारणों से इस परियोजना में देरी हुई। एयरलाइन ने कहा कि हमारा यह पहला रेट्रोफ़िटेड बोइंग 787-8, वीटी-एंट, आ गया है। यह इस प्रोग्राम के तहत 26 विमानों में से पहले विमान के केबिन को पूरी तरह से नया बनाने का काम पूरा होने का संकेत है। एयरलाइन ने बताया कि हमारे चल रहे फ़्लीट ट्रांसफ़ॉर्मेशन में एक अहम पड़ाव है। यह हमारे मेहमानों के लिए एक बदले हुए फ़्लाइंग अनुभव की बस शुरुआत है, क्योंकि ये दो-गलियारे वाले विमान यूके, यूरोप, संयुक्त राज्य अमेरिका और सुदूर पूर्व के लंबी दूरी वाले डेस्टिनेशन तक उड़ान भरेंगे और जैसे ही ये सेवा में आने के लिए तैयार होगा, और ज्यादा जानकारी जल्द ही दी जाएगी।

## इंडिगो की चार दिन की सेल, टिकट पर 10 फीसदी तक की छूट

**एजेंसी, नई दिल्ली**




देश की प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने मंगलवार से चार दिनों की गर्मियों की छुट्टी सेल की घोषणा की है, जिसमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर टिकट बुकिंग में 10 फीसदी तक छूट दी जाएगी। इसके तहत यात्रा 01 जुलाई से नौ अक्टूबर 2026 के बीच की जा सकती है।

एयरलाइन ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इंडिगो अपनी गर्मियों की छुट्टी सेल के तहत घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 10 फीसदी तक की छूट दे रही है। कंपनी का ये ऑफ़र 14 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 के बीच की गई बुकिंग पर मान्य है, जिसके तहत यात्रा एक जुलाई से नौ अक्टूबर 2026 के बीच की जा सकती है।

यात्री इस ऑफर के तहत इंडिगो की वेबसाइट www.goindigo.in, मोबाइल एप्लिकेशन, एआई-पावर्ड असिस्टेंट 6एस्काई, इंडिगो व्हास्टएप नंबर +91 70651 45858 या चुनिंदा ट्रैवल पार्टनर वेबसाइट और ऐप्स के जरिए टिकट बुकिंग करते समय प्रोमो कोड एसयूएमआर10 का इस्तेमाल करके इस ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं।

इसके अलावा कंपनी इंडिगो यात्रा के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए चुनिंदा 6ई ऐड-ऑन पर आकर्षक डील्स दे रहा है। इस ऑफ़र की अवधि के दौरान यात्री चुनिंदा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय सेक्टर्स पर फास्ट पारवर्ड पर 70 फीसदी तक, प्री-पेड अतिरिक्त सामान पर 50 फीसदी और स्टैंडर्ड सीट चुनने पर 15 फीसदी की छूट पा सकते हैं। इसके अलावा चुनिंदा घरेलू सेक्टर्स पर इमरजेंसी एक्सएल (पैरों के लिए ज़्यादा जगह) सीटें 500 रुपये से शुरू होने वाली कीमतों पर बुक की जा सकती हैं।

एयरलाइन ने कहा कि यह ऑफर इंडिगो की सस्ती किराया, ज़्यादा लचीलापन और अपने गर्मियों की यात्रा की योजना बना रहे ग्राहकों के लिए ज़्यादा सुविधा देने की प्रतिबद्धता को मज़बूत करता है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों सेक्टर्स पर उपलब्ध छूट के साथ इस सेल का उद्देश्य इंडिगो के व्यापक नेटवर्क में ग्राहकों को ज़्यादा मूल्य और बुकिंग का एक आसान अनुभव देना है।

## ईरान-अमेरिका वार्ता आगे बढ़ने की उम्मीद के बीच कच्चे तेल का भाव 96 डॉलर प्रति बैरल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच कच्चे तेल के दाम में नरमी देखने को मिल रही है। ईरान और अमेरिका वार्ता आगे बढ़ने की उम्मीद के दौरान मंगलवार को कच्चे तेल की कीमतें एक बार फिर लगभग 96 डॉलर प्रति बैरल पर आ गईं।

अंतरराष्ट्रीय बजार में शुरुआती कारोबार में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड का भाव आज 2.29 डॉलर यानी 2.31 फीसदी की गिरावट के साथ 96.79 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं, ब्रेंट 1.47 डॅलर यानी 1.48 फीसदी टूटकर 97.483 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इससे एक दिन पहले सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर नाकाबंदी का ऐलान के बाद कच्चे तेल की कीमतों में 7 फीसदी से अधिक की तेजी देखने को मिली थी। क्रूड ऑयल का भाव 104 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया था। जानकारों का कहना है कि जब तक अमेरिका और ईरान के बीच स्थिति सामान्य नहीं हो जाती है तब तक कच्चे तेल की कीमतों में यह उतार-चढ़ाव देखने को मिलता रहेगा।

## अंबेडकर जयंती पर बंद रहे शेयर और मुद्रा बाजार, बुधवार को होगा कारोबार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती पर मंगलवार को शेयर बाजार, मुद्रा बाजार, जिंस बाजार और सर्राफा बाजार बंद रहे। हालांकि, एमसीएक्स शाम को खुलेगा, जबकि एनसीडीईएक्स बंद रहेगा। अब घरेलू शेयर बाजार सहित अन्य बाजारों में बुधवार को कारोबार होगा। शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक बीएसई और एनएसई, रुपया विनिमय और सर्राफा बाजार पूरी तरह से बंद रहे। साथ ही इक्विटी, डेरिवेटिव्स और एसएलबी सेगमेंट में कोई कारोबार नहीं हुआ। कमोडिटी बाजार एमसीएक्स में सुबह का सत्र बंद रहा, लेकिन



शाम 5 बजे से रात्रि के 11:55 बजे तक कारोबार सामान्य रूप से चालू रहेगा। शेयर बाजार अब 15 अप्रैल को सामान्य रूप से खुलेगा और कारोबार होगा। शेयर बाजार की अगली छुट्टी 1 मई को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर होगी। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सोमवार को बीएसई का सेंसेक्स और एनएसई का निफ्टी दोनों करीब 1 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ था।

## रोजगार बढ़ाने के लिए पोर्टर और गिगिन टेक्नोलॉजीज ने किया समझौता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने डिजिटल प्लेटफॉर्म आधारित रोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए प्रमुख टेक कंपनियों पोर्टर और गिगिन के साथ समझौता किया है। इस पहल का उद्देश्य रोजगार के नए अवसरों का विस्तार करना और देश के श्रमिकों को तकनीक से जोड़ना है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और मंत्रालय की सचिव सुश्री वंदना गुरनानी की उपस्थिति में पोर्टर और गिगिन टेक्नोलॉजीज के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल के माध्यम से रोजगार के अवसरों का विस्तार करना और डिजिटल नौकरी मिलान को मजबूत करना है। इस अवसर पर मांडविया ने कहा कि सरकार का लक्ष्य देश के हर श्रमिक को सुरक्षित, सम्मानजनक और स्थायी आजीविका उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यह समझौता रोजगार के बदलते स्वरूप को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिसमें डिजिटल प्लेटफॉर्म की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। मांडविया ने बताया कि पोर्टर और गिगिन के साथ यह साझेदारी भारत के रोजगार इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। इसके जरिए तकनीक आधारित रोजगार अवसरों को सरकारी पारदर्शिता और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के साथ जोड़ा जाएगा, जिससे श्रमिकों को न केवल काम मिलेगा बल्कि उन्हें सामाजिक सुरक्षा का लाभ भी मिल सकेगा। पोर्टर एक प्रमुख टेक-ड्रिवन लॉजिस्टिक्स प्लेटफॉर्म है, जो वर्तमान में देश के 22 शहरों में अपनी सेवाएं दे रहा है।


स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।